CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 29 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 63 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 6 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में 46 आईएएस अफसरों के तबादले, डा. रुपेश कुमार मंडल आयुक्त सहारनपुर बने पेज 2



सुजीत बने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियन खेल टाइम्स



जामिया मिल्लिया: विचार की चिंगारी से प्रगति की लो तक सम्पादकीय



पाकिस्तान ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल करने का दिया ऑफर पेज 12

# बड़ा फैसला: 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

## 50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में संशोधन की सिफारिशों के लिए मंगलवार को आठवें वेतन आयोग के गठन के साथ-साथ उसके काम के दायरे और शर्तों को भी मंजूरी दे दी। आयोग को अठारह महीने में रिपोर्ट देनी होगी।

इसके बाद एक जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है। हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। यानी, कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। सरकार ने जनवरी 2025 में ही इस कमीशन के गठन का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि उच्चत्तम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी। भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष को आयोग का अस्थायी सदस्य बनाया गया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन इसके सदस्य सचिव होंगे। बेसिक सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी, ये फिटमेंट फैक्टर और डीए मर्जर पर निर्भर करता है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। 8वें में ये 2.46 हो सकता है। हर वेतन आयोग में डीए जीरो से शुरू होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नई बेसिक सैलरी पहले से ही महंगाई को ध्यान में -शेष पृष्ठ दो पर



- आयोग को 18 महीने में देनी होगी रिपोर्ट
- एक जनवरी से हो सकता है लागू

### फॉस्फेटिक तथा पोटाश उर्वरक पर सब्सिडी दरों को मंत्रिमंडल की स्वीकृति

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों के लिए रियायती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते रबी सीजन फसल 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने रबी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# डाक्टर्स का त्याग सर्वोपरि, अनदेखी माफ नहीं करेगा समाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वाले प्राइवेट डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सरकारी बीमा योजना का लाभ देने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर न्यायपालिका डाक्टरों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके साथ खड़ी नहीं होगी, तो समाज हमें कभी माफ नहीं करेगा।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत है कि प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामला प्रदीप अरोड़ा और अन्य लोगों की याचिका से जुड़ा है। इसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 मार्च 2021 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों के डाक्टर या स्टाफ को इंश्योरेंस का लाभ तभी मिलेगा जब सरकार ने उनकी सेवाएं आधिकारिक रूप से मांगी हों। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह बताए कि प्रधानमंत्री बीमा योजना के अलावा क्या ऐसी और भी योजनाएं हैं। अदालत ने कहा कि वह एक नियम तय करेगी, जिसके आधार पर बीमा कंपनियां आगे ऐसे मामलों में फैसला ले सकेंगी। यह मामला किरण भास्कर सुर्गडे की कहानी से जुड़ा है, जिन्होंने अपने पति को कोविड-19 महामारी में खो दिया था। उनके पति ठाणे में एक निजी क्लीनिक चलाते थे। बीमा कंपनी ने उनका दावा यह कहकर खारिज कर दिया कि उनका क्लीनिक मान्यता प्राप्त कोविड अस्पताल नहीं था। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीएकेपी) मार्च 2020 में शुरू किया गया था। इस योजना के तहत कोविड-19 से ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के परिवार को 50 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाता है।

डाक्टर्स का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी, कोविड में मृत प्राइवेट डाक्टर्स को सरकारी बीमा का लाभ मिले: सुप्रीम कोर्ट



शीर्ष अदालत ने कहा: यह मान लेना गलत प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं

# राष्ट्रपति मुर्मू आज राफेल लड़ाकू विमान से भरेंगी उड़ान

**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति इससे पहले वायुसेना के सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में भी उड़ान भर चुकी हैं।

राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि श्रीमती मुर्मू बुधवार को हरियाणा जाएंगी और वहां अंबाला वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उडान भरेंगी। श्रीमती मुर्मू ने दो वर्ष पहले 8 अप्रैल 2023 को वायुसेना के तेजपुर हवाई बेस से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। राफेल भारतीय वायुसेना का प्रमुख लड़ाकू विमान है और इसने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के सुबह अंबाला वायुसेना स्टेशन पहुंचने पर उन्हें सम्मान स्वरूप 'गार्ड आफ ऑनर' दिया जाएगा।



# इंडियन एयरफोर्स को मिलेंगे छह नए रिफ्यूलिंग विमान

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरफोर्स में 6 नए मिड-एयर रिफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है।

इस डील के लिए रूस और यूरोप की कुछ कंपनियां भी दौड़ में थीं, लेकिन वे तकनीकी शर्तें और मेक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाईं। आईएआई ने आफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। आईएआई की डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमर्शियल विमानों में बदलाव कर उन्हें टैंकर विमानों में बदला जाएगा। कंपनी ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है।



- फाइटर जेट्स में हवा में ही फ्यूल भरा जा सकेगा, इजरायल से आठ हजार करोड़ की डील संभव

संक्षिप्त समाचार

### संघ की गतिविधियों पर रोक लगाने की कर्नाटक सरकार की कोशिशों को झटका

**बंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल इस आदेश के तहत कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को संघ की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि अब कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ पुनशचौतन्य सेवा समस्थे नामक संगठन ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

### गुजरात के पेढवाड़ा गांव में घुसा आठ शेरों का झुंड

**गिर सोमनाथ।** गुजरात में गिर-सोमनाथ जिले के गांवों में एक बार फिर शेरों की आमद ने दहशत फैला दी है। कोडिनार तालुका के पेढवाड़ा गांव में सोमवार की रात एक साथ 8 शेरों का झुंड घुस आया। सबसे पहले इनमें से एक शेरनी ने सड़क पर बैठे मवेशियों पर हमला किया। शेरों ने कुछ घरों में भी घुसने की कोशिश की, जिससे लोग दहशत में आ गए। काफी देर तक गांव की सड़कों पर घूमने के बाद झुंड ने एक गाय का शिकार किया। शिकार खाने के बाद भी शेरों का झुंड गांव में ही डटा रहा। रात भर गांव में रुकने के बाद तड़के सुबह झुंड जंगल की ओर रवाना हो गया। घरों में लगे सीसीटीवी में कैद हुए तो कुछ लोगों ने घरों की छतों से इनके वीडियो बनाए।

# प्रशांत किशोर को चुनाव आयोग का नोटिस




**पटना/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को जनसुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर को 2 वोटर आईडी पर नोटिस भेजा है और 3 दिन में जवाब मांगा है।

पीके का नाम बिहार के साथ पश्चिम बंगाल में भी मिला है। महागठबंधन ने मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। सीएम फेस तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने सीएम का चेहरा घोषित कर दिया है, लेकिन एनडीए ने अब तक अपना सीएम फेस का ऐलान नहीं किया है। एनडीए 30 अक्टूबर को घोषणापत्र जारी करेगा। उधर, राहुल और प्रियंका गांधी 29 अक्टूबर से बिहार में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। राहुल की सभा मुजफ्फरपुर और दरभंगा में होगी। प्रियंका बेगूसराय जिले के बछवाड़ा में रैली करेंगी।

- महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र किया जारी

# बिहार सरकार दो दशक से घोंट रही है युवाओं का गला: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा-जद-यू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी है और पिछले दो दशक के दौरान नीतीश सरकार ने युवाओं की आंकांक्षाओं का सिर्फ गला घोंटा है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि बिहार प्रतिभाओं की खान है और यदि अवसर मिले तो वहां के युवा अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं , लेकिन बिहार में दो दशक से जो सरकार चल रही है उसने वहां के युवाओं को अवसरों की जगह सिर्फ बेरोज़गारी और निराशा दी है। उनका कहना था कि इस वक्त बिहार में बदलाव की बयार चल रही है और बिहार के लोगों का स्वाभिमान जागने लगा है। बदलाव की बयार के इसी हिसाब से इस बार महागठबंधन अपना न्याय संकल्प दोहरा रहा है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बिहार के युवाओं के साथ हाल ही में हुई अपनी वार्ता का जिक्र करते हुए कुछ दिनों पहले बिहार के युवाओं से बहुत दिलचस्प बातचीत हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे हर मुद्दे पर चर्चा हुई।

- कहा : भाजपा-जदयू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी



### प्रियंका का दो दिवसीय वायनाड दौरा आज से

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार से अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 29 और 30 अक्टूबर को वायनाड दौरे पर रहेंगी और इसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगी। वह वायनाड में राजीव गांधी मेमोरियल सरकारी आयुर्वेद औषधालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगी। इसके अलावा मोबाइल डिस्पेंसरी के लिए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाएंगी और कोडेनचेरी ग्राम पंचायत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी।

# दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। दिवाली के बाद से लगातार एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान सेसना ने उड़ान भरी थी। विमान ने तकनीक से बादलों के ऊपर केमिकल छिड़का। आईआईटी कानपुर ने बताया कि क्लाउड सीडिंग सफल रही है। इसे 6 हजार फीट की ऊंचाई पर 6 फ्लेयर से किया गया। ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है। क्लाउड सीडिंग खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार और कई अन्य इलाकों में की गई। उधर, दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए ऐसे कॉमर्शियल व्हीकल्स की एंट्री पर एक नवम्बर से रोक लगा दी है, जो बीएस-6 मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इस बीच दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार आया है। मंगलवार सुबह एक्यूआई 306 रिकॉर्ड किया गया। यह सोमवार को 315 से कम था।

- IIT कानपुर की तकनीक से बादलों के ऊपर छिड़का केमिकल, ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी हो सकती है बारिश

# छठ पूजा के आखिरी दिन उगते सूरज को अर्घ्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** छठ महापर्व का मंगलवार को आखिरी दिन था। 4 दिन का ये महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू हुआ था। मंगलवार को उगते सूरज को 'ऊषा अर्घ्य' के साथ खत्म हो गया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने का मुहूर्त सुबह 6:27 बजे तक था। देश के साथ विदेश में भी छठ महापर्व मनाया गया। बिहार, यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई) से इसकी तस्वीरें भी सामने आने लगी हैं। ठंड बढ़ने के बावजूद महिलाएं पानी में खड़ी नजर आ रही हैं। वहीं, दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हुआ, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हुआ। छठ महापर्व को लेकर विदेशों में भी उत्साह था। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने सोमवार को सूर्य को अर्घ्य दिया था। फिजी, सूरीनाम, मॉरिशस, त्रिनिनाद- टोबेगो में भी बड़ी संख्या में भारतीय आबादी रहती है, यहां भी छठ पूजा का आयोजन किया गया।

- दिल्ली में 1300 घाटों पर स्नान, ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका समेत दुनियाभर में भी हुई पूजा



### उत्तराखंड भर्ती घोटाला: सीबीआई ने दर्ज किया मुकदमा

**देहरादून (ब्यूरो)।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में आखिरकार केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने मोर्चा संभाल लिया है। छात्रों के लगातार और उग्र विरोध के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन पर राज्य सरकार द्वारा की गई सिफारिश के बाद, सीबीआई ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई से राज्य भर के लाखों बेरोजगार युवाओं को बड़ी राहत मिली है। सीबीआई ने देहरादून की एसीबी शाखा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी सहायक पुलिस अधीक्षक राजीव चंदोला को सौंपी गई है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद का सपा ऑफिस नहीं होगा खाली: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को लेकर चल रहे विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है, जिसमें जस्टिस जस्टिस अरिंदम सिन्हा और जस्टिस सत्यवीर सिंह की डिविजन बेंच ने जिला प्रशासन के कार्यालय खाली कराने के आदेश को रद्द कर दिया और यथास्थिति बनाए रखने का का आदेश जारी किया है। इस फैसले से सपा को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भी यथास्थिति का आदेश दिया था और अब कार्रवाई पर पूरी तरह रोक लगा दी है, कोर्ट ने प्रशासन के दावों को खारिज कर दिया। शहर के सिविल लाइन्स स्थित चक्कर की मिलक में समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय 1994 से चल रहा है। यह भवन मुलायम सिंह यादव को आवंटित किया गया था।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ से अधिक होगा खर्च

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटन अवसंरचना के विकास में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए। एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 253.75 करोड़ रुपए के आधार पर, जबकि वित्त वर्ष 2024 में 268.42 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कोई भी केंद्र पोषित योजना लागू नहीं की जाएगी। सरकार ने कहा कि विज्ञापन और प्रचार के लिए आवंटित 50.50 करोड़ रुपए में से 42.27 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

### डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी

# यूपी में आईएएस अफसरों के बंपर तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी, रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के डीएम बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तबादलों का सिलसिला जारी है। एक बार फिर बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। मंगलवार को 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के जिलाधिकारी बदल दिए गए हैं। अजय कुमार द्विवेदी को रामपुर का डीएम बनाया गया है।

आईएएस बालकृष्ण त्रिपाठी को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके साथ ही राजेश प्रकाश को मंडलायुक्त विध्यांचल बनाया गया है। इसके साथ ही धन लक्ष्मी के को महा. निदेशक मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी तरह संजय कुमार को वर्तमान पद के साथ सचिव उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। तबादलों के क्रम में अटल कुमार राय गृह विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है। भानु चंद्र गोस्वामी को मेरठ का मंडल आयुक्त बनाया गया है। डॉक्टर ऋषिकेश भास्कर यशोदा को सचिव राजस्व विभाग, राहत आयुक्त और चकबंदी आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह मयूर माहेश्वरी को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पद पर तैनात किया गया है विजय किरण आनंद को वर्तमान पद के साथ मुख्य कार्यपालक अधिक. री उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रभारी एनआरआई सेल एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी लीडर के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राहुल पांडे को विशेष सचिव राज्य कर विभाग की जिम्मेदारी दी गई है अतुल वत्स को हाथरस का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। अमनदीप डुली को अपर आयुक्त मनरेगा बनाया गया है इसी तरह हिमांशु नागपाल को नगर आयुक्त वाराणसी, प्रखर कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी, योगेंद्र कुमार को मुख्य विकास अधिकारी अलीगढ़ एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक अलीगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 57 पीसीएस अधिकारी हुए स्थायी तहसीलदार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस)के 57 अधिकारियों का स्थायीकरण आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, आईएएस अन्नपूर्णा गर्ग द्वारा हस्ताक्षरित है। मुख्य रूप से 2020 और 2022 बैच के तहसीलदार से पदोन्नत होकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बने अधिकारियों को इसका लाभ मिला है। आधिका. रिक सूची में 2020 बैच के अभय राज पांडे एसडीएम आजमगढ़, हेमंत कुमार गुप्ता एसडीएम बलरामपुर, कमलेश कुमार एसडीएम रायबरेली, करणवीर सिंह एसडीएम हमीरपुर, लालता प्रसाद एसडीएम बुलंदशहर, अशोक कुमार सिंह एसडीएम मऊ, विजय यादव एसडीएम महाराजगंज, सुबोध मणि शर्मा एसडीएम प्रतापगढ़, भूपाल सिंह एसडीएम आजमगढ़ और केशव प्रसाद एसडीएम मैनपुरी के नाम शामिल हैं। वहीं 2022 बैच से मोनालिसा जौहरी एसडीएम बहराइच, अभय सिंह एसडीएम मुरादाबाद और तान्या सहायक नगर आयुक्त झांसी का भी स्थायीकरण हुआ है। हालांकि पूर्ण सूची अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार यह कदम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और युवा अधिकारियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# बीजेपी सरकार ने किया स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस सरकार के नौ साल में अस्पतालों की दुर्दशा हो गई है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी उपकरण, दवाएं और संसाधन नहीं हैं। डॉक्टरों की भारी कमी है। आम जनता मरीजों को सरकारी अस्पतालों में क्वालिटी का इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं मिल रही है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर हर दिन हृदय विदारक खबरें आ रही है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। दवाओं और अन्य जरूरी उपकरणों की सप्लाई में भारी घालमेल है।

### वोटर लिस्ट पर रखेंगे निगरानी

लखनऊ। चुनाव आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर)के दूसरे फेस 4 नवम्बर से शुरू होने की घोषणा के साथ ही सपा ने वोटर लिस्ट निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए प्रहरी नियुक्त करने का फैसला लिया है। ये पीडीए मतदाताओ के वोट की रक्षा करेंगे।

# गुरु परंपरा ने रक्षा, सेवा, त्याग व बलिदान का संदेश दिया: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है।

सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। योगी ने कहा कि हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है।

# नफरत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मुस्लिम लड़कियों को लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक के बयान को बताया निदंनीय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें अति-निदनीय हैं। ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं। राज्य सरकारों से अपील की कि वे राज्य की करोड़ों जनता के हित में कानून का राज स्थापित करें और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई ही व्यापक जन व देशहित में है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### ये कहा था पूर्व बीजेपी विधायक ने

गौरतलब है कि सिद्धार्थनगर के बीते 16 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के धनखरपुर गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने एक विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की दो लड़िकयां वो ले गए, तुम मुसलमानों की 10 लड़िकयां लाओ।

दो पर 10 से कम मंजूर नहीं हैं और ये घोषित करते हैं जो यह लेकर आएगा, उसके खाने-पीने, नौकरी का इंतजाम हम करेंगे। लेकिन जो यह दो गई हैं, वह हमें पच नहीं रही हैं। मुसलमानों सुन लो, यह हमें पच नहीं रहा है और इसका बदला कुछ भारी होना ही होना है।बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



सेंसेक्स 84628.16

निफ्टी 25936.20



सोना रु. 119164

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143400

प्रति किलो



# शिखर से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी टूटे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 150.68 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी आज 29.85 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,936.20 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,730 में गिरावट और 1,385 में तेजी रही जबकि 122 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। रियलिटी, आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में गिरावट ज्यादा देखी गई। धातु और सरकारी बैंकों के समूहों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 21 के शेयरों में गिरावट और नौ में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.05 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.03 और बजाज फिनसर्व का 1.00 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 0.98 प्रतिशत, पावरग्रिड में 0.93, टीसीएस में 0. 90, बजाज फाइनेंस में 0.85, एचसीएल टेक में 0.80, एनटीपीसी में 0.80, एक्सिस बैंक में 0.67, अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.62, आईटीसी में 0.57 और हिदुस्तान यूनीलिवर में 0.50 प्रतिशत की गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी टूट गया।

### आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर: रिपोर्ट

**कोलकाता।** भारतीय आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर होता दिख रहा है, जबकि वाणिज्यिक कार्यालय रियल एस्टेट क्षेत्र शीर्ष सात शहरों में लगातार बढ़ रहा है। एनारोक के नवीनतम शोध आंकड़ों से पता चलता है कि मासिक कार्यालय किराया 2024 के नौ महीनों के लगभग 85 रुपए प्रति वर्ग फुट की तुलना में वर्ष 2025 में लगभग 90 रुपए प्रति वर्ग फुट हो जाएगा, जो सालाना छह प्रतिशत की वृद्धि है। शीर्ष सात शहरों में नए कार्यालयों के निर्माण में वृद्धि के बावजूद, औसत रिक्तियों के स्तर में मामूली तीन प्रतिशत की वार्षिक गिरावट देखी गई, जो 2024 के नौ महीनों में 16.70 प्रतिशत से घटकर 2025 के नौ महीनों में 16.20 प्रतिशत हो गया। चेन्नई एकमात्र ऐसा शहर है जिसने शीर्ष कार्यालय शहरों में एकल- अंकीय कमी दर्ज की है। आयात शुल्क, भू-राजनीतिक तनाव और आईटी क्षेत्रों में छंटनी जैसी वैश्विक चुनौतियों का शीर्ष शहरों में कार्यालय स्थान की मांग पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है।

### सोना 1913 और चांदी 1,631 रुपये हुए सस्ते

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार सोने की कीमत 1,913 रुपए घटकर 1,19,164 पर आ गई है। इससे पहले इसके दाम 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थे। वहीं चांदी 1,631 रुपए गिरकर 1,43,400 प्रति किलोग्राम हो गई। कल इसकी कीमत 1,45,031 प्रति किलोग्राम थी।

सोने की कीमत पिछले 8 दिनों में 10,420 रुपए घटकर आज 1,19,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। 19 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,29,584 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं चांदी 1,69,230 रुपए प्रति किलो से गिरकर 1,43,400 रुपए पर आ गई है। ये 25,830 रुपए सस्ती हुई है। दवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। ग्लोबल टेंशन के कम होने से इसमें गिरावट आई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# उप्र में घरेलू यात्रियों में 15.7 और एयर कार्गो में 19.1 प्रतिशत का आया उछाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। अप्रैल से अगस्त के बीच प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 60.02 लाख हो गई है। वहीं इस दौरान भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। साल 2016.17 में जहां उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 59.97 लाख यात्री यात्रा करते थे, वहीं 2024.25 में यह संख्या बढ़कर 142. 28 लाख तक पहुंच गई। इनमें 129.29 लाख घरेलू और 12.99 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। इस दौरान राज्य का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट 10.1 प्रतिशत रहा, जो एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ती मांग को दर्शाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान 2020-21 में यात्री संख्या 48. 35 लाख तक गिर गई थी, लेकिन यूपी ने सबसे तेज रिकवरी दिखाई। महज दो वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई, जो राज्य की मजबूत हवाई नीति और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। 2023.24 की तुलना में 2024.25 में हवाई यात्रियों की संख्या में 25.9 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है, जबकि 2023.24 और 2024.25 में अप्रैल.अगस्त माह के बीच कंपैरिजन करें तो यह ग्रोथ 14.6 प्रतिशत रही। इस दौरान घरेलू यात्रियों में 15.7 प्रतिशत और इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या में 4.3 फीसदी ग्रोथ दर्ज की गई। राज्य के कई शहरों ने इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया है।

### महागठबंधन के लिए वोट मांगेगे अखिलेश यादव और डिंपल

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए वर्सेस इंडिया गठबंधन की चुनावी लड़ाई अब बेहद दिलचस्प होने जा रही हैं। जहां एक तरफ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं, तो वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया भी बिहार चुनाव प्रचार को धार देने बिहार पहुंच रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़ा फैसला:...**

रखकर बढ़ाई जाती है। इसके बाद डीए फिर से धीरे-धीरे बढ़ता है। आयोग 18 महीने में अपनी सिफारिशें देगा और जरूरी होने पर सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भी दे सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करते समय देश की आर्थिक स्थिति और राजकोषीय सुझबूझ का ध्यान रखेगा, ताकि सरकारी खजाने में विकास और जनकल्याण के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता भी बनी रहे। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि हर दस साल में वेतन आयोग की सिफारिशें संशोधित की जाती हैं और पिछले वेतन आयोग की सिफारिशें एक जनवरी 2016 से लागू हुई थीं। आयोग को सरकार की ऐसी पेंशन योजना के लिए वित्त के बारे में भी सिफारिश करने को कहा गया है, जिसमें कर्मचारियों को कोई अंशदान नहीं करना पड़ता है। आयोग अपनी सिफारिश करते समय राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर भी ध्यान देगा, क्योंकि उन्हें भी केंद्रीय आयोग की सिफारिशों के आधार पर अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतनमानों में सुधार करने होते हैं। आयोग केंद्रीय उपक्रमों और निजी क्षेत्र में लागू वर्तमान वेतनमानों, अन्य लाभों और कार्य की शर्तों को भी ध्यान में रखेगा। सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की सैद्धांतिक मंजूरी इसी वर्ष जनवरी में दी थी।

### एसआईआर पर सवाल उठाने वाले लोकतंत्र के दुश्मन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा 12 राज्यों में मतदाता सूची के एसआईआर की पहल लोकतंत्र को मज़बूत करने वाली नेक कवायद है और जो राजनीतिक दल इस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, वे दरअसल लोकतंत्र के असली दुश्मन हैं। मौर्य ने मंगलवार को एक्स पर लिखा-वंशवादी दलों की पूरी राजनीति चुनावी फर्जीवाड़े पर टिकी है। इसलिए जब भी कोई सुधारात्मक कदम उठाया जाता है, वे सबसे ज्यादा हल्ला मचाते हैं। मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करता है और इससे केवल ईमानदार राजनीति को ही लाभ होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में जंगलराज की यादें मिट रही हैं।

# सरकार अग्निवीरों के साथ कर रही है धोखा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

- सरकार जवानों के साथ सही नहीं कर रही


कांग्रेस ने सरकार पर अग्निवीरों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि रिटायर अग्निवीरों को देश की टॉप दस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में रखा जाएगा।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अधिसूचना को अग्निवीरों के साथ धोखा बताया और कहा कि यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है इसलिए इस योजना को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे जवानों के साथ सही नहीं कर रही है। ये साफ तौर पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही 'जय जवान अभियान' चलाया था और अब 'जय जवान अभियान' का दूसरा भाग चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि देश को कम प्रशिक्षित सैनिक दिए जा रहे हैं और मोदी सरकार सैनिकों की पेंशन काटकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रही है। कर्नल चौधरी ने कहा कि हम सभी वचनबद्ध हैं कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है, ये खत्म होनी चाहिए। अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि रिटायर होने वाले अग्निवीरों को देश की टॉप 10 प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में रखा जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार ने सिर्फ 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थाई किया है, तो बाकी वापस लौटकर क्या भाजपा दफ्तर या किसी कंपनी के बाहर दरबान की नौकरी करेंगे। क्या अग्निवीर अब अडानी डिफेंस के अंदर जाएंगे और वहां जाकर एक प्राइवेट आर्मी की तरह काम करेंगे। मोदी सरकार से हमारा सवाल है कि जब अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी और केंद्र, राज्य की नौकरियों में शामिल करने का वादा किया गया था तो आज उन्हें प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में क्यों भेजा जा रहा है।















# शारदा कॉरिडोर से बदलेगी लोगों की तकदीर:सीएम



■ शारदा कॉरिडोर बनने से मॉडल जिले का प्रवेश द्वार सज जाएगा: मुख्यमंत्री
■ 3300 करोड़ रुपए का निवेश किया प्रस्तावित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत/टनकपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा शारदा कोरिडोर विकास परियोजना माडल जिले के प्रवेश द्वार एवं दो सौ वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र की तस्वीर एवं लोगों की तकदीर ही नहीं बदलेगा बल्कि यह देश के विभिन्न भू भागों के श्रद्धालुओं की आस्था को अपनी ओर खींचने का भी कार्य करेगा। जिससे यहां पर्यटन, धार्मिक पर्यटन एवं ईको पर्यटन के द्वार भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने परियोजना में प्रस्तावित 38 प्रमुख कार्यों की समिक्षा कि कहा हर कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समय से पूरा करने में विशेष ध्यान देना चाहिए।

शारदा कॉरिडोर विकास परियोजना का उद्देश्य लगभग 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का समग्र विकास करना है, जिससे यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त और आकर्षक बन सके।

इन कार्यों में शारदा घाट का पुनर्विकास, सिटी ड्रेनेज प्लानख्र1, रणकोची माता मंदिर का पुनरुद्धार, बनबसा में हेलीपोर्ट का विकास, चूका से चल्थी माउंटेन बाइक ट्रेल निर्माण, बनबसा में अंतरराष्ट्रीय सीमा बाजार का विकास, श्रद्धा पथ नदी तट का सौंदर्यीकरण, शारदा रिवरफ्रंट के लिए मास्टर प्लान और एयरो स्पोर्ट्स सुविधाओं का सृजन शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण एवं हस्तांतरण कार्यों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित समयांतराल में निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भविष्य में लोहाघाट स्थित विवेकानंद सर्किट का विकास एवं माँ वाराही धाम को स्पिरिचुअल जोन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने तथा सेना, पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के वीर शहीदों के सम्मान में "शौर्य स्थल" विकसित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य टनकपुर की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान को सहेजते हुए, पर्यटन, पर्यावरण एवं श्रद्धालुओं के अनुभव को और बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्थानीय रोजगार संवर्धन एवं जनजीवन स्तर सुधार का माध्यम बनेगी।

इस परियोजना में कुल लगभग 3300 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है तथा योजना के निर्माण हेतु त्वरित गति से कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। यह परियोजना टनकपुर शहर को नई पहचान देने में सहायक सिद्ध होगी।बैठक में जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, जिलाधिकारी उधम सिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी चम्पावत कृष्णा नाथ गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी. एस. खाती, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने टोंस नदी के घाट पर परिवार सहित सूर्य को अर्घ्य दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रदेशभर में लोक आस्था का पर्व छठ पूजा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने भी सपरिवार प्रेमनगर स्थित टोंस नदी के घाट पर पहले अस्ताचलगामी और फिर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर उन्होंने सूर्यदेव एवं छठ माता से प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

## प्रदेश के सबसे बड़े 'दून हॉस्पिटल' की व्यवस्थाएं बदहाल: माहरा



दो करोड़ खर्च कर लगाया गया न्यूमेटिक सिस्टम महीनों से ठप

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि देहरादून का सबसे बड़ा सरक. ारी अस्पताल 'दून हॉस्पिटल' आज सरकारी लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। जिस न्यूमेटिक सिस्टम पर दो करोड़ रुपये से अधिक की जनता की गाढ़ी कमाई खर्च की गई थी, वह महीनों से ठप पड़ा है।

यह सिस्टम अस्पताल में रक्त जांच जैसे जरूरी सैंपल को विभागों तक पहुंचाने के लिए लगाया गया था ताकि मरीजों को राहत मिले, मगर सरकार और अस्पताल प्रशासन की उदासीनता के कारण आज मरीज और तीमारदार दर-दर भटक रहे हैं। ऑपरेशन थिएटर से लेकर ब्लड बैंक तक, हर विभाग इस सिस्टम की खराबी से जूझ रहा है। नतीजा यह है कि जांच रिपोर्ट समय पर नहीं मिल पा रही, ऑपरेशन टल रहे हैं, गंभीर मरीज तकलीफ झेल रहे हैं। यह वही सरकार है जो हर मंच से डिजिटल उत्तराखंड और स्मार्ट हेल्थ सिस्टम की बातें करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि करोड़ों का उपकरण धूल खा रहा है और प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ता। लाखों-करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सिस्टम को अब तक दुरुस्त नहीं किया गया यह सवाल उठाता है कि आखिर यह पैसा गया कहाँ? साफ है कि सरकार की प्राथमिकता जनता की सुविधा नहीं बल्कि ठेकेदारों की जेबें भरना बन चुकी है।

सर्जरी और पीडिया विभाग में रोजाना सैकड़ों मरीज परेशान हैं, कतारों में खड़े हैं, रिपोर्ट के इंतजार में घंटों बिताते हैं और सरकार की तरफ से कोई जवाबदेही नहीं। यह केवल सिस्टम की नाकामी नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की विफलता है। जनता यह पूछना चाहती है कि जब करोड़ों का सिस्टम ठप पड़े और कोई जवाब न दे, तो जिम्मेदार कौन है? यह वही सरकार है जो विज्ञापनों में विकास दिखाती है, लेकिन अस्पतालों में मरीजों को बुनियादी सुविधा तक नहीं दे पा रही। आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था किसके लिए है? जनता के लिए या ठेकेदारों और भ्रष्टाचार के लिए।

# रजत जयंती में राष्ट्रपति व पीएम की मौजूदगी उत्साहवर्धक : धामी

## भाजपा परिवार ने रजत जयंती वर्ष कार्यक्रमों की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा परिवार ने भव्यतम रजत जयंती वर्ष कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। इस अवसर पर सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि इस गौरवशाली कार्यक्रमों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी की उपस्थिति उत्साहवर्धक है। जिनमें प्रदेशवासियों के साथ मिलकर हमें, अब तक की उपलब्धियों पर विमर्श के साथ आने वाले 25 वर्षों का रोडमैप भी तैयार करना है।

प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने इसे सौभाग्यशाली अवसर बताते हुए कहा कि राज्य निर्माण स्वर्गीय अटल जी ने किया और उसका विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में करने का मौका इस रजत जयंती वर्ष में भाजपा सरकार को प्राप्त हुआ है। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के साथ प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, कल्पना सैनी, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, तरुण बंसल, दीप्ति रावत और पार्टी विधायक, प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष एवं प्रभारियों ने शिरकत की।

बैठक में 1 नवम्बर से 11 नवंबर तक होने वाले प्रदेश स्तरीय एवं जिला स्तरीय रजत जयंती कार्यक्रम तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में इन कार्यक्रम श्रृंखला का आगाज राष्ट्रपति और पीएम के मार्गदर्शन में समापन होने को उत्साहवर्धक बताया गया।

वर्चुअल बैठक में विधायक अनिल नौटियाल, सविता कपूर, दिलीप महंत, राम सिंह कैड़ा, उमेश शर्मा काऊ, शिव अरोड़ा, दीवान सिंह बिष्ट, सहदेव पुंडीर, बृजभूषण गैरोला, आशा नौटियाल समेत कई विधायक मौजूद रहे।



### राज्य स्थापना का 25वां वर्ष उत्सव मनाने का अवसर भाजपा सरकार को मिलना सौभाग्य: सीएम

बैठक को सीएम आवास से वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह हम सबके लिए बहुत सौभाग्यशाली है कि स्वर्गीय अटल ने राज्य बनाया और स्थापना का 25वाँ वर्ष उत्सव मनाने का अवसर भी भाजपा सरकार को प्राप्त हुआ है। उन्होंने आवाह्न किया कि 1 से 11 नवंबर तक जितने भी कार्यक्रम होंगे, उसमें हर वर्ग, समाज, क्षेत्र और आयामों को जोड़ने का काम पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है।

### राज्य निर्माण व विकास में भाजपा की अहम भूमिका: गौतम

इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा, हम सब भाग्यशाली हैं कि अटल के बनाए राज्य को आज पीएम मोदी संवार रहे हैं। राज्य निर्माण और उसके विकास में भाजपा की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमें इन 25 वर्षों में राज्य में हुए बदलाव का एहसास घर-घर पहुंचना है ताकि एक सकारात्मक ऊर्जा आने वाले लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए समाज में उत्पन्न हो।

### रजत जयंती प्रदेश के लिए बेहद गौरवशाली अवसर: भट्ट

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि रजत जयंती कार्यक्रमों के अवसर पर राष्ट्रपति व पीएम उत्साह बढ़ाने आ रहे हैं। लिहाजा हम सब की जिम्मेदारी है कि ऐसे सभी कार्यक्रम अधिक से अधिक जनसभागिता के हों। जो लोग बड़े कार्यक्रमों जैसे प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में शिरकत नहीं कर पाएं उन्हें वर्चुअल या लाइव प्रसारणों से जोड़ा जाए।

## मुख्यमंत्री मुनस्यारी पहुंचे जनता व जवानों से किया संवाद



जनसेवा व सीमाओं की सुरक्षा, यही है उत्तराखंड की पहचान: धामी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुनस्यारी।** विकासखंड मुनस्यारी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मुनस्यारी हेलीपैड (राजकीय कन्या इंटर कॉलेज जीजीआईसी) पहुंचने पर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पुलिस बल द्वारा मुख्यमंत्री धामी को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री धामी ने मुनस्यारी क्षेत्र की माताओं, बहनों और स्थानीय नागरिकों से आत्मीय मुलाकात करते हुए क्षेत्रवासियों के स्नेह और समर्थन के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे, और सीमांत क्षेत्रों के लोगों को बुनियादी सुविधाएं सुलभ हों।

इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने आईटीबीपी की 14वीं बटालियन, मुनस्यारी पोस्ट का भ्रमण किया। वहां जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जवानों से मुलाकात कर कहा कि आपकी और से सीमाओं की सुरक्षा में जो योगदान दिया जा रहा है वह सराहनीय है और कहा कि आपके त्याग, अनुशासन और समर्पण से ही देश सुरक्षित है।

## उत्तराखंड रजत जयंती: 1 से 9 नवंबर तक सजेगा सांस्कृतिक रंगों का मेला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य 9 नवंबर को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार ने 1 से 9 नवंबर तक रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाने की तैयारी कर ली है। राजधानी देहरादून सहित प्रदेशभर में सांस्कृतिक, पारंपरिक और जनसांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी।

संस्कृति सचिव युगल किशोर पंत ने बताया कि समारोह का हर दिन एक अलग थीम पर आधारित होगा, जिसमें उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, कला, संगीत और जनजीवन को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह के पहले दिन 1 नवंबर को लोक नृत्य, संगीत



महाविद्यालय पौड़ी के छात्रों की प्रस्तुति, जागर गायन और नागालैंड की सांस्कृतिक झलकियां दिखाई जाएंगी।

2 नवंबर को हिमाचल की 'नाटी' प्रस्तुति, उत्तराखंड सिनेमा पर पैनल चर्चा और नरेंद्र सिंह नेगी के लोकगीतों से शाम सजेगी।

3 से 6 नवंबर तक तिब्बती, मणिपुरी, असमिया और गढ़वाली-कुमाऊंनी लोकनृत्यों के साथ शास्त्रीय संगीत, रंगमंच और वादन कला की विविध झलकियां पेश होंगी। 5 नवंबर को मालिनी अवस्थी, 6 को प्रीतम भरतवाण और 7 नवंबर को पंडवाज बैंड दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेगा।

समापन दिवस 9 नवंबर को राज्य की सभी प्रमुख लोकसंस्कृतियों,

गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी और थारू जनजातिख्रकी विशेष प्रस्तुतियों के साथ भूटान बैंड 'मिस्टी टेरिस' अपनी प्रस्तुति देगा। सरकार का दावा है कि यह आयोजन उत्तराखंड की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित करने वाला उत्सव होगा। आयोजन को लेकर तैयारी जोरों पर है, वहीं राजधानी देहरादून इन नौ दिनों तक कला, संस्कृति और लोकधुनों से सराबोर रहने वाली है।

### स्थापना दिवस पर 6 नवम्बर को हल्द्वानी में होगा पूर्व सैनिक सम्मेलन: जोशी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रदेश के कृषि, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री जोशी ने आगामी आयोजनों की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 6 नवम्बर को हल्द्वानी में पूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं 7 नवम्बर को पंतनगर में कृषक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कृषि सचिव डा एसएन पाण्डेय, सैनिक कल्याण सचिव दीपेन्द्र चौधरी, पंतनगर विवि के कुलपति डा मनमोहन सिंह, डीएम नैनीताल, डीएम उधमसिंहनगर आदि मौजूद रहे।

## जल संरक्षण व नदी पुनर्जीवन की योजनाएं स्वीकृत

■ सचिव जलागम दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सचिव जलागम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी, दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की चौथी बैठक आयोजित की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कुल 3 कार्य योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनकी कुल लागत रुपये 382.26 लाख है। स्वीकृत परियोजनाओं में जनपद नैनीताल एवं उधमसिंह नगर के लिए भू-गर्भीय जलभृत रिचार्ज की रुपये 207.56 लाख की कार्ययोजना शामिल है। इस अवसर पर बैठक में विभिन्न जनपदों से मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, सिंचाई, लघु सिंचाई, कृषि, ग्राम विकास विभागों के प्रतिनिधि ऑनलाइन माध्यम से जुड़े व सारा की टीम उपस्थित रही।

इसके अतिरिक्त, वर्षा आधारित नदियों के पुनर्जीवन के तहत, चमोली जनपद की चंद्रभागा नदी के लिए रुपये 174.70 लाख की परियोजना को भी हरी झंडी मिली। बैठक में जल संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश और निर्णय लिए गए, जिन पर तत्काल प्रभाव से कार्य करने पर बल दिया गया। प्रदेश की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित सभी जिलों के कार्यक्रमों का डॉक्यूमेंटेशन यथाशीघ्र प्रशासन को भेजने के निर्देश दिए। जल स्रोतों और नदी पुनर्जीवन से जुड़े सभी रेखीय विभागों को आपस में समन्वित रूप से कार्य करने पर विशेष बल दिया।

सचिव ने कहा कि जनपदीय स्तर पर सारा समितियों की बैठकें कर प्रस्तावों को आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जल संरक्षण कार्यों में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर धारा-नौला संरक्षण समितियों का शीघ्र गठन किया जाए, जो स्थानीय स्तर पर निगरानी का कार्य करेंगी।

### कहकशां नसीम ने दिया प्रजेंटेशन

**देहरादून।** राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की चौथी बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी कहकशां नसीम ने एक करोड़ से अधिक लागत की कार्य योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, कहा कि जनपदों से आने वाली कार्ययोजनाओं में सभी रेखीय विभाग मिलकर एक जलागम क्षेत्र के ऊपर कार्य करें जिससे उस जलागम क्षेत्र का सतत पुनर्जीवीकरण हो सके। बैठक में लिए गए निर्णयों से स्पष्ट है कि सरकार जल संरक्षण, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन और नदी पुनर्जीवन के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए अंतर-विभागीय समन्वय और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता दी जा रही है।

## गोल्डन महाशिर को बचाने में जुटा यूजेवीएन

**देहरादून।** यूजेवीएन की और से उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयासों के तहत यमुना नदी पर स्थित व्यासी जल विद्युत परियोजना क्षेत्र में गोल्डन महाशिर हैचरी का सफल संचालन किया जा रहा है। यह पहल राज्य के जलीय पारिस्थितिकीय तंत्र के संरक्षण की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम मानी जा रही है। गोल्डन महाशिर, जिसे हिमालयन महाशिर के नाम से भी जाना जाता है, उत्तराखंड की प्रमुख नदियों, गंगा, यमुना और कोसी, में पाई जाती है। यह मछली अब लुप्तप्राय श्रेणी में शामिल है। यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने जानकारी दी कि इस प्रजाति के संरक्षण के लिए राज्य सरकार और निगम द्वारा संयुक्त रूप से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। व्यासी परियोजना क्षेत्र में स्थापित यह हैचरी इन्हीं प्रयासों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह हैचरी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शीतल जल मत्स्य अनुसंधान निदेशालय, भीमताल के तकनीकी निर्देशन में स्थापित की गई है। अब तक इस हैचरी में लगभग 9,000 गोल्डन महाशिर मछलियों का उत्पादन किया जा चुका है। अप्रैल माह में इनमें से 3,000 मछलियों को प्रथम रैंचिंग के अंतर्गत व्यासी जलाशय में छोड़ा गया था। रैंचिंग प्रक्रिया के दौरान यूजेवीएन के उपमहाप्रबंधक धर्मेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता शांति प्रसाद भट्ट सहित निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। रैंचिंग एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है, जिसके माध्यम से हैचरी में तैयार मछलियों को प्राकृतिक जलाशयों में छोड़कर उनके प्राकृतिक संवर्धन को प्रोत्साहित किया जाता है। यह तकनीक न केवल मत्स्य उत्पादन बढ़ाने में सहायक है, बल्कि जल पारिस्थितिकीय तंत्र को सुदृढ़ और संतुलित बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# दून-टनकपुर एक्सप्रेस अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी

## उत्तराखंड को बड़ी सौगात, रेल मंत्री ने सीएम धामी को भेजा स्वीकृति पत्र

■ मुख्यमंत्री ने किया था रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध, मिली मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस को अब सप्ताह में तीन दिन संचालित किए जाने की स्वीकृति दी गई है।

पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों पर देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15019/15020) की आवृत्ति बढ़ाने के प्रस्ताव को रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस को अब सप्ताह में तीन दिन संचालित किए जाने की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह निर्णय उत्तराखंड वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी सौगात है।

मुख्यमंत्री ने कुछ माह पूर्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस की सेवा आवृत्ति बढ़ाने का अनुरोध किया था। इस पर रेल मंत्रालय ने विचार करते हुए ट्रेन की संचालन अवधि साप्ताहिक से बढ़ाकर त्रि-साप्ताहिक (तीन दिन प्रति सप्ताह) करने का निर्णय लिया है।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का हृदय से धन्यवाद, जिन्होंने उत्तराखंड वासियों की मांग को स्वीकार करते हुए देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस की आवृत्ति बढ़ाने की स्वीकृति दी है। यह निर्णय सीमांत कुमाऊं क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों, पर्यटकों और व्यवसायियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा...

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड**

यह कदम उत्तराखंड के पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों को देश के अन्य भागों से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा तथा राज्य के पर्यटन और व्यापार को नई गति देगा।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय से कुमाऊं और गढ़वाल के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार उत्तराखंड को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर सहयोग कर रही है।

## विकास योजनाओं के लिए सीएम ने दी 28.38 करोड़ की स्वीकृति

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विभिन्न जनपदों में जनहित एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के लिए अनेक योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। देहरादून की दक्षिण शाखा के अंतर्गत झाझरा जाने वाले लक्ष्मण चौक क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों के प्रतिस्थापन, बैराज मेहलगांव चौक तक पुनर्निर्माण कार्य को 495.77 लाख की योजना को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। देहरादून की पिथूवाला शाखा के अंतर्गत श्रद्धा एन्क्लेव में सीवर लाइन परिवर्तन एवं संपूर्ण एन्क्लेव और प्रियदर्शिनी एन्क्लेव में एस.टी.पी. एवं नेटवर्क निर्माण कार्य को 243.14 लाख, नैनीताल के विकासखण्ड हल्द्वानी स्थित गौलापार क्षेत्र में इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (स्टेडियम) की सुरक्षा को बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए 1455.09 लाख स्वीकृत किया गया। इसके प्रथम चरण हेतु 40 प्रतिशत धनराशि 582.00 लाख (पांच करोड़ बयासी लाख मात्र) की धनराशि जारी करने की स्वीकृति भी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई।

# जागेश्वर हमारी आस्था और विश्वास का केंद्र: धामी

## मुख्यमंत्री ने की घोषणा: मानसखंड के तहत भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रसिद्ध तीर्थस्थल जागेश्वर धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की कर प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कहा कि जागेश्वर हमारी आस्था और विश्वास का केंद्र है, इसे भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री धामी ने जागेश्वर धाम परिसर का पैदल भ्रमण एवं निरीक्षण किया तथा जागेश्वर धाम मास्टरप्लान की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर हमारी आस्था और विश्वास का केंद्र है, इसे दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए सभी संबंधित विभाग संपूर्ण समन्वय के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए धाम की बुनियादी अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करते हुए निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण कराया जाए। साथ ही सड़कों की स्थिति की नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वृद्ध जागेश्वर को भी जागेश्वर धाम के साथ साथ विकसित किया जाए, क्योंकि दोनों स्थलों का पौराणिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जागेश्वर धाम न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से, बल्कि पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी वैश्विक पहचान प्राप्त करे। जागेश्वर धाम का समग्र विकास स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर भी लेकर आएगा। इस दौरान डीएम अंशुल सिंह, सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एसएसपी देवेंद्र पींचा, एसडीएम संजय कुमार, तहसीलदार बरखा जलाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 76.78 करोड़ की 06 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्पर सिंह धामी द्वारा 76.78 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एवं स्वीकृत 06 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। लोकार्पण की गई योजनाओं में दन्या से आरा सल्पड़ मोटर मार्ग का सुधारीकरण, चायखान से थुआसिमल मोटर मार्ग का सुधारीकरण, तथा सत्यों में 33/11 केवी उप संस्थान का निर्माण शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलीटेक्निक सल्ट एवं दन्या में अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों तथा राजकीय पॉलीटेक्निक द्वाराहाट में मैकेनिकल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

### स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के खुलेंगे अवसर

**अल्मोड़ा।** सीएम धामी ने कहा कि मास्टर प्लान के कार्य में सभी की भावनाओं का ध्यान रखा जाएगा। कहा कि मास्टर प्लान से श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा। श्रद्धालुओं को सुविधाएं तो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। लोगों की भावनाओं को देखते हुए ही निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके लिए पहले लोगों की राय ली जाएगी।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण अवतार की कथा ने किया भाव विभोर

**बागेश्वर।** गरुड़ कोट भ्रामरी मंदिर में कथा का पंचम दिवस पर कथा में व्यास आचार्य रवि शंकर काण्डपाल ने कथा के माध्यम से समुद्र मंथन, वामन अवतार, गंगावतरण, रामा अवतार, श्री कृष्ण अवतार की कथा तथा कृष्ण अवतार की झांकी ने तो सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कथा में सैकड़ों भक्त, संत महात्मा भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहुमी, गोविन्द जोशी प्रेमा, महेश, विपिन, मयंक, कमल, भुवन ने अपने मधुर भजनों से पूरे क्षेत्र को भक्तिरस से सिंचित किया। कैलाश गुरु, मुख्य यजमान दया कृष्ण लोहुमी एवं सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

### बलवंत के परिवार की मदद को हाथ बढ़ाए

**बागेश्वर।** हल ही गरुड़ के रतमटिया ग्राम सभा में हुए अग्निकांड में सबकुछ खो चुके बलवंत राम के परिवार की मदद के लिए जनप्रति. निधि आगे आए हैं। कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण एवं जिला पंचायत सदस्य बबलू नेगी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हाल जाना और बिस्तर व बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस प्रदान की। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि इस कठिन समय में पीड़ित परिवार को सामाजिक सहयोग की सख्त जरूरत है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आगे आकर सहायता करने की अपील की। इस मौके पर बबलू नेगी ने कहा कि प्रशासनिक मदद के साथ-साथ समाज को भी मानवीय संवेदना दिखाने की आवश्यकता है, ताकि प्रभावित परिवार जल्द सामान्य जीवन की ओर लौट सके।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा का लाभ रेखा देवी को

**बागेश्वर।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक कंधार शाखा ने वित्तीय साक्षरता के तहत ग्राम रैतोली की रेखा देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ प्रदान किया। रेखा देवी के पति का कुछ समय पहले आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होंने शिविर के दौरान बीमा योजना में पंजीकरण कराया था, जिसके बाद दावा प्रक्रिया पूरी होने पर उनके खाते में 2 लाख रुपये की बीमा राशि स्थानांतरित कर दी गई। शाखा प्रबंधक नितिन सती ने बताया कि इस योजना के तहत सिर्फ 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 18 से 50 वर्ष तक के सभी बचत खाता धारक बीमा करा सकते हैं। किसी आकस्मिक घटना में 2 लाख रुपये की सहायता राशि लाभार्थी को मिलती है। इस मौके पर बैंक परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बैंक के कर्मचारी और ग्राहक उपस्थित रहे।

### सिलाई एवं ड्रेस डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बागेश्वर।** जन शिक्षण संस्थान और भारतीय रेडक्रॉस समिति के सहयोग से बागेश्वर में सिलाई एवं ड्रेस डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गए असाइनमेंट का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने आकर्षक परिधानों की डिजाइन तैयार की और अपने हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान पर भावना जोशी, द्वितीय स्थान पर अनीता और तृतीय स्थान पर शोभा देवी रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ानी चाहिए। रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण ने बताया कि यह प्रशिक्षण महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। भावना जोशी ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण से मिले आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणा की बात की। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक जितेंद्र तिवारी, रेडक्रॉस के सचिव आलोक पांडे सहित अन्य प्रमुख अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### दिल्ली जाने के लिए आठ अतिरिक्त बसें लगाई

**काशीपुर।** दिल्ली जाने के लिए यात्रियों की संख्या में इजाफा हो गया। इस पर रोडवेज डिपो ने दिल्ली रूट पर आठ अतिरिक्त बसों को लगाया है। काशीपुर डिपो से प्रतिदिन 16 रोडवेज की बसें दिल्ली को जाती हैं। काशीपुर डिपो की दिल्ली रूट पर चलने वाली बसें रामनगर से बनकर चलती हैं। रामनगर बस अड्डे पर दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए काशीपुर डिपो ने इस रूट पर बसों की संख्या बढ़ाई है। डिपो के फोरमैन मोहम्मद यामीन ने बताया कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए आठ अतिरिक्त बसों का संचालन किया जा रहा है।

### नंगली आश्रम में श्री रामचरितमानस पाठ

**काशीपुर।** सुभाष नगर स्थित श्री नंगली आश्रम में आज से श्री रामचरितमानस का पाठ रखा गया। आश्रम की सचिव रुचि बाई ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आज सुबह 9 बजे से श्रीरामचरितमानस पाठ के साथ हुई, जो लगातार अगले दिन प्रात: 9 बजे तक चलेगा। पाठ के उपरांत भोग लगाया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार रात 8 बजे से 1 बजे तक सत्संग व प्रवचन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें साधू-संत और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। तीसरे दिन वृहस्पतिवार सुबह 9 बजे आश्रम परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शुगर मिल रोड, एलआईसी रोड और आवास विकास होते हुए पुन: आश्रम पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन के बाद 108 दीपों से महाआरती की जाएगी और तत्पश्चात प्रसाद वितरण व भंडारा आयोजित होगा। कार्यक्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष शुद्ध महेशानंद की अध्यक्षता में संपन्न होंगे।

## जूस की दो बड़ी दुकानों के सैंपल फेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले में लोगों के सेहत से खिलवाड़ करने पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। टीम ने जिला मुख्यालय में स्थित दो बड़ी जूस की दुकानों के सेंपल फेल पाए। इसके साथ ही नुमाइसखेत स्थित दूध की डेयरी में भी दूध की गुणवत्ता अधोमानक पायी गयी। दूध में वसा की मात्रा बेहद कम दर्ज पाई गई है। लोगों की लगातार शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को छापेमारी करते हुए दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने तत्काल मौके से एकत्रित किये गये खाद्य पदार्थों के नमूने (सेंपल) लिए। खाद्य पदार्थों के सेंपल की रिपोर्ट आने के बाद जूस में इडेबल कलर की अधिक मात्रा और दूध मानकों के अनुरूप खरा नहीं पाया। अभिहित अधिकारी ललित मोहन पाण्डे और खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार की टीम ने दोनों दुकानों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों को सावधान करते हुए बताया कि फल के स्वाद में डाले जाने वाले रसायनों को एस्टर कहा जाता है। ये कार्बनिक यौगिक होते हैं जो अलग-अलग फलों के स्वाद और सुगंध की नकल करने के लिए बनाए जाते हैं। कुछ फलों के स्वाद में उपयोग होने वाले विशिष्ट रसायन इस प्रकार हैं। कृत्रिम स्वाद बनाने के लिए इन एस्टर को अन्य रासायनिक यौगिकों जैसे एल्डिहाइड, कीटोन और अल्कोहल के साथ मिलाया जाता है।

## द्वाराहाट पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने दो दिवसीय आध्यात्मिक प्रवास पर मंगलवार को द्वाराहाट पहुंचे। बुधवार को वे दूनागिरी की पवित्र पहाड़ियों में स्थित महावतार बाबा की गुफा में ध्यान साधना करेंगे। सोमवार दोपहर द्वाराहाट पहुंचने पर पूर्व राष्ट्रपति सीधे भूमकिया स्थित आदि माउंट इको रिसॉर्ट पहुंचे, जहां उनका स्वागत प्रशासनिक अधिका. रियों द्वारा किया गया। लगभग तीन घंटे के विश्राम के उपरांत वे योगदा आश्रम पहुंचे और वहां उपस्थित सन्यासियों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कृष्ण मंदिर ध्यान केंद्र एवं सन्यासियों के साथ आधा घंटा व्यतीत किया। योगदा आश्रम में पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत प्रभारी स्वामी वासुद. ेवानंद, स्वामी विश्वानंद, स्वामी अमयानंद, स्वामी धैर्यानंद, स्वामी नित्यानंद और अन्य सन्यासियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द ने योगदा आश्रम की गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। बताया कि राष्ट्रपति पद पर रहते हुए वे परमहंस योगानंद जी की गीता के हिंदी अनुवाद के विमा. ेचन कार्यक्रम में भी रांची स्थित योगदा आश्रम गए थे। इसके बाद कोविंद द्वाराहाट से लगभग 18 किलोमीटर दूर दूनागिरि रिट्रीट सेंटर के लिए रवाना हुए, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। बुधवार को वे महावतार बाबा की गुफा में ध्यान लगाने जाएंगे। उल्लेखनीय है कि महावतार बाबा की यह गुफा लंबे समय से देश-विदेश के श्रद्धालुओं और विशिष्ट हस्तियों के आकर्षण का केंद्र रही है। इससे पूर्व यहां फिल्म अभिनेता रजनीकांत, मनोज बाजपेयी, जैकलीन फर्नांडिस, जूही चावला सहित आरएसएस के रज्जू भैया भी ध्यान साधना के लिए यहां पहुंच चुके हैं।



### जीआरपी ने महिला को बचाया

**काशीपुर।** रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते समय महिला का संत. ुलन बिगड़ने की वजह से वह गिर गई। वहां पर तैनात जीआरपी कर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए महिला को ट्रेन की चपेट में आने से बचाया। रेलवे स्टेशन से रोजाना सुबह सवा दस बजे दिल्ली के लिए संपर्क क्रांति एक्सप्रेस जाती है। गत दिवस ट्रेन से दिल्ली जाने के लिए एक परिवार रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था। ट्रेन अपने निर्धरित समय पर चलने लगी थी। आनन-फानन में परिवार की एक महिला ने चलती ट्रेन में बैठने की कोशिश की। जल्दबाजी में महिला चलती ट्रेन से गिर गई। इसी बीच वहां मौजूद जीआरपी कर्मियों ने महिला को खींचते हुए उसे ट्रेन की चपेट में आने से बचा लिया।

### चालक पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही कार में टक्कर मारकर कार सवार महिला समेत दो बच्चों को घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुष्प विहार आवास विकास निवासी आशीष अग्रवाल पुत्र नंदन अग्रवाल ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती 27 अक्टूबर की शाम कार सं. यूके18 के-8001 से अपने परिवार के साथ ग्राम परमानंदपुर से काशीपुर आ रहा था कि शाम करीब 7.30 बजे आईजीएल फैक्ट्री के गेट नं. दो के पास सामने से आ रही कार यूपी 21बीक्यू-3132 के चालक ने उनकी साइड में आकर कार में सामने से टक्कर मार दी। घटना में उनकी पत्नी तथा दो बच्चे घायल हो गये।

## जय गोल्ज्यू महोत्सव कल से

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मल्ला महल में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जय गोल्ज्यू महोत्सव 2025 का आयोजन होगा। शुभारंभ 30 अक्टूबर को डयोड़ी पोखर से मल्ला महल तक शोभायात्रा से किया जाएगा। मंगलवार को आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजकों ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। महोत्सव का शुभारंभ 30 अक्टूबर को डयोड़ी पोखर से मल्ला महल तक शोभायात्रा के साथ होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन में उत्तराखंड के साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में भजन संध्या, झोड़ा नृत्य प्रतियोगिता, एकल महिला नृत्य प्रतियोगिता, महिला पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता और महिला गायन प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। साथ ही पारंपरिक छोलिया नृत्य, कत्थक नृत्य और उत्तराखंडी लोक नृत्य मंच की शोभा बढ़ाएंगे। देश के अन्य राज्यों से आए कलाकार भी अपनी-अपनी लोक संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। जम्मू से डोगरी, पंजाब से भांगड़ा, राजस्थान से कालबेलिया, हरियाणा से फाग और पश्चिम बंगाल से रायबंशी नृत्य दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस बार महोत्सव को पूरी तरह भव्य और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर रूप में आयोजित करने की तैयारी की जा रही है, ताकि स्थानीय कलाकारों को मंच मिले और दर्शक देश की समृद्ध लोकसंस्कृति से रूबरू हो सकें।



## कबड्डी टीमों का चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव मनमोहन बसेड़ा ने बताया कि चकलुआ के देवीपुरा में नैनीताल जिले की अंडर 20 बालक बालिका टीमों का चयन किया गया जो कि आगामी चार और पांच नवम्बर को टिहरी गढ़वाल के नैनबाग में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। ट्रायल में 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बालिका वर्ग में चित्रा नयाल, लक्ष्मी मेहता, प्रिया दानू, सोनी पांडे, गीता बिष्ट, दीपाली शाह, रिया जोशी, आकांक्षा थुवाल, यामिनी आर्य, सोनिया आर्य, वर्षा, गरिमा डांगी, माया और मानसी कार्की का चयन किया गया तथा बालक वर्ग में गौरव जोशी, नीरज गड़िया, सौरभ बिष्ट, गौतम बिष्ट, धर्मेंद्र पलडिया, विकास, सचिन मनराल, पंकज सैनी, परम पुनीत सिंह, करण सिंह जग्गी, अक्षय गोस्वामी, कृष्णा, सुमित दानू व दिव्यांशु बिष्ट का चयन किया गया। इस दौरान उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के उप सचिव परमवीर सिंह पम्मा, खो-खो कोच राजेंद्र सिंह नेगी, रजत कुमटिया, राज. ेश बिष्ट, अनीता गोस्वामी, नितिन पडलिया, सूरज सैनी, शुभम नेगी इत्यादि मौजूद रहे।



## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का दौरा 31 को

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष दीपक सिंह गैश्याल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 31 अक्टूबर को भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली के प्रथम बार बागेश्वर आगमन के अवसर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गाड़िया ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। ताकि प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी बिस्तर से चर्चा की।



बैठक में जिला महामंत्री संजय परिहार, प्रदेश संयोजक आदर्श, नगर अध्यक्ष भाजपा विवेक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष योगेश सनवाल, जिला महामंत्री दीपक खुल्बे, जिला मंत्री निर्मल शाह, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा शाही, आईटी सेल संयोजक कमल राणा और सोशल मीडिया सह प्रभारी विनय कर्मियाल मौजूद रहे। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष राहुल शाह, गणेश कांडपाल, अशोक बिष्ट, गो. विंद कपकोटी और योगेश जोशी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर उत्साह प्रकट किया और कार्यक्रम को भव्य रूप देने का संकल्प लिया।

## राशनकार्ड की केवाईसी का काम लापरवाही की भेंट चढ़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले में राशन कार्डों की केवाईसी का काम अभी तक युद्ध स्तर पर शुरू नहीं हुआ है, जबकि विभाग ने इसके लिए 30 नवंबर की तिथि अंतिम रखी है। यदि समय पर केवाईसी नहीं हुई तो यूनिट कटने और राशन कार्ड निरस्त होने का खतरा बढ़ गया है। बता दें कि पूर्ति विभाग ने दस दिन पहले राशन कार्डों को बायोमीट्रिक केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्य राशन डीलरों के माध्मय से होना है। इसके लिए 30 नवंबर की तिथि घोषित की है, लेकिन अभी तक ग्रामीण क्षेत्र में यह कार्य युद्ध स्तर पर शुरू नहीं हुआ है। कुछ दुकानदारों ने यह काम शुरू कर दिया है, लेकिन कुछ दुकानदारों ने यह काम शुरू नहीं किया है। वे लोग नेट खर्च तथा अन्य खर्च की बात कर कार्डधारकों को टहलाने में लगे हैं। दीपावली में कई प्रवासी गांव आए थे, लेकिन उनकी केवाईसी नहीं हो पाई। इस कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा। यदि 30 नवंबर तक यह काम पूरा नहीं हुआ तो यूनिट तथा राशन कार्ड के निरस्त होने का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने पूर्ति विभाग से शि. विर लगाकार केवाईसी कराने की मांग की है। इधर जिला पूर्ति अधिकारी बीसी पांडेय ने बताया कि सभी राशन डीलरों को यह जिम्मेदारी दी है। उन्हीं के यहां बायोमैट्रिक केवाईसी होगी। जो डीलर मना करेंगे उनकी शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी होगी।

## किसानों के प्रति लापरवाही उजागर

### हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद धान भुगतान में देरी: उपाध्याय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार की किसानों के प्रति लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। नैनीताल हाईकोर्ट के डबल बेंच में दो से तीन वर्ष पूर्व दायर की गई जनहित याचिका में किसानों के धान और गेहूं के भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा उठाया गया था। इस मामले में कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को 24 से 72 घंटे के भीतर किसानों का भुगतान सुनिश्चित करने का आदेश दिया था। हालांकि, आदेश के बावजूद स्थिति नहीं बदली है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डा. गणेश उपाधयाय ने बताया कि शांतिपुरी में उन्होंने लगभग 23 कुंतल धान तोलवाया था, जिसकी कीमत करीब 54,000 है, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि किसानों को पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य कम मिल रहा है, ऊपर से बेमौसम की बारिश, जंगली जानवरों और पालतू पशुओं से फसलों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा, जब किसान अपनी मेहनत की फसल लेकर तोल केंद्र तक पहुंचता है, तो उसे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद होती है। लेकिन सरकार की लापरवाही ने दीपावली और छठ जैसे त्योहारों की खुशियां भी छीन ली हैं। गणेश उपाध्याय ने बताया कि उनकी बात खाद्य रसद सचिव फैनई से हुई, जिन्होंने कहा कि भारत सरकार का पैसा आ चुका है। इस पर उन्होंने सवाल उठाया, जब अधिकारियों को समय पर वेतन मिल सकता है, तो किसानों को उनके परिश्रम का फल क्यों नहीं? उन्होंने घोषणा की है कि वे शीघ्र ही उत्तराखंड सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर करेंगे। उनका कहना है कि सरकार को किसानों की इस घोर लापरवाही की जिम्मेदारी जरूर भुगतनी होगी।



## धूमधाम से मनाया छठ पर्व



शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** सूर्य उपासना का महापर्व शांतिपुरी गेट, आनंदपुर, एवं नगला नगर पंचायत, क्षेत्र में छठ बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छठी मैया के निर्जल व्रत धारियों ने सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को दूध व जल से अर्घ्य अर्पित कर घर-परिवार के बड़े-बुजुर्गों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं मंगलवार प्रात: उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महाप्रसाद वितरण कर व्रत का उद्यापन किया गया। व्रतधारियों ने छठी मैया से देश एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। छठ पूजा के आयोजन में विनोद कोरंगा, राहुल पांडे, राजेंद्र शर्मा, वीरेश्वर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, किशन सिंह कोरंगा, नीलम कुशवाहा, रागिनी कुशवाहा, मंजू देवी, लक्ष्मी गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुनील कुशवाहा, मंदिर कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी, मिथिलेश रोहेला, राजकिरण तिवारी, सभासद गोपाल जोशी, रामेश्वर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बागेश्वर से हल्द्वानी चरस की सप्लाई

### आठ लाख की चरस के साथ पुलिसने एक तस्कर को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** एसपी बागेश्वर चन्द्रशेखर घोड़के के कुशल नेतृत्व में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बागेश्वर पुलिस ने 2.006 किलोग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग आठ लाख रुपये आंकी गई है। प्रदेश सरकार के नशामुक्त उत्तराखण्ड 2025 अभियान के तहत चलाए जा रहे इस अभियान में पुलिस को यह सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उनके निर्देश पर क्षेत्राधिकारी अजय लाल साह के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसआ. ेजी निरीक्षक सलाउद्दीन के नेतृत्व में एसओजी टीम ने बागेश्वर-कपकोट मार्ग पर पंद्रहपाली तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूके08आर-7019 (अपाचे) से जा रहा एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर युवक के पिट्टू बैग से 2.006 किलोग्राम चरस बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार पुत्र स्व. दुर्गाराम, निवासी बदियाकोट, थाना कपकोट, जिला बागेश्वर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह चरस अपने घर से हल्द्वानी ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बागेश्वर में एफआईआर संख्या 69/25, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना एसआई मनोहर चंद को सौंपी गई है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। एसपी बागेश्वर ने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस की मुहिम निरंतर जारी रहेगी। वहीं पुलिस टीम को दो हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। वहीं पुलिस अभियुक्त के आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।



## बहुउद्देशीय सभागार का लोकार्पण



शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के कुल. पति डा. मनमोहन चौहान द्वारा आज प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में यूको बैंक पंतनगर द्वारा प्रदान किये गये एक एम्बुलेंस का लोकार्पण विश्वविद्यालय के चिकित्सालय के उपयोग हेतु यूको बैंक पंतनगर के सहायक शाखा प्रमुख प्रशान्त चौहान एवं प्रौद्योगिक महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसएस गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कुल. पति द्वारा नवनिर्मित 200 विद्यार्थियों की क्षमता वाले एक बहुउद्देशीय सभागार का भी लोकार्पण किया गया। यह सभागार थ्रीडी सुविधा से युक्त प्रोजेक्टर से सुसज्जित है। तदोपरान्त डा. आरपीएस गंगवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन द्वारा कुलपति का प्रथम तल पर स्थित डीप टैक इनोवेशन सेंटर का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन

❑ निर्जला व्रत रख कर अपने बच्चों की दीर्घायु की कामना की
❑ लोकगीतों से गूंजे छठ घाट





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सेविले चरण तोहरख हे छठी मइया सुनि लेहू अरज हमार.. ..निर्धन जानेला, ई धनवान जानेला हम करेली छठ बरतियां से उनखे लागी....जैसे लोकगीत मंगलवार को छठ पर्व पर गूंजे। उगते सूर्य की पूजा अर्चना के साथ चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो गया। व्रती महिलाओं ने सुबह घरों पर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और प्रसाद खाकर अपने व्रत को पूरा किया। इस दौरान लोगों ने आतिशबाजी भी की। लोक आस्था के महापर्व छठ मंगलवार को सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। 4 दिनों तक चले इस महापर्व मे छठव्रतियों ने निर्जला व्रत रख कर अपने बच्चों की दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की। हल्द्वानी महानगर के छठ घाटों पर माथे पर देउरा लिए लोग सुबह से दिखाई देने लगे थे। सुबह की ठंड के बीच श्रद्धालुओं का आस्था लोक गीत और जगमगाती दियों ने लोगों में जोश में भर दिया। क्या बच्चे, क्या बूढ़े सभी ने छठ घाटों पर जाकर छठ मैया से आशीर्वाद मांगा और भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। 36 घंटो तक निर्जला व्रत रखी छठव्रती भगवान भास्कर के उदय होने की प्रतीक्षा में बड़ी ही श्रद्धा और ठंडे जल में उतर कर मंगल कामना कर रही थी। अंतिम दिवस उदयाचल सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के लिए भोर से ही छठ व्रती महिलाएं छठ घाट पहुंच चुकी थी जैसे ही सूर्य की प्रखर लालिमा आसमान में फैली छठव्रती महिलाओं ने उनका उत्साह के साथ आतिशी स्वागत किया। पटाखे फुलझड़ियां और महामाया कुंड में झिलमिलाते असंख्य के दीपों की आभा से मंदिर परिसर की छटा देखते ही बन रही थी। लोगों की भीड़ ने सूर्य देव को प्रणाम कर कुशलमंगल की कामना की। मान्यता है कि छठी माई से जो भी मंगल कामना की जाती है वो मां पूरी करती हैं। इस बार महिलाओं ने परिजनों की खुशहाली और देश प्रदेश में समृद्धि की कामना की।

# प्रकाश पर्व पर कीर्तन दरबार 5 को

❑ आज से शहरभर में निकलेगी प्रभात फेरी 4 नवंबर को शाम 7 से रात 10 बजे तक सजाए जाएंगे धार्मिक दीवान 5 नवंबर को रामलीला मैदान में होगा कीर्तन समागम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वाँ प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा के साथ आगामी 5 नवंबर को विशाल कीर्तन दरबार के साथ बनाया जाएगा। मंगलवार को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि इस गुरु पर्व को समर्पित 29 अक्टूबर से 3 नवंबर प्रातः शहर के विभिन्न गुरुद्वारों के लिए प्रभात फेरिया गुरबाणी गायन करते हुए प्रस्थान करेंगी। 4 नवंबर को शाम 7 से रात 10 बजे तक धार्मिक दीवान सजाए जाएंगे और 5 नवंबर को रामल. ीला ग्राउंड स्थित विशाल पंडाल लगाकर प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व काफी भव्यता और पवित्रता के साथ कीर्तन समागम का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें पंथ के महान कथावाचक कीर्तनीय, ग्रंथी सिंह, कथा विचार और गुरबाणी विचार करेंगे। इसके बाद विशाल लंगर का भी आयोजन होगा जिसमें समूह साथ संगत और श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ लंगर को ग्रहण करेंगे। वार्ता के दौरान अमरजीत सिंह बिंद्रा, वीरेंद्र सिंह चड्ढा, जसपाल सिंह को. हली, रणजीत सिंह नागपाल, हरजीत सिंह सच्चर, हरविंदर सिंह कुकरेजा, हरजीत सिंह चड्ढा, अमरजीत सिंह सेठी, जसपाल सिंह मालदार, चरणजीत सिंह बिंद्रा, सनी आनंद आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली के सामने रेस्टोरेंट में चोरों की सेंधमारी

## मोतीमहल रेस्टोरेंट की छत पर बने दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर घुसे चोर

❑ 45 सौ रुपये की नगदी, आईफोन, तांबे की गगरी ले उड़े चोर
❑ कैमरे में कैद हुए चोर, पुलिस तलाश में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शातिर चोरों ने कोतवाली के बिल्कुल सामने स्थित मोती महल रेस्टोरेंट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने रेस्टोरेंट का गल्ला खाली कर दिया और अन्य कीमती सामान भी चोरी कर ले गए। पुलिस ने रेस्टोरेंट की स्वामिनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रेस्टोरेंट की स्वामिनी रविंद्र कौर पत्नी मंजीत सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते बीती 26 अक्टूबर की रात को वह रोजना की तरह रेस्टोरेंट बंद कर घर चली गईं थीं। अगले दिन सुबह जब वह रेस्टोरेंट पहुंचीं, तो शटर पर ताले लगे हुए थे। शटर खोलते ही उन्हें रेस्टोरेंट के अंदर का हाल देखकर आश्चर्य हुआ। अंदर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जब उन्होंने अपना गल्ला चेक किया, तो पाया कि वह टूटा हुआ था और उसमें रखे लगभग 4500 रुपए गायब थे। इसके अलावा, चोर एक आईफोन और तांबे की गगरी भी ले गए है। बताया जा रहा शातिर चोर रेस्टोरेंट की छत पर लगे दरवा. जे की कुंडी तोड़कर अंदर दाखिल हुए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमे चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए दो शातिर चोर कैद हुए है। पुलिस चोरो की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि रेस्टोरेंट स्वामिनी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जनता के सहयोग से देश को स्वच्छ बनाना संभव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) नैनीताल द्वारा मंगलवार को हल्द्वानी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हल्द्वानी के अकादमी आरके टेंट हाउस रोड में आयोजित हुआ, जहां महापौर गजराज सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौर बिष्ट ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ें और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दें। उन्होंने कहा, यदि हर बच्चा और नागरिक यह संकल्प ले कि अपने आसपास की सफाई हमारी आदत और जिम्मेदारी है, तो स्वच्छता स्थायी रूप से कायम रह सकती है। आज के कार्यक्रम के बाद हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि कम से कम अपने घर, गली या एक निश्चित स्थान को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम खुद उठाएं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक पांडे, तत्वयोगा केंद्र की निदेशक तनीषा और डीएसए के प्रबंधक नितिन पांडे भी उपस्थित रहे। केंद्रीय संचार ब्यूरो की नोडल अधिकारी श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने बताया हमारी संस्कृति में स्वच्छता को सेवा माना गया है। यह सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति हमारा कर्तव्य है। भारत सरकार का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से सामूहिक जागरूकता, सहभागिता और स्वयंसेवी भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रीतम ने पहला, कनिका द्वितीय, मिताक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जबाव देने वाले प्रतिभागियों को महापौर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रशांत मेहता, प्रखर शर्मा, हेमा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने रजत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ को रजत जयंती समारोह के रूप में धूमधाम से मनाने के लिए जनपद में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को हल्द्वानी नगर में भव्य पदयात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। रजत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को सीडीओ अनामिका ने नगर निगम सभागार, हल्द्वानी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में रजत जयंती समारोह के सफल आयोजन और राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाली पदयात्रा की योजनाओं पर चर्चा की गई। सीडीओ ने पदयात्रा के मार्ग और आयोजन की जानकारी ली। यह पदयात्रा एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी से शुरू होकर तिकोनिया, ठंडी सड़क और हाइडिल गेट होते हुए फिर से कॉलेज परिसर में समाप्त होगी। इस दौरान युवा भारत नैनीताल विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा, सूचना विभाग द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए जाएंगे। सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि इस पदयात्रा में अधिकतम जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए और लोगों से अपील की जाए कि वे इस आयोजन में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करें। बैठक में नगर आयुक्त हल्द्वानी परितोष वर्मा, जिला विकास अधिकारी गोपाल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# ओपन यूनिवर्सिटी ने बनाया रिकॉर्ड

❑ स्वयं प्लेटफॉर्म पर संचालित किए सर्वाधिक एमओओसी
❑ जुलाई 2025 सत्र में 42,000 से अधिक शिक्षार्थियों का नामांकन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय ने ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के स्वयं प्लेटफॉर्म पर सबसे अधिक भारी मात्रा में खुले ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओआ. सी) संचालित करने का रिकार्ड बनाया है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि जुलाई 2025 सत्र में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 12 एमओओसी में कुल 42,454 शिक्षार्थियों ने नामांकन किया, जो किसी भी एक सत्र में अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। अब तक विश्वविद्यालय के एमओओसी में 2,06,536 शिक्षार्थी नामांकित हो चुके है, जिनमें 60 से अधिक देशों के विद्यार्थी सम्मिलित हैं। ये पाठ्यक्रम साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक, वेब प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, शिक्षा और जीवन कौशल जैसे समसामयिक एवं रोजगारोन्मुख विषयों पर आधारित है, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल हमारे शिक्षकों, विषय विशेषज्ञों और तकनीकी टीम की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह हमारे शिक्षार्थियों के विश्वास और समर्पण का भी प्रतीक है। प्रो. लो. हनी ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने डिजिटल अवसंरचना के उन्नयन पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है। एशियाई विकास बैंक परियोजना के अंतर्गत शैक्षिक मल्टीमीडिया उत्पादन केंद्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। साथ ही, स्थानीय स्तर पर ई-कंटेंट निर्माण सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था तथा तकनीकी मानव संसाधन के सशक्तिकरण की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय परीक्षा संस्था के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी, विश्वविद्यालय के मान्यता बोर्ड के सदस्य प्रो. एचसी पोखरियाल, विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. गिरिजा पाण्डेय, निदेशक अकाद. मिक प्रो. पीडी पंत, कंप्यूटर साइंस के निदेशक प्रो. जितेंद्र पाण्डेय, पत्रकारिता एवं मीडिया के निदेशक प्रो. राकेश चंद्र रयाल मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जवाहर नगर टनकपुर रोड क्षेत्र में मंगलवार को बिजली विभाग की टीम जब स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची तो वहां पर विभाग के कर्मचारियों को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग नहीं माने। स्थानीय लोगों ने मीटर उनके हाथों से हटा दिया और स्पष्ट कहा कि वे किसी भी कीमत पर बिना उनकी सहमति के स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। लोगों का आरोप है कि उनसे बिना भरोसे और जानकारी के ज़बरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें बिल बढ़ने और तकनीकी गड़बड़ियों की आशंका है। जिसके बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। जानकारी के मुताबिक जब विभाग की टीम स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पहुंची, तो स्थानीय लोग एकत्र होकर विरोध करने लगे। स्थानीय निवासियों का कहना था कि विभाग बिना पूर्व जानकारी दिए पुराने मीटर को तोड़कर नए स्मार्ट मीटर लगाने की कोशिश कर रहा था। उनका आरोप था कि विभाग ने न तो मीटर बदलने का स्पष्ट कारण बताया और न ही इसके लिए कोई समझाइश दी। लोगों ने विभाग से एक-दो दिन का समय मांगा ताकि वे मीटर से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकें, और इसके बाद ही बदलाव को स्वीकार किया जाए। घटना के समय जब विभागीय कर्मचारी कुछ स्थानों पर मीटर बदलने की कोशिश कर रहे थे, तो विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया। लोग कर्मचारी से मीटर छीनने की कोशिश करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मौके पर बुलाया गया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी के बावजूद विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा था। आखिरकार, बढ़ते विरोध के कारण विभाग की टीम को बिना कोई कार्य किए ही वापस लौटना पड़ा। विद्युत विभाग का कहना है कि लोगों के बीच कुछ गलतफहमियाँ हैं, जिन्हें दूर करने के लिए बातचीत की जाएगी। विभाग ने यह भी बताया कि फिलहाल टनकपुर रोड क्षेत्र में आज स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य रोक दिया गया है।

# यूओयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी 30-31 को

❑ पुस्तक मेले का मेयर करेंगे शुभारंभ
❑ कुमाउनी-गढ़वाली सहित सीमांत भाषाओं पर होगी गहन चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय में 30-31 अक्टूबर से उत्तराखंड की भाषाओं पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय उत्तराखंड भाषा संस्थान एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में उत्तराखंड की प्रमुख भाषाओं कुमाऊंनी एवं गढ़वाली पर तो चर्चा होगी ही, साथ ही इनकी सीमान्त भाषाओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। उत्तराखंड की भाषाओं में राजी, थारू, रं, बुक्सा, नेपाली, रावल्टी, बंगाणी, एवं जौनसारी आदि भाषाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी। पुस्तक मेले का शुभारंभ महापौर गजराज बिष्ट करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में भाषा मंत्री सुबोध उनियाल जी होंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीए के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी एवं लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट होंगे। कार्यक्रम में प्रो. वीरा जगन्नाथन, प्रो. लक्ष्मण सिंह बिष्ट बटरोही, प्रो. उमा भट्ट, डा. प्रयाग जोशी, प्रो. देव सिंह पोखरिया, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. जितेंद्र श्रीवास्तव, प्रो. शिद्धेश्वर सिंह, प्रो. प्रभा पंत, प्रो. प्रीति आर्या, हयात सिंह रावत, डा.नन्द किशोर हटवाल, रमाकांत बेंजवाल, गणेश खुगशाल गणि, मुकेश नौटियाल, डा. आभा गर्खाल, डा. दिनेश शर्मा, डा. जगद. ीश पंत, महावीर रवालटा, सुभाष रावत, भजनलाल शर्मा, प्रो. पीडी पंत, प्रो. एचपी शुक्ल एवं प्रो. जेके जोशी की उपस्थिति रहेगी।

# बैंक उपभोक्ताओं के लिए विशेष शिविर 29 अक्टूबर को

❑ 10 साल से अधिक पुराने निष्क्रिय खातों पर मिलेगा भुगतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला लीड बैंक अधिकारी अमित बाजपेयी ने बताया कि बैंक उपभोक्ताओं की सुविधा और जागरूकता के उद्देश्य से 29 अक्टूबर को रघुवर बैंक्वेट हॉल, डीएवी स्कूल के पास, कमलुवागांजा, हल्द्वानी में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, जिले की सभी बैंकें, बीमा कंपनियां, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), म्यूचुअल फंड, और पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। शिविर के माध्यम से 10 वर्ष या उससे अधिक समय से दावा न किए गए जमा खातों के खाताधारकों को जागरूक किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर भुगतान भी किया जाएगा।

# एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की शानदार जीत

❑ देवांश बने मैन ऑफ-द मैच
❑ स्व. पूरन चन्द्र बलूटिया मेमोरियल अंडर-14 टूर्नामेंट



**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्लब मैदान पर खेले जा रहे अंडर-14 स्व. पूरन चंद्र बल्यूटिया मेमोरियल बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मैच में एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हल्द्वानी-11 को 639 रनों से मात देकर पूरे दो अंक हासिल किए। हल्द्वानी-11 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए एकलव्य अकादमी ने अपनी पहली पारी 382 रनों पर घोषित की। टीम के देवांश ने 203 रनों की शानदार दोहरी शतकीय पारी खेली, जबकि गजेंद्र ने 57 और उत्कर्ष ने 40 रन जोड़े। जवाब में हल्द्वानी-11 की टीम पहली पारी में मात्र 53 रन बनाकर ढेर हो गई। दूसरी पारी में एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने गजेंद्र 103, दिव्यांश 107 और नक्श 50 रनों की पारी की मदद से 347 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। 667 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए हल्द्वानी-11 की टीम दूसरी पारी में भी केवल 37 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार एकलव्य क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी देवांश को दिया गया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ वरिष्ठ क्रिकेटर संजय चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, पंकज गुरुरानी, प्रशांत भंडारी, योगेश चौहान, विक्रम बोरा, विजय आर्या, प्रकाश भगत आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बैलपड़ाव न्याय पंचायत में विधायक बंशीधर भगत ने चुनावी बिगुल फूंकते हुए भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजन किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग बैलपड़ाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण, कोटाबाग राजकीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट, बाल रोग एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर की तैनाती, कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करवाने पर बैलपड़ाव, कोटाबाग एवं कालाढूंगी क्षेत्र की जनता ने विधायक भगत को विकास पुरुष की संज्ञा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक भगत ने सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत मंथन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, मतदाता संपर्क अभियान चलाने और हर घर तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। भगत ने सम्मेलन के अंत में समस्त कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि भाजपा न केवल कालाढूंगी बल्कि पूरे उत्तराखंड में फिर से प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, महामंत्री दीवान सिंह बिष्ट, विनोद बधानी, विधायक प्रतिनिधि मयंक तिवारी, सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल नयन जोशी, सुरेंद्र बोरा, प्रधान गंगा बिष्ट, डा. रानी कंबोज, कुलवीर कंबोज, दमयंती फुलारा, कपिल सती, अनिल कंबोज, धर्मानंद सती, हेम पाठक, देवेंद्र बिष्ट, तारा पाण्डे, हरीश, पुष्कर चौहान, चंद्रशेखर बुधलाकोटी, लीलाधर सती, भगवान कंबोज, मनिंदर कंबोज, भरत बुधलाकोटी, शंभू दत्त आदि मौजूद रहे।

# कृषकों को वैज्ञानिक तकनीकों की दी जानकारी

❑ तिलहनी फसलों में सल्फर के उपयोग पर दिया जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलिकोट के वैज्ञानिक डा. कंचन नैनवाल एवं डा. दीपाली तिवारी ने ग्राम फत्ताबंनगर में प्रथम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत लाही सरसों की अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां पंत तोरिया-508 एवं पंत पीली सरसा. -1 का बीज एवं अन्य निवेशों का वितरण किया। इस अवसर पर किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डा. कंचन नैनवाल ने किसानों को लाही सरसों की वैज्ञानिक खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कृषकों से तिलहनी फसलों में सल्फर के प्रयोग करने का आहवान किया और बताया कि सल्फर से न केवल तेल की गुणवत्ता बढ़ती है, बल्कि भूमि की उर्वरता में सुधार होता है और रोगों का प्रकोप भी कम होता है। डा. दीपाली तिवारी ने कार्यक्रम में प्याज की उन्नत उत्पादन तकनीकियों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम के जैविक प्रशिक्षक अनिल पांडे, प्रगतिशील कृषक मोहन लोशाली, दीपा, लक्ष्मी चोपड़ा, गिरीश लौशाली सहित कई किसान मौजूद रहे।

# भोजनालय की आड़ में शराब बेचने वाला गिरफ्तार

❑ काउंटर के नीचे बरामद हुई अंग्रेजी व देसी शराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भोजनायल की आड़ में शराब की तस्करी व शराब परोसने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान मंडी पुलिस ने पांडे भोजनालय से बड़ी मात्रा में देसी और अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने भोजनालय के मालिक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बीते 26 अक्टूबर की रात्रि मंडी चौकी प्रभारी प्रेम विश्वकर्मा और कांस्टेबल अमर सिंह गोरापड़ाव क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। जब उन्हें धौलाखेड़ा स्थित पांडे भोजनालय में शराब बिकने की सूचना मिली, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति गल्ले पर बैठा हुआ भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी टूट गया और उसकी निशानदेही पर काउंटर के नीचे से भारी मात्रा में देसी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम उज्वल राठौर पुत्र बहादुर सिंह राठौर निवासी गोरापड़ाव बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह भोजनालय से ही शराब की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

CMYK



# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा महापर्व सम्पन्न

- पूजा स्थलों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब
- वर्तमान विधायक शिव अरोरा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी छठ घाट पर पूजा कर लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्वांचल समाज के लोगों द्वारा सूर्य उपासना व आस्था के महा पर्व छठ पूजा का आज महिलाओं द्वारा उदय होते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही समापन हो गया। नहाय खाय आौर खरना के बाद व्रतधारी महिलाओं ने सोमवार को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुखसमृद्धि और संतानं की मंगल कामनायें की।

आज मंगलवार प्रात: सूर्योंदय से पूर्व ही नगर व आस पास नदी, तालाबों व नहरों के किनारे स्थित छठ पूजा स्थलों पर सैकड़ों की संख्या महिलायें परिजनों के साथ टोकरी में फल, ठेकुआ, गन्ना, सिंघाड़ा, मूली , कद्दू, गुड़, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री लेकर पहुंच गई थीं। ज्यों ही सूर्योंदय हुआ छठ मैया के जयघोषों के साथ महिलाओं ने जल मे खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र प्राप्ति, पति के दीर्घायु होने और घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। जिसके पश्चात महिलाओं ने पति सहित परिवार के सभी वरिष्ठजनों का आर्शीवाद लिया। सारा वातावरण छठ मैया के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। इससे पूर्व गत सायं पूर्वांचल समाज की महिलायें अपने अपने घरों से परिजनों के साथ नंगे पांव निकलकर सर पर प्रसाद की टोकरी रख काचहिं बांस के बहंगियाख्न, रूनकी झुनकी बेटी मांगीला, पंडितवा दामाद हे छठी मइयाख्न कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाये आदि के छठ गीतों को गाते हुए निकट वर्ती छठ घाट पर पहुंची और उन्होंने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पति व संतान की मंगल कामना के साथ घर की सुख समृद्धि की कामना की। सायं काल छठ पूजा स्थलों अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें अनेक जन प्रतिनिधियों ने पहुंच कर पूर्वांचल समाज के लोगों को छठ पर्व की बधाई दी।

वहीं विधायक शिव अरोरा और पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल, मेयर विकास शर्मा ने भी रविंद्र नगर स्थित छठ घाट ( धोबी घाट ) पर छठ व्रती माता बहनों के साथ पानी में खड़े होकर सूर्य भगवान की उपासना की, विधायक ने उगते सूरज को दूध चढ़ाकर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख व समृद्धि की कामना की। इस दौरान एडवोकेट दिवाकर पाण्डेय, समाजसेवी संजय ठुकराल, दुर्गेश मौर्य,हरीश अरोरा, दिनेश गुप्ता, वीरेंद्र तिवारी, नन्दलाल, राजेश कुमार, संतोष पाल,पिंटू पाल, सुनील यादव मनोज मदान, मयंक कक्कड़, अभिषेक,



फुदेना साहनी, पार्षद विष्णु सिंह, दिनेश गुप्ता, राजेश कुमार, विरेन्द्र तिवारी, नंदलाल शर्मा, श्रीकांत शर्मा, दुर्गेश मौर्य, शंकर गुप्ता, गिरधारी लाल, संजय गुप्ता, उपेन्द्र गिरी, गणेश मिश्रा, बिट्टू गुप्ता, सुजीत गुप्ता, दीपक यादव, फुदेना साहनी, विष्णु, पंकज गुप्ता, सुभाष राव आदि मौजूद थे। वहीं अटरिया रोड़, तीन पानी डाम, शुक्ला फार्म तीन पानी, बगवाड़ा, मटकोटा फार्म, प्रीत विहार, लेक पैराडाईज, फुलसुंगा, आदि छठ पूजा स्थलों में भी छठ पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# आधी रात घर में घुसकर महिला और उसके पुत्र पर लाठी-डंडों से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के शिवनगर में आधी रात को घर में घुसकर महिला और उसके पुत्र पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दोनों को घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेखा पत्नी राजकुमार निवासी शिवनगर, ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 जुलाई 2025 की रात करीब 12:30 बजे सोनू उर्फ बिगाड़ा, उसके भाई करन, जुगनू और ज्योति पत्नी करन, निवासी विवेक नगर, वार्ड नंबर 8, थाना ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, उनके घर पर आए। आरोप है कि उक्त सभी लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने रेखा और उसके बेटे संजय पर लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर दिया। किसी तरह गेट बंद करने पर भी आरोपियों ने गेट पर ईंट-पत्थर और डंडे फेंके तथा गेट तोड़ने की कोशिश की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता रेखा ने बताया कि डॉक्टरों ने जांच में उनके कूल्हे में फैक्चर होने की पुष्टि की है और वह फिलहाल इलाज करा रही हैं। चोट और उपचार के चलते तहरीर देने में देरी हुई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पर्यावरण शिक्षा एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण विषय पर दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सीबीएसई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई), देहरादून क्षेत्र द्वारा भानु प्रताप पब्लिक स्कूल, शारदा नगर, डिबडिबा, बिलासपुर (रामपुर) में पर्यावरण शिक्षा एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति समझ को बढ़ाना और कक्षा शिक्षण में पर्यावरण जागरूकता को एकीकृत करने हेतु नवीन रणनीतियों से उन्हें सशक्त बनाना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े उत्साह और आध्यात्मिक उत्साह के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह ज्ञान और विद्या की दिव्य प्रतिमूर्ति देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष शुभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन का नेतृत्व भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने किया, जिसने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शिक्षा, चिंतन और प्रतिबद्धता को समर्पित एक दिन की शुरुआत की। प्रशिक्षण सत्र का संचालन श्री पवन तिवारी, टीजीटी (विज्ञान) ने किया, जिन्होंने अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों का हार्दिक स्वागत किया। अपने संबोधन में, उन्होंने युवा मन में पारिस्थितिक संवे. दनशीलता को पोषित करने और छात्रों को भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बनाने के महत्व पर जोर दिया। सत्रों का संचालन प्रख्यात संसाधन व्यक्तियों सजल सरोहा और उपासना यादव द्वारा किया गया, जो पर्यावरण शिक्षा और अनुभवात्मक अधिगम में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को संवादात्मक चर्चाओं, समूह गतिविधियों और विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों के माध्यम से सतत प्रथाओं, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरणीय अवधारणाओं के एकीकरण पर केंद्रित किया।

अपने संबोधन में भानु प्रताप पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या ने सीबीएसई बोर्ड ऑफ एजुकेशन देहरादून क्षेत्र के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस सार्थक कार्यक्रम के लिए स्कूल को चुना। उन्होंने संसाधन व्यक्तियों के प्रयासों की सराहना की और उनके गहन मार्गदर्शन के लिए सभी प्रतिभागी शिक्षकों को उनकी सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक ऊर्जा के लिए धन्यवाद दिया।

# फिर चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना

- दुकानों के बाहर लगी विद्युत तारें काट ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** महानगर में तार चोर गिरोह की सक्रियता निरंतर बढ़ती जा रही है। सोमवार कर रात्रि जनता इंटर कालेज के सामने और मटके वाली गली स्थित दो दुक. ानों के बाहर लगी विद्युत तारों को काट दी और अपने साथ ले गये। मामले की जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित कई व्यापारी मौके पर आ गये और उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर गहरा रोष व्यक्त किया।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर निवासी दिलबाग सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह का मटके वाली गली में लन्दन बेरी नाम से कपड़े का शोरूम है। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात्रि वह शोरूम बंद कर घर गये थे। आज सुबह जब शोरूम खोलने आये तों देखा शोरूम के बाहर लगी फिटिंग की विद्युत तारें कटी हुई हैं। जब शटर उठाकर देखा तो सब सामान्य था। वहीं जनता इंटर कालेज के सामने अमित तनेजा के प्रतिष्ठान तनेजा टैक्सटाईल्स के बाहर लगी विद्युत तारें भी अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चुरा ली गई। एक ही रात्रि में दो दुकानों के बाहर लगी विद्युत तारों के चोरी होने की घटना से व्यापारियों में पुलिस की निष्क्रिय कार्यप्रणाली के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त हो गया। घटना की जानकारी



मिलने पर मौके पर पहुंचे बाजार चौकी के उपनिरीक्षक अमित कुमार को व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि पुलिसकर्मी अपने दायित्वों को पूरा करने में पूरी तरह से नाकाम हो चुके हैं। बाजार में एक के बाद दुकानों से चोरी हो रही है परंतु पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है।

इससे पूर्व सिविल लाईन में ठुकराल होम डेकोर से हुई तार चोरी के मामले में पुलिस कुछ भी नहीं कर पाई है । जिससे उत्साहित होकर अब इन चोरों ने दो और दुकानों को अपना निशाना बनाया। पुलिसकर्मी रात्रि में गश्त करने के नाम पर महज खानापूर्ति कर रहे हैं। यह बात चोरों भी अच्छी तरह से पता चल चुकी है जिसका वह पूरा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा इसके लिए दोषी पुलिस को व्यापारियों के हुए नुकसान की भरपाई करनी चाहिए।

# पुरानी रंजिश में परिवार पर किया हमला, चार घायल

- 80 वर्षीय बुजुर्ग और दो अन्य महिलाओं की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** भूरारानी क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसके परिजनों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लाठी-डंडों और सरियों से हुए इस हमले में पीड़ित सहित उसकी 80 वर्षीय मां और दो अन्य महिला परिजन गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गणेश पुत्र स्वर्गीय किशोरी साहनी निवासी वार्ड नंबर 22 भूरारानी, रुद्रपुर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर को दी तहरीर में बताया कि 22 अक्तूबर 2025 को दोपहर करीब 1:15 बजे वह अपने घर खाना खाने जा रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते संजीत साहनी, संजय साहनी (पुत्रगण रामदेव साहनी), भगवानदास पुत्र हरिहर साहनी, रंजीत पुत्र भगवानदास तथा संजय साहनी का साला शंभु, जो पहले से संजय साहनी के घर पर घात लगाकर बैठे थे, ने उस पर लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब पीड़ित की मां 80 वर्षीय रामकली , बहन सुनैना और भांजी आरती बचाने पहुंचीं तो आरो. पियों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटा, गाली-गलौज की और कपड़े फाड़कर बेइज्जत किया।

हमले में गणेश के अंगूठे में फैक्चर आ गया, जबकि तीनों महिलाओं को भी गंभीर चोटें आईं। गणेश ने आरोप लगाया कि यह हमला पूर्व में दर्ज एक मुकदमे में गवाही देने से इनकार करने के कारण किया गया। बताया कि वह अपर सत्र न्यायालय तृतीय रुद्रपुर में संजीत साहनी और संजय साहनी के विरुद्ध चल रहे एक मामले में गवाह है। आरोपियों ने उस पर अपने पक्ष में गवाही देने का दबाव बनाया था, जिसे उसने ठुकरा दिया था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि संजीत और संजय को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है तथा दोनों नशे के अवैध कारोबार से जुड़े हैं। गणेश ने बताया कि घटना के बाद वह कई दिनों तक कोतवाली रुद्रपुर के चक्कर लगाता रहा, पर उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

गणेश ने बताया कि वह 24 अक्तूबर 2025 को सरकारी अस्पताल रुद्रपुर में उपचार कराने गया, परंतु इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ- जुनैद ने पुलिस रिपोर्ट के अभाव में मेडिकल करने से मना कर दिया। आिखरकार गणेश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने, मेडिकल कराने और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। एसएसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाल विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 4 से 11 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिभुवन प्रसाद आर्य व विज्ञान विभाग प्रमुख अनिल सिंह द्वारा फिता काटकर किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 11वीं की छात्रा दिशा द्वारा निर्मित फार्मर हैल्प स्किट मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक नजरिये, रचनात्मक और नवाचार के भाव उकेरते हुए शानदार मॉडल प्रस्तुत किये। कुछ विद्यार्थियों ने भूकंप रोधी यंत्र, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा पर्यावरण संतुलन आदि विषयों पर दिलकश मॉडल तैयार किये। प्रधानाचार्य आर्य ने बच्चों के जीवट प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रयास से बच्चों में खोज के प्रयोग संबंधी वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी इनके प्रयासों को सराहा। कक्षा 11 के विज्ञान के छात्र अभिजीत एवं अभिनव द्वारा तैयार वायु शुद्धिकरण यंत्र, निशा अधिकारी द्वारा तैयार स्नो शकट, अंकुश द्वारा क्विक सेंसर तथा कक्षा 11 वाणिज्य वर्ग के अभय कुमार, सौरभ, अनुष्का व आयशा द्वारा तैयार वाइल्ड लाइफ सेवर मॉडल पुरस्कार देकर सम्मानित किए गया। निर्णायक की भूमिका में शैलेन्द्र कुमार शर्मा, गोपाल सिंह, वीरेन्द्र, सौरभ सामंत, गौरव तिवारी, गौरव पांडे, जैनब मौजूद रहे।

# मेलाघाट में पकड़ी अवैध लकड़ी से भरी ट्रॉली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल के मेलाघाट के जवानों ने भारत नेपाल सीमा मेलघाट में अवैध लकड़ी से भरी ट्रॉली को सोमवार को पकड़ा।

57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में सोमवार को सीमा चौकी मेलाघाट के प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली कि मेलाघाट क्षेत्र में एक अज्ञात मकान के समीप खेत में अवैध लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी है । जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल वन विभाग को भी दिया। इसके उपरांत उप निरीक्षक अमृत भाई परमार के नेतृत्व में एसएसबी के जवान व वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जहां एक ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में देखी गई जो पराली से ढ़की हुई थी। वहीं ट्रॉली से एक सैमसंग स्मार्टफोन भी बरामद हुआ। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ करने पर मोबाइल फोन एवं लकड़ी से किसी भी प्रकार का संबंध होने से इनकार कर दिया। वहीं संयुक्त जांच के बाद पाया गया कि ट्राली में 75 नग यूकेलिप्टस एवं 9 नग पॉपुलर के लट्ठे मौजूद थे। वहीं वन विभाग की टीम ने बरामद प्रत्येक नग का माप कर सूची तैयार की। इस मामले में आशंका जताई जा रही है कि बरामद लकड़ी नेपाल से अवैध रूप से लाई गई हो सकती है। वहीं वन विभाग एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर ही जप्ती की कार्रवाई की गई। इसके पश्चात बरामद लकड़ी एवं अन्य सामग्री की सूची तैयार कर वन विभाग कार्यालय खटीमा को सुपुर्द कर दिया गया। संयुक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक जसपाल, मुख्य आरक्षी विक्रम सिंह सहित अन्य एसएसबी के जवान एवं वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# पूर्णागिरि मेले को वर्ष भर संचालित करने की कयावद हुई शुरू

- मुख्यमंत्री ने आधा दर्जन अत्याधुनिक बायो शौचालय वैनों को रवाना किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ मां पूर्णागिरि दरबार में लगने वाले मेले को वर्षभर संचालित करने की कयावदे शुरू हो गई है। हालांकि आज तक यहां तीन माह तक मेला संचालित किया जाता था, लेकिन मेले में लगातार तीर्थ यात्रियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए यहां अवस्थापना विकास का कार्य शुरू हो गया है।

इस वर्ष स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन के अवसर पर इस मेले को वर्ष भर संचालित करने की घोषणा की थी। अब स्वयं मुख्यमंत्री अपनी भावनाओं को जमीनी रूप देने के कार्य में जुट गए हैं।

उन्होंने रैकीट एंड प्लान इंडिया के सीएसआर मद से आधा दर्जन अत्याधुनिक बायों शौचालय वैनों को पूर्णागिरी की ओर रवाना किया। इससे तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने के साथ मेले में स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार के अनुसार मेले को वर्ष भर संचालित करने के लिए अब यहां स्थाई रूप से अवस्थापना के कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इसके लिए एक रोड मैप तैयार किया जा रहा है। जिसमें सभी लोगों से संवाद करने के साथ वैष्णो देवी, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ जी की तीर्थ यात्रा में दी जाने वाली सुविधाओं व व्यवस्थाओं का भी अध्ययन किया जाएगा। जिससे यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।



## एक नजर....

### दिवाली मेले में गुरुद्वारा माथा टेकने आए श्रद्धालु की बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** दीपावली मेले के दौरान गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने आए एक श्रद्धालु मोटरसाइकिल को अज्ञातो द्वारा चोरी कर लिया गया, पुलिस ने मामले में मुकदमा घ्दर्ज कर लिया है।

मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भक्तिनगर, रूदपुर थाना सितारगंज, जनपद उधम सिंह नगर निवासी धनजंय बैरागी पुत्र श्री दीपक बैरागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की वह दिवापली के पर्व में गुरूद्वारा नानकमत्ता माथा टेकने 24 अक्टूबर 2025 को आया था, उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या UK06BL2160 को लाक कर पंजाव नेशनल बैंक के पास खड़ा कर गुरुद्वारा में माथा टेक कर अपने रिश्तेदार की दुकान खाना देने गया था। वापस आने पर मोटरसाइकिल गायब थी जिसे किसी ने चोरी कर लिया।पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धान खरीद में अनदेखी से परेशान हुए किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रुद्रपुर।** धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं को लेकर वरिष्ठ किसान नेता सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने आज मंगलवार को उपजिला अधिकारी मनीष बिष्ट के माध्यम से जिला अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया।

दिए गए ज्ञापन में सुब्रत विश्वास ने कहा कि धान खरीद में किसानों को कई स्तर पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्रय केंद्रों पर धान में नमी का बहाना बनाकर तौल बंद कर दी जाती है, मंडियों में भीड़ और समर्थन मूल्य से कम दाम पर खरीद जैसी समस्याएं आम हैं। कुछ दलाल किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर फसल औने-पौने दाम में खरीद रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि धान की सरकारी खरीद तेजी और पारदर्शिता के साथ हो, किसानों को 72 घंटे के भीतर उनका पूरा वाजिब मूल्य मिलना सुनिश्चित किया जाए और नमी का बहाना बनाकर फसल की तौल न रोकी जाए। सुब्रत विश्वास ने चेताया कि यदि प्रशासन ने इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन और व्यापक होगा। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि हाल ही में क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है, किसानों को डिजिटल माध्यम से भुगतान किया जा रहा है और तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद किसान संगठनों ने चेताया है कि यदि सुधार शीघ्र नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में किसान सड़क पर उतर सकते हैं। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय किसान यूनियन राष्ट्रीय महासचिव बृजमोहन सागर, जिला अध्यक्ष रंजीत विश्वास, इंकलाबी मजदूर केंद्र दिनेश भट्ट , मजदूर नेता सोनू , कांग्रेस नेता संजय आइस, इंद्रपाल प्रजापति, आम आदमी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अभिमन्यु साना आदि लोग उपस्थित थे।

### धामी सरकार की लापरवाही से किसान धरना देने को मजबूर: बाजवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने धान तौल को लेकर किसानों को मंडियों में आ रही समस्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा खून पसीने की मेहनत से फसल पैदा करने के बाद किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर भटक रहे हैं और धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों और व्यापारियों में टकराव की स्थितियां बन रही है। उधम सिंह नगर सहित प्रदेश की विभिन्न मंडियो में धान की फसल तुलवाने के लिए किसान धरना दे रहे है। यह सब धामी सरकार की किसानों की प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

### विधायक निधि से छठ पूजा घाट का सौंदर्यीकरण कार्य संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य द्वारा ग्राम सभा बेरिया दौलत में गांगुली नदी के समीप स्थित छठ पूजा घाट का सौंदर्यीकरण कार्य विधायक निधि मद से कराया गया। इस अवसर पर विधायक यशपाल आर्य ने कहा छठ पूजा लोक आस्था का महापर्व है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा बाजपुर क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण उनकी प्राथमिकता में है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति जीत सिंह, अभिषेक, डा. सतपाल सिंह, गिरीश सिंह, उषा वर्मा, अनीता देवी, वीर सिंह, राम सिंह, अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### चेयरमैन गित्ते ने किया 130 मीटर टाइल्स रोड का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते और सभासद प्रतिनिधि सुनील कुमार ने नगर के वार्ड नंबर 13 इन्दिरा कॉलोनी में 130 मीटर टाईल्स रोड़ का शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान चेयरमैन गित्ते ने कहा नगर की हर चौखट तक टाईल्स रोड़ पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य है। इस मौके पर एडवोकेट दीपक श्रीवास्तव, राजकुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार, सुनील, बाबूलाल, बंटू, विनीत देवल आदि उपस्थित रहे।

### वन चेतना स्टेडियम का नाम स्व. सूबे. शेर सिंह धामी के नाम करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी इकाई ने वन चेतना स्टेडियम चकरपुर का नाम बदलकर स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी के नाम पर करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आम जनमानस की भावनाओं एवं स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी के सम्मान में वन चेतना स्टेडियम चकरपुर का नाम परिवर्तित कर स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी के नाम पर करने की गुहार लगाई है। ज्ञापन में जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, अर्पित चंद्र कॉलोनी, शिवम गुप्ता, शुभम पटवा तथा विशाल चौहान आदि के हस्ताक्षर थे।

# चालकों ने किए रोडवेज बसों के पहिए जाम

- सुबह से एक भी बस का नहीं हुआ संचालन, यात्री हुए परेशान
- चालकों को तय रूट में भेजने के लिखित आदेश के बाद माने रोडवेज कर्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** उत्तराखंड परिवहन निगम के उच्च अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए लोहाघाट डिपो के बस चालकों , परिचालकों व कर्मचारी ने उत्तराखंड परिवहन निगम प्रांतीय संयुक्त मोर्चे के बैनर तले आज मंगलवार को हड़ताल कर दी है। जिस कारण लोहाघाट से परिवहन निगम की बसों का संचालन ठप पड़ गया । जिसके चलते दीपावली पर्व मना कर अपने कार्यक्षेत्र को लौट रहे यात्रियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी।

मंगलवार सुबह एक भी बस का संचालन डिपो से नहीं हो पाया है। यात्रियों की समस्या के समाधान के लिए रोडवेज का एक भी जिम्मेदार अधिकारी फिलहाल बस स्टेशन पर मौजूद नहीं रहा।रोडवेज चालकों व परिचालकों ने कहा डिपो के चालक हरीश जोशी एवं गिरीश सिंह जो जिला मुख्यालय चंपावत से नैनीताल को बस का संचालन का कार्य कर रहे हैं विगत कुछ समय से नैनीताल के वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी के द्वारा लोहाघाट के चालकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। चालकों ने कहा नैनीताल के स्टेशन प्रभारी की शिकायत पर एजीएम लोहाघाट के द्वारा एक पक्ष की बात को सुनते हुए चालकों के मार्ग को बंद करने के आदेश लिखित रूप में बिना स्पष्टीकरण व बिना जांच के दिए है। जिसके चलते समस्त डिपो के चालकों परिचालकों व कर्मचारियों में मंडलीय महा प्रबंधक व सहायक महाप्रबंधक के खिलाफ भारी आक्रोश है। चालकों ने कहा उत्पीड़न के खिलाफ उनका यह आंदोलन है । अगर उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो हड़ताल लगातार जारी रहेगी । जिसकी पूरी जिम्मेदारी मंडलीय महाप्रबंधक व क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक लोहाघाट की होगी।

चालकों ने कहा वह पूरी ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी करते हैं तथा दीपावली त्यौहार में भी उनके द्वारा लगातार ड्यूटी की गई ।पर चालकों को इनाम देना छोड़ उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। चालकों ने कहा अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज डिपो की हालत खस्ता हो चुकी है। जिसका खामियाजा उन्हें व यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। वही बसो का संचालन बंद होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।मामले का जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मंडलीय प्रबंधक टनकपुर को तुरंत मामले के समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद एजीएम लोहाघाट धीरेंद्र वर्मा के द्वारा चालकों व परिचालकों से वार्ता की गई तथा दोनों चालकों को उनके तय मार्ग में ड्यूटी करने के निर्देश लिखित में दिए गए इसके बाद सभी चालक व परिचालक हड़ताल से वापस लौटे। रोडवेज कर्मियों की हड़ताल के चलते लगभग 5 घंटे रोडवेज बसों का संचालन पूरी तरह बंद रहा। रोडवेज कर्मियों ने कहा अभी उनकी कई समस्याएं है जिनके लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा ।रोडवेज कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाता। चालक परिचाल. कों के हड़ताल से वापस लौटने के बाद यात्रियों व रोडवेज प्रबंधन ने राहत की सांस ली नाराजगी जताने में हरीश जोशी, गिरीश सिंह ,सुभाष मुरारी ,ललित जोशी ,कैलाश मुरारी ,अमर सिंह ,सुरेश आर्य ,अशोक सिंह ,मनोज सिंह ,जगदीश जोशी ,जीवानंद ,महिपाल सिंह ,गोपाल भट्ट, पुष्कर भट्ट ,ललित भट्ट ,तरुण रावल ,मदन कुंवर ,मधुसूदन जोशी, किशन सिंह ,नारायण सिंह धोनी ,सतीश, दीपक सा, मनोज कुमार ,ललित कुमार ,नरेश कुमार ,गोविंद जोशी आदि मौजूद रहे।

# बंद घर में शिक्षका की जलकर हुई मौत




- नौकर पर गहरा शक, पुलिस मौके पर पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कौशल्या एनक्लेव फेस-2 में रहने वाली सरकारी शिक्षिका सुषमा पंत की मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई। सुबह घर से धुआं उठता देख जब पड़ोसी पहुंचे तो उन्होंने सुषमा पंत का शव कमरे के अंदर पड़ा देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि मृतका सुषमा पंत प्रतिष्ठित शिक्षिका थीं। उनके पिता जनता इंटर कॉलेज रुद्रपुर में प्रधानाचार्य रह चुके हैं, जबकि भाई-भाभी कुमाऊं विश्व. विद्यालय में प्राध्यापक हैं। पति की कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु के बाद वह अकेली रहती थीं। घर के कामकाज के लिए उन्होंने आजमगढ़ निवासी एक व्यक्ति को नौकर रखा था। सूत्रों के अनुसार, यह व्यक्ति पिछले कुछ समय से आक्रामक व्यवहार कर रहा था और उसकी नजर शिक्षिका की संपत्ति व पैसों पर थी। बताया जा रहा है कि वह तनख्वाह को लेकर आए दिन विवाद करता था और मृतका को धमकाता भी था। पड़ोसियों का कहना है कि सुषमा रोज की तरह सुबह पूजा-पाठ कर रही थीं, तभी कुछ देर बाद घर से धुआं उठने लगा। जब लोग अंदर पहुंचे तो वह मृत पड़ी थीं और नौकर फरार था। पुलिस को प्राथमिक जांच में घर से कुछ दस्तावेज और पैसों के लेनदेन के सुराग मिले हैं। लोगों का कहना है कि सुषमा पंत ने कुछ दिन पहले एक समिति अध्यक्ष से उक्त व्यक्ति की हरकतों को लेकर मदद भी मांगी थी, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। फॉरेंसिक टीम ने संदिग्ध नौकर की पहचान 58 वर्षीय व्यक्ति के रूप में की है, जो मूलत: आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ हफ्तों से वह सुषमा के निजी खर्च और संपत्ति के मामलों में दखल देने लगा था। कई स्थानीय सूत्रों का कहना है कि सुषमा पंत ने इस व्यक्ति के व्यवहार से परेशान होकर एक समिति अध्यक्ष से मदद मांगी थी, पर शायद बात आगे नहीं बढ़ी।

# सीएम धामी ने जनता की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कार्यक्रमानुसार सोमवार देर शाम को खटीमा पहुंचे। खटीमा हेलीपेड लोहियाहेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों व जनता ने पुष्प देकर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हेलीपेड पर जनता से मुलाकात की व उनकी समस्याएं भी सुनीं, साथ ही समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य,चेयरमैन मेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री फरजाना बेगम , पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, वीसी जयकिशन, सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम कौस्तूभ मिश्रा, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित थे।



# धान नहीं तोले जाने पर किसानों ने लगाया भगत सिंह चौक पर जाम

- एसडीएम ने किसानों से वार्ता कर कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया जाम
- आक्रोशित किसानों ने एसडीएम की बात मानकर खोला जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राइस मिलरों द्वारा किसानों का धान ना तौले जाने पर आक्रोशित किसानों ने शहीद भगत सिंह चौक पर धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली लगाकर सांकेतिक जाम लगा दिया। एसडीएम डा.अमृता शर्मा, तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट, मड़ी समिति सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी ने धरना स्थल पर पहुंच कर किसानों से वार्ता की। एसडीएम द्वारा आरएफसी की आरएमओ लता मिश्रा को फोन कर वार्ता की गई, जिस पर लता मिश्रा ने बाजपुर पहुंचकर किसानों के साथ वार्ता कर उनकी समस्या का निस्तारण करने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। जिस पर किसानों ने एसडीएम की बात मानकर जाम खोला गया।

भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा ने किसानों की 200 ट्रैक्टर ट्राली धान भरी मंडी में खड़ी हैं, जिससे किसानों का धान नहीं तौला जा रहा है। राइस मिलरों द्वारा किसानों को परेशान कर उनके धान को औने-पौने दामों पर खरीदने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। किसान नेता अजीत प्रताप रंधावा ने कहा जीरो टॉलरेंस की सरकार एवं अधिकारी किसानों को लूटने में लगे हैं। किसानों की जब भी फसल आती है इन अधिकारियों की मिली भगत के चलते राइस मिलर किसानों को परेशान करने लगते हैं। किसान पहले ही भुखमरी की कगार पर है। किसान नेता विक्की रंधावा ने कहा है जब से सरकार ने धान तोल काटों शुभारंभ किया है, जब से ही आरएफसी विभाग एवं अधिकारी और राइस मिलर मिलकर किसानों को परेशान कर रहे हैं। अधिकारियों को मौके पर बुलाया जाता है किसानों को लॉलीपॉप देकर चले जाते हैं। उसके बाद ही राइस मिलरों का वही रवैया रहता है, जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

किसान नेता प्रताप सिंह संधू ने कहा किसानों को सरकार एवं उसके अधिकारी लूटने पर लगे हैं। किसान उत्तराखंड में हर जगह लूट रहा है, लेकिन किसान की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है। कभी पोर्टल को बंद कर दिया जाता है तो कभी कहते हैं कि कोटा पूरा हो गया है।

एसडीएम डा. अमृता शर्मा द्वारा किसानों के बीच पहुंचकर उनसे वार्ता कर आईएफसी की आरएमओ लता मिश्रा को फोन करके बाजपुर बुलाया गया। किसानों के साथ मीटिंग कर किसानों की समस्या का समाधान किया जाएगा। इस आश्वा. सन पर किसानों ने जाम खोला। इस मौके पर हरेंद्र सिंह हुड्डा, वल्ली सिंह चीमा, राजेंद्र बेदी, गगन सरना, गुरपेज सिंह, गुरविंदर सिंह,आदि उपस्थित रहे।

# मांस को लेकर हुए विवाद पर विहिप और भारतीय बजरंग दल के लोग एसडीएम व सीओ से मिले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम छोई एवं बैलपडाब क्षेत्र में बीते 23 अक्टूबर को दो अलग-अलग पिकअप वाहनों में मांस पकड़े जाने के बाद हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने घटना पर नाराजगी बताई थी और मामलों को लेकर वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ ही चालक के साथ भी मारपीट की गई थी। इस मामले में कालाढूंगी पुलिस एवं रामनगर पुलिस द्वारा अलग-अलग जानलेवा हमले का मुकदमे दर्ज करने की कार्रवाई की गई थी।

मुकदमे दर्ज करने के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस के नेतृत्व में विश्व हिन्दू परिषद व भारतीय बजरंग दल हिंद. ूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की तो वहीं भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा के नेतृत्व में विश्व हिन्दू परिषद व भारतीय बजरंग दल हिंदूवादी संगठन के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भी सीओ सुमित पांडे के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। दोनों ही संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि इस मामले में पुलिस ने जिन कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज किए हैं वह कार्यकर्ता उस दिन मौके पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने घटना को लेकर अपनी लिखित शिकायत ज्ञापन के माध्यम से की थी। उन्हें कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अपराधी बनाकर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस पर दबाव में आकर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो उग्र आंदोलन करने के साथ ही रामनगर के बाजार को अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जाएगा।

वहीं सीओ सुमित पांडे ने निष्पक्ष जांच करने की बात कही है। इस दौरान भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, विश्व हिन्दू परिषद प्रान्त मंत्री गौरक्षा विभाग यशपाल राजहंस, तेज प्रकाश,वरुण, हिर्देश शर्मा, भूपेंद्र मेहरा, राजीव शर्मा, पूरन पटवाल, विजय फत्याल, फूल कुमार, धर्मेंद्र हालसी,राजू यादव, राजू रावत,विशाल यादव, सुनील वर्मा, विपिन शर्मा, कमल, केशव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेयजल सुविधा के विस्तार के साथ जल स्रोतों के संरक्षण व संवर्धन को भी दिया जाए महत्वः डीएम

- मॉडल जिले को नया रूप व स्वरूप देने के लिए सभी विभाग मिलकर करें कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत ।** मॉडल जिले में पेयजल सुविधा के विस्तार के साथ जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का कार्य साथ-साथ नहीं किया गया तो इससे भावी पीढ़ी एक एक बूंद पानी के लिए तरस जाएगी। इसके लिए यह आवश्यक है कि ग्रामीणों कि सहभागिता कर संबंधित विभाग अन्य जल स्रोतों व जलागम क्षेत्रों में पानी के पोषक पौधों का रोपण कर उनका संरक्षण करें। इससे जल स्रा. ेतों का जलस्तर बनाए रखा जा सकता है।

यह बात जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप चंपावत को हिमालयी राज्यों का मॉडल जिला बनाने हेतु अधिकारियों से संवाद करते हुए कही। उन्होंने मुख्यमंत्री जी की घोषणाओ की आम लोगों को जानकारी देने के साथ जिले को हरा



भरा बनाए रखना है । जिले में 500 किलोमीटर लंबी सड़क प्रस्तावित है जिले के नगरीय क्षेत्रों को पॉलिथीन से मुक्त करने के साथ एवं नगरों व गांवो को साफ सुथरा बनाए रखना हमारी कार्य संस्कृति में शामिल होना चाहिए। लोहाघाट नगर समेत अन्य स्थानों में दुर्लभ प्रजाति के देवदार के वृक्षों को डिफेंस के बराबर महत्व देने की आवश्यकता है । लोहाघाट नगर में स्थित देवदार के प्रत्येक पेड़ में उन्होंने नंबरिंग करने के भी बनविभाग को आदेश दिए । जिलाधिकारी ने लोहाघाट में ड्राफ्ट मास्टर प्लान के निर्माण के साथ नगर के लोगों से रायसुमारी किए जाने पर जोर दिया। जिले के सभी विद्यालयों की भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराई जाए नगरीय क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए इंदिरा अम्मा जैसे भोजनालयों को पुनर्जीवित किया जाए । स्वाला डेंजर जोन से वैकल्पिक सड़क मार्ग को भी प्रस्तावित किया जाए। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग में चंपावत एवं लोहाघाट में बाईपास के निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण कर प्रभावित लोगों को उसका मुआवजा दिया जाए । जिलाधिकारी ने कहा सभी विभागों को मिलकर ऐसा आकर्षण पैदा करना है जिससे पलायन कर चुके लोगों को उनकी माटी से जोड़ा जा सके । सभी नए भवनों में बरसाती जल के संग्रह की व्यवस्था की जाए। उन्होंने जानकारी दी कि पीएम फसल बीमा योजना में गेहूं धान के अलावा मडुबे को भी शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वह मॉडल जिले में अपने दायित्व के निस्तारण में तेजी लाकर हर कार्य में अपनी पहचान अवश्य छोड़ें।

# उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर होगा जन सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर 9 नवंबर को समाजवादी लोकमंच ने जन सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास की गारंटी मिले, अतिक्रमण के नाम पर किसी को भी उसके घर और कारोबार से बेदखल ना किया जाए। जातिवाद, महिला हिंसा और सांप्रदायिकता पर रोक लगे। इन सवालों को लेकर 9 नवंबर को पायते वाली रामलीला, रामनगर में यह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

मंगलवार को मोहल्ला पैठपड़ाव मंच कार्यालय में आयोजित बैठक में मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार 25 वर्ष पूर्ण होने की सिल्वर जुबली मना रही है। उत्तराखंड में विधायक, सांसद, मंत्री, अफसर और धन्ना सेठ मालामाल हो रहे हैं और जनता बेहाल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के 1700 गांव पलायन के कारण भूतहा गांव घोषित कर दिए गए हैं। जंगली जानवरों का आतंक चरम पर है। नौजवानों को रोजगार की जगह पेपर लीक मिल रहे हैं। सरकारी नौकरियों में भाई भतीजावाद हावी है।ऑल वेदर रोड, जल विद्युत परियोजनाएं और असंतुलित पर्यटन ने उत्तराखंड एवं यहां के पर्यावरण को बर्बाद कर दिया है। ललिता रावत ने कहा कि सरकार अस्पतालों में डॉक्टर और इलाज उपलब्ध कराने की जगह शराब की दुकानें खोल रही है। अतिक्रमण हटाओ के नाम पर हजारों लोगों को उनके घर और कारोबार से बेदखल किया जा रहा है। गांव के पीछे खनन के डंपरों की आवाजाही में जनता का सुखचौन छीन लिया है। ऐसे में जनता को अपने हक अधिकारों के लिए एक और सशक्त आंदोलन की जरूरत है। इस दौरान बैठक में गिरीश चंद्र, चमन राम, ललित उप्रेती, राजेंद्र सिंह, ललिता रावत, सरस्वती जोशी, किशन शर्मा, कौशल्या चुनियाल समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# यशपाल आर्य ने किया मंदिर के हाल का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य द्वारा बाजपुर विधानसभा के अंतर्गत बाजपुर नगर के वार्ड नंबर 11 में 11 लाख की लागत से रोड ग्राम सभा रेंटा में मंदिर के हाल के लिए 5 लाख की सौंदर्यीकरण निर्माण का शिलान्यास और 250 मीटर मार्ग की घोषणा और ग्राम सभा केला बनवारी में गुरुद्वारे के के सौंदर्य करण के लिए 15 लाख रुपये की घोषणा और बाजपुर विधानसभा के अंतर्गत नगर निगम काशीपुर वार्ड नंबर 7 में 30 लाख रुपये लागत का मार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



क्षेत्र में क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, पूर्व ब्लाक प्रमुख काशीपुर गुरदयाल सिंह, राकेश लखेडा, मन्नू यादव, दीपक कांडपाल, कश्मीर सिंह, चंद्रभान, नौसाद अली, वरिंदर बिष्ट, हुसैन तौकीर, महेंद्र अग्रवाल, पिंटू राणा, जसपाल सिंह बिल्लू, सियाराम, सुखवंत सिंह, पूरन बिष्ट, दिलीप सिंह, ओम प्रकाश, कुलदीप सिंह, अमर सिंह, फुरकान अहमद, इंदर सिंह ढिल्लन, प्रदीप सिंह, बृजेश यादव, अशोक कुमार, परवेज, रोहित प्रधान, सूरज राठौड़, नरेंद्र शर्मा, प्रधान ज्ञान सिंह, तरसेम सिंह, लीलाधर सैनी, सुखवंत सिंह, जमन सिंह, बाबू सिंह, वीरेंद्र बिष्ट आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हादसे में तो दो सगे भाई घायल, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** फीका पुल अफजल रोड पर शाम एक ट्रक ने धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी हादसे में ट्रैक्टर सड़क पर ही पलट गया जिससे ट्रैक्टर चला रहे कृषक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उमरपुर बहेड़ी निवास निवासी 55 वर्षीय प्रवजीत सिंह पुत्र प्यारा सिंह के किशनपुर में धान के खेत हैं शाम को प्रवजीत ट्रैक्टर चलाकर अपने भाई मंजीत सिंह के साथ खेत से धन भरकर घर ला रहा था एनएच हाईवे रोड पर फीका नदी के पुल के पास अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने उनकी ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी हादसे में ट्रैक्टर रोड किनारे पलट गया जिसमें प्रवजीत और उसका भाई दोनों ट्रैक्टर के नीचे दब गए हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ट्रैक्टर से निकलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द जसपुर ले जाया गया जहां पर प्रवजीत सिंह की मृत्यु हो गई जबकि उसके भाई को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के पश्चात उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### ग्राम पंचायत नया झिरना में हुई खुली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पंचायत नया झिरना में खुली बैठक आयोजित हुई। जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने भागेदारी की। ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारियों और जनप्रति. निधियों द्वारा सुना गया। जिनमें मुख्य रूप से बिजली,सड़क,पानी, राशन कार्ड,सिंचाई गूल,विकलांग, विधवा ,वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास आदि कार्यों पर चर्चा कर इन प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।



ग्राम प्रधान मनोज रावत की अध्यक्षता में खुली बैठक की गई।इस दौरान क्षेत्र पंचायत संगठन अध्यक्ष मिथलेश डंगवाल, प्रतिनिधि राहुल डंगवाल,ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनीता आर्य,पुष्कर सिंह,दिनेश रावत आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार की माता के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पत्रकार व एडवोकेट सुरेन्द्र गिरधार की माता रामरक्खी देवी के निधान पर मंगलवार को बार एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रवीण कोठारी,जमील अहमद, पूर्व सांसद बलराज पासी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापडी, पीसीसी राजेन्द्र सिंह, हल्द्वानी विधायक सुमित ह्रदयेश, शैलेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, सतीश कुमार,योगेश उपाध्याय, रजनीश बत्रा, संदीप चीमा, पंकज लो. हनी आदि ने आवास पर आकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



### 50 प्रतिशत छूट का लाभ लेने वाले लघु एवं सीमांत कृषकों की लगी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उद्यान विभाग द्वारा छूट में उपलब्ध मटर एवं लहसुन एवं साग सब्जियों के बीज लेने वालों की भीड़ दूसरे दिन भी लगी रही। उद्यान विभाग इसके अलावा किचन गार्डन में साग सब्जी एवं तरकारियां उगाने में प्रयुक्त उपकरण भी छूट में उपलब्ध करा रहा है। उद्यान प्रभारी गुंजीता भट्ट ने बताया कि लघु एवं सीमांत किसान उन्नत किस्म की मटर एवं लहसुन का बीज लेकर सब्सिडी का लाभ ले रहे हैं। वहीं किंचन गार्डन एवं छोटी-छोटी क्यारियों में साग सब्जी एवं हरी तरकारी बोने एवं गुड़ाई निराई में प्रयुक्त होने वाले छोटे-छोटे कृषि औजार भी छूट में प्राप्त कर रहे हैं। कार्यालय सहायक नवीन चन्द्र ने बताया कि पानी एवं दवाईयां छिड़कने के लिए 10 लीटर क्षमता का फब्वारा, दो मुंह वाली कुदाली तथा कूड़ा हटाने बाबत लोहे का कंघा भी 50 प्रतिशत छूट में उपलब्ध है।

### महिला ने युवक पर लगाया दो लाख की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वार्ड नंबर 9 इस्लामनगर खटीमा निवासी एक महिला जुलेखा पत्नी नईम ने उप जिला अधिकारी तुषार सैनी को एक शिकायती पत्र सौंप कर एक स्थानीय युवक पर दो लाख की ठगी करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी द्वारा 7 माह पहले आईसीआईसीआई बैंक में उसका सोना रखवा कर दो लाख रुपए की ठगी की गई है। पीड़िता का आरोप है कि उक्त रकम मांगने पर उसके द्वारा धमकी दी जा रही है। शिकायती पत्र में उसने बताया कि इस मामले में पुलिस से भी शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं उसने बताया कि उसकी मां हार्ट तथा उसकी बहन टीबी की मरीज है। वहीं पीड़िता ने एसडीएम से आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के आदेश देने की गुहार लगाई है।

### कच्ची शराब के साथ एक शराब तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिहनगर मणिकान्त मिश्रा द्वारा अपराध/नशा मुक्त अभियान/अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में दिनांक 27/10/25 को हल्का इंचार्ज उ.नि. हरीश आर्य द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम प्रभापुर टान्डा में जंगल से आने वाला रास्ता थाना जसपुर से सोनू सिंह पुत्र रूढ़ सिंह निवासी तीरथनगर भोगपुर डाम थाना जसपुर,उम्र 30 वर्ष को एक प्लास्टिक कट्टे में 93पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पकडने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश आर्य, का. विनीत कुमार, विपिन चंद्र आदि शामिल रहे।

### राज्यपाल पहुंचे पंतनगर , किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यपाल उत्तराखण्ड ले.ज. (सेनि.) गुरमीत सिंह नैनीताल से हैलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल को कुलपति कृषि एवं प्रौद्योगिकी पंतनगर विश्वविद्यालय डा. मनमोहन सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अल्प विश्राम के बाद राज्यपाल पंतनगर एयरपोर्ट से हैलीकाप्टर द्वारा देहरादून के लिए प्रस्थान किए।



### वीडियो कॉल के माध्यम से हुआ निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नई बस्ती जसपुर में पहली बार दूल्हा और दुल्हन का निकाह वीडियो कॉल के माध्यम से होना सामने आया है। दूल्हा दुल्हन आपस में रिश्तेदार हैं और जसपुर के एक ही मोहल्ले में रहते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में ग्राम राजपुर निवासी रफीक चौधरी वर्तमान में नई बस्ती निवासी के पुत्र का रिश्ता दो माह पूर्व उनके मोहल्ले में ही रहने वाले कालागढ़ निवासी उनके पुराने रिश्तेदार नसीम अहमद चौधरी की पुत्री से हुआ था। रविवार को दोनों परिवारों ने आपसी सहमति से सादे समारोह में लगभग 70 लोगों की मौजूदगी में ऑनलाइन निकाह की रस्में अदा की गई। विवाह में पहुंचे मेहमानों को नाश्ते और भोजन के बाद एक बड़े हॉल में बिठाकर मौलवी ,गवाह, वकील और दोनों पक्षों के परिजनों की मौजूदगी में वीडियो कॉल के माध्यम से कुवैत में बैठे दूल्हे से निकाह की प्रक्रिया अदा की गई। मौलवी ने जब दूल्हे से निकाह की सहमति मांगी तो उसने मोबाइल पर तीन बार कुबूल है कबूल है कबूल है कहकर निकाह की सहमति प्रदान की। इसके बाद गांव और परिजनों की मौजूदगी में निकाह की रस्में पूरी हुई निकाह के बाद मौके पर मौजूद लोगों को छुहारे बांटे गए और दोनों परिवारों ने एक दूसरे को निकाह की मुबारकबाद दी।

# उपनल, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नियमितिकरण में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य के कई सरकारी विभागों में उपनल सहित कई अन्य आउट सोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए खण्डपीठ के द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के आधार पर उन्हें नियमित करने को लेकर उन्हें प्राथमिकता देने को कहा है। बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व में खण्डपीठ ने आउटसोर्स व उपनल कर्मचारियों को नियमित करने का सुझाव राज्य सरकार को दिया था जो अभी राज्य की कैबिनेट में लंबित है, जिस पर पर निर्णय लिया जाना बाकी है। मामले के अनुसार टिहरी जनपद के पुनर्वास विभाग में वर्ष 2013 से कार्यरत आउट सोर्स कर्मचारियों के द्वारा उन्हें नियमित करने को लेकर चुनौती दी है जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि वे वर्ष 2013 से मात्र 1700 रुपए के मानदेय पर कार्य कर रहे है। वे आउट सोर्स कर्मचारी हैं जबकि विभाग के द्वारा उनसे पूरा कार्य कराया जा रहा है। इस पद के लिए वह पूरी योग्यता भी रखते हैं। बार बार उनको नियमित करने को लेकर उनके द्वारा संबन्धित विभाग को प्रार्थनापत्र दिया गया लेकिन उसपर कोई विचार न हुआ। याचिका दायर करने से पूर्व उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने उनके हक में फैसला देते हुए कहा था कि 2013 से जो कर्मचारी आउट सोर्स एजंसी से लगे हैं राज्य सरकार उन्हें नियमित करने के लिए चार माह के भीतर निर्णय लें। लेकिन अभी तक उन्हें चार माह बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। बार बार प्रत्यावेदन देने के बाद भी विभाग के द्वारा कहा जा रहा है कि यह मामला राज्य के कैबिनेट में विचाराधीन है जब तक कैबिनेट का निर्णय नहीं आ जाता तब तक उन्हें नियमित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने उनके मामले पर सुनवाई करते हुए उनके प्रत्यावेदन पर विचार करने के आदेश निदेशक पुनर्वास को दिए हैं। इसको चुनौती टिहरी निवासी सुबोध कुरियाल व अन्य ने चुनोती दी है जोकि वर्ष 2013 से पुनर्वास विभाग में कार्य कर रहे हैं।

### सरकार, कुविवि, यूजीसी को तीन हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल के द्वारा उससे मान्यता प्राप्त 31 से अधिक कालेजों से प्रत्येक प्रोफेशनल कोर्स कराने के लिए उनसे 35 लाख की और बीए तथा एमए कराने के लिए 15 लाख की धरोहर राशि लिए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने राज्य सरकार तथा कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल और यूजीसी से तीन सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। दूसरी ओर अब मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार पूर्णागिरी ला कालेज सहित करीब 30 से अधिक कुमायूँ विश्व. विद्यालय नैनीताल से मान्यता प्राप्त कालेजों ने उच्च न्यायलय में याचिकाएं दायर कर कहा हैं कि वे कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल से मान्यता प्राप्त हैं। उनके कालेजों में व्यवसायिक कोर्स के अलावा डिग्री दीए जाने संबन्धित अन्य कोर्स कराए जा रहे हैं। पूर्व में विश्वविद्यालय ने हर कोर्स को एक निर्धारित फीस नियत की थी जो 3 लाख थी। अब विश्वविद्यालय ने प्रत्येक व्यवसायिक कोर्स की 35 लाख और अन्य सामान्य कोर्स की 15 लाख कर दी है जो कि नियमों के विरुद्ध है, इस पर तुरंत रोक लगाई जाए।

### 6 माह में निर्णय लें शिक्षा निदेशक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने शिक्षकों की वेतन वृद्धि से संबंधित एक मामले में शिक्षा निदेशक को याचिकाकर्ताओं के प्रत्यावेदन पर 6 माह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ के समक्ष कई शिक्षकों की ओर से दायर रिट याचिका में मांग की थी कि निदेशक, स्कूल शिक्षा को उनकी वेतन वृद्धि के संबंध में दिए गए प्रत्यावेदनों का निस्तारण करने का निर्देश दिए जाएं। कहा कि हाईकोर्ट ने रिट याचिका सं. 391/2024 (एसएस), चंद्र सिंह चिरल और अन्य व राज्य सरकार में पारित आदेश के के अनुरूप उन्हें भी वेतन वृद्धि के सम्बंध में दिए निर्देशों का लाभ दिया जाय। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि उनके द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। राज्य के स्थायी वकील ने न्यायालय को सूचित किया कि इसी न्यायालय की एक समन्वय पीठ ने पूर्व में ही सक्षम प्राधिकारी को वेतन वृद्धि के संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

# एचपीसीएल के दो अधिकारियों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के दो अधिकारियों विनीत कुमार गोयल व अन्य के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में हुई। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड से जुड़े इन अधिकारियों पर एक पूर्व एलपीजी डीलर, समय सिंह द्वारा दायर शिकायत के आधार पर दस्तावेजों की जालसाजी और हेरफेर के आरा. प लगाए गए थे। विवाद का मूल मेसर्स देव भूमि गैस सर्विस की एलपीजी डीलरशिप से संबंधित एक अनुबंधात्मक असहमति था। डीलर समय सिंह पर पहले जुर्माना लगाया गया था और बाद में बिक्री और आपूर्ति कार्यों को निलंबित कर दिया गया था। न्यायालय ने पाया कि यह विवाद अनुबंधात्मक संबंध में निहित था और पहले ही रिट याचिकाओं और मध्यस्थता कार्यवाही सहित उपयुक्त सिविल उपचारों के माध्यम से समाधान के लिए प्रस्तुत किया जा चुका था। इन अधिकारियों ने तर्क दिया था कि शिकायत केवल एक सिविल विवाद को आपराधिक रंग देने का प्रयास था, ताकि उन पर अनुचित दबाव बनाया जा सके। डीलर समर सिंह टिहरी गढ़वाल ने आरोप लगाया था कि निरीक्षण और निल. बन पत्र से संबंधित दस्तावेजों की जालसाजी की गई थी और उन्हें झूठा फंसाने के लिए जानबूझकर गढ़े गए थे। हाईकोर्ट ने सी 482 के तहत सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, नरेंद्र नगर, टिहरी गढ़वाल द्वारा पारित 4 मार्च2014 के निर्णय और जिला एवं सत्र न्यायाधीश, टिहरी गढ़वाल द्वारा पारित 23 दिसम्बर 2014 के पुनरीक्षण आदेश को रद्द कर दिया गया। साथ ही आपराधिक मामला संख्या की संपूर्ण कार्यवाही भी रद्द कर दी गई।

### एनडीपीएस एक्ट आरोपी को जमानत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी को जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ में हुई। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में माना कि मो. यामीन से कथित तौर पर ज़ब्त सामान की सूची तैयार करने के समय और प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज किए जाने के समय के बीच विसंगति है। आरोपी यामीन को 7 मई, 2025 को शाम 6.30 बजे सल्ट अल्मोड़ा में चरस के साथ गिरफ्तार किया था। थाना सल्ट में दर्ज इस मामले की एफआईआर रात 11.31 बजे, यानी काफी देर बाद दर्ज की गई। देर से एफआईआर दर्ज होने के बावजूद, वह सूची दस्तावेज़ जिसे बाद में एक मजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित किया गया, में पहले से ही एफआईआर संख्या अंकित थी। जो कि संदेहास्पद है।

### मां बाल सुन्दरी परिणय सेवा संस्था 1 नवम्बर को कराएगी निर्धन कन्याओं का विवाह

**काशीपुर।** मां बाल सुन्दरी परिणय सेवा संस्था गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 1 नवम्बर को चैती मेला परिसर में 31 जरूरतमंद गरीब परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने जा रही है जिसके तैयारियां जोरो-शोरों से जारी हैं। मां बाल सुन्दरी परिणय सेवा संस्था के अध्यक्ष एवं मुख्य आयोजक आनन्द कुमार एडवोकेट व महासि. चव सुरेश शर्मा ने बताया कि बाल सुन्दरी संस्था वर्ष 22 नवम्बर 2015 से लगातार चैती मेला परिसर में गरीब परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन कर रही है। सिर्फ कोरोना काल को छोड़कर अब तक बाल सुन्दरी संस्था करीब 150 गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह करवा चुकी है। गत 23 नवम्बर 2023 को भी संस्था ने 21 कन्याओं का विवाह धूमधाम से कराया था। यह संस्था का आठवां सामूहिक विवाह का आयोजन है। बताया कि इस बार बाल सुन्दरी संस्था ने 31 गरीब परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 31 नवंबर की प्रात: 10 बजे बारात रामलीला मैदान से घोड़े बग्गियों पर सवार होकर चैती मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी तथा दोपहर 3 बजे जयमाला एवं पाणिग्रहण संस्कार का कार्यक्रम होगा। बताया कि संस्था द्वारा सामूहिक विवाह में आये आवे. दन में संलग्न पेपरों की जांच पड़ताल के लिए अलग-अलग स्थानों पर संस्था की टीमों को भेजकर एवं लोगों से सम्पर्क कर विवाह के योग्य पात्र लोगों को छांटा जाता है। बताया कि सामूहिक विवाह में फेरे सनातन धर्म के अनुसार विधि-विधान से करवाये जायेंगे। विवाह के उपरांत वर-वधू पक्ष को विवाह प्रमाण पत्र भी विवाह समारोह के बाद दिये जाएंगे।

## एक नजर

### शगुन कनवाल करेंगी एथलेटिकस में प्रतिभाग

**नैनीताल।** जिले के राजकीय बालिका इंटर कालेज खुर्पाताल के दुर्गम विद्यालय के चार बच्चों का चयन बॉस्केटबाल और चार का एथलेटिकस में हुआ जिसके बाद प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शगुन कनवाल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शगुन की इस कामयाबी पर कालेज की प्रधानाचार्या डा. नीरजा पांडे समेत बीना फुलेरा समेत शिक्षकों व स्टाफ ने खुशी जताई है।

### बुर्जुगों का दल बद्रीनाथ धाम रवाना

**नैनीताल।** दीन दयाल उपाध्याय मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को बद्रीनाथ धाम के दर्शन हेतु प्रथम दल जिसमे 32 यात्रियों (18 महिलायें एवं 14 पुरूष) को चार दिवसीय यात्रा हेतु रवाना गया। बता दें यात्रा मंगलवार को नैनीताल से शुरु होकर रानीखेत, कर्णप्रयाग, जोशीमठ, श्री बद्रीनाथ होकर वापस नैनीताल लौटेगी। यात्रा को पर्यटक आवास गृह तल्लीताल बस स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भण्डारी एवं पर्यटक आवास गृह तल्लीताल कुमायूँ मण्डल विकास निगम के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### ज्वंलत समस्याओं का जल्द हो समाधान: चौधरी

**नैनीताल।** नैनीताल की जनसरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर जल्द उनके समाधान की गुजारिश की है। जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने राज्य कर विभाग नैनीताल में तैनात सहायक आयुकत को पत्र भेजकर जीएसटी की संशोधित दरों को सार्वजनिक करने की गुजारिश की है ताकि जनता को पता चल सके कि 22 सितंबर 2025 से लागू जीएसटी दरों के बारे में आम जनमानस को पता चल सके। इसके साथ ही चौधरी ने पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल से गुजारिश की है कि नैनीताल की शान समझी जाने वाली माल रोड में रात्रि 8 बजे के बाद से लेकर रात्रि 11 बजे तक ई-रिकशों का संचालन किया जाए ताकि लोगों को पूर्व की तरह ही माल रोड में ई रिकशा की सुविधा मुहैया हो सके।

### कुविवि के दीक्षांत समारोह तैयारियां

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि नैनीताल के डीएसबी परिसर में 4 नवंबर मंगलवार को होने वाले 20वें दीक्षांत समारोह के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर लिया गया है। इसी मुद्दे को लेकर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने मंगलवार को समितियों के सभी संयोजकों के साथ महत्पूर्ण बैठक की जिसमें सभी से अपने अपने कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में दीक्षांत कार्यक्रम के संदर्भ में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रो. जीत राम, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. आरपी जोशी, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट तथा प्रो. दीपिका गोस्वामी तथा डा. अशोक कुमार आदि शामिल रहे।

### एडी (माध्यमिक शिक्षा) ने कार्यभार ग्रहण किया



**नैनीताल।** अपर निदेशक द्धमाध्यमिक शिक्षात्र कुमाऊं मंडल नैनीताल के पद पर मंगलवार को शिव प्रसाद सेमवाल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बता दें सेमवाल अब तक मुखय शिक्षा अधिकारी टिहरी के पद पर कार्यरत थे। उत्तराखंड शासन द्वारा उन्हें अपर निदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है। उत्तराखंड शासन द्वारा गजेन्द्र सिंह सौन को अपर निदेशक (प्रारभिक शिक्षा) कुमाऊं मण्डल तथा शिवप्रसाद सेमवाल को (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊं मंडल के पद पर पदोन्नति दी गयी है। सेमवाल द्वारा अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊं मण्डल का पदभार ग्रहण करने पर कार्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। नवनियुकत अपर निद. शक सेमवाल ने कहा वह शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु निरन्तर प्रयास करेंगे। इसके अलावा शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं और उनके प्रकरणों का समाधान किया जायेगा।

### पालिका के वाहनों से सड़कों पर गिर रहा कचरा

**नैनीताल।** नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे पालिका के वाहनों से लगातार सड़क पर कचरा फैल रहा है। सडकों पर फैले कूड़े व दुर्गंध से लोग परेशान हो रहे हैं लेकिन लोगों की शिकायत के बाद भी पालिका की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि नैनीताल से पालिका के वाहन कूड़ा लेकर रोजाना हल्द्वानी जाते हैं। वाहनों में ठीक तरीके से कूड़ा पैक नहीं होने के चलते रास्ते पर कई स्थानों पर वाहनों से कूड़ा गिर जाता है जिससे क्षेत्रा में गंदगी फैलती है साथ ही दुर्गंध भी फैलती है। मंगलवार को भी नैनीताल से हल्द्वानी कूड़ा लेकर जाते पालि. का के वाहन से भारी मात्रा में ताकुला के समीप कचरा गिरकर सडक में फैल गया है। अब सड़क में फैले से क्षेत्र में गंदगी फैल रही साथ ही दुर्गंध फैल रही है। जिसको क्षेत्रा के गौवंश भी खा सकते हैं। मामले में पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे वाहनों को सही से पैक कर भिजवाने की व्यवस्था बनाई जाएगी। मामले में वाहन चालकों को ध्यान देने के निर्देश दिए जाएंगे।

### खेल मैदान बना जुआरियों का अड्डा

**नैनीताल।** नगर का मल्लीताल स्थित डीएसए खेल मैदान इन दिनों जुआ. रियों का अड्डा बना हुआ है। मैदान में जुआरी बेखौफ जुआ खेल रहे हैं बावजूद इसके पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। बता दें कि नैनीताल में लंबे समय से लोग मल्लीताल खेल मैदान में बने कृतिम रॉक क्लाइंबिंग वॉल के समीप जुआ खेल रहे हैं जिससे क्षेत्रा का माहौल बिगड़ रहा है। कई बार लोग मामले की पुलिस से शिकायत कर चुके हैं लेकिन पुलिस जुवारियों को क्षेत्र से नहीं हटा पा रही है। इसके चलते प्रतिदिन सुबह से ही जुआरी मैदान किनारे जुआं खेलने बैठ रहे हैं। लोगों ने खेल मैदान से जुआरियों को हटाने की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि गश्त कर कई बार जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। जल्द ही गश्त कर मैदान से जुआरियों को हटा दिया जाएगा।

# नैनीताल में भारी बर्फबारी होने की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों मौसम का मिजाज बदलने लगा है। अक्तूबर की शुरूआत से ही ठंड पड़ने लगी है। इसको देखते हुए लोग इस बार कड़ाके की ठंड और अधिक बर्फबारी की उमीद जता रहे हैं। वहीं वैज्ञानिकों ने भी लानीना के प्रभाव के चलते कड़ाके की ठंड के साथ बर्फ बारी होने की संभावना जता रहे हैं। बता दें कि बीते वर्ष ठंड देर से शुरू होने के चलते 9 दिसंबर 2024 को नैनीताल के उंचाई वाले क्षेत्रों में पहली बर्फबारी हुई थी। वहीं 12 जनवरी 2025 को सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई थी लेकिन इस वर्ष अकटूबर माह की शुरूआत में भी ठंड बढ़ने के चलते लोग आने वाले महीनों में कड़ाके की ठंड व बर्फबारी की संभावना जता रहे हैं। वहीं वैज्ञानिकों का भी मानना है कि इस वर्ष नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के साथ भारी बर्फबारी हो सकती है। मामले में एरीज के निदेशक डा. मनीष नाजा ने बताया कि इस वर्ष क्षेत्र में ठंड जल्दी आ गई है। बताया कि लानीना के प्रभाव से इस बार सर्दियों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है जिससे उत्तर भारत में शीत लहरें चल सकती है और भारी बर्फ बारी भी हो सकती है। संस्थान की ओर से लगातार मौसम पर नजर रखी जा रही है। जिससे मौसम का पूर्वानूमान लगाया जा रहा है हालांकि बर्फबारी कब तक होगी यह कह पाना संभव नहीं है।

# साइबर क्राइम पर जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद नैनीताल के द्वारा मंगलवार को साइबर क्राइम एवं साइबर सिकियोरिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय पॉलिटेनिक में किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पालि. काध्यक्ष डा.. सरस्वती खेतवाल रही जबकि विषय विशेषज्ञ के रूप में पुलिस महकमे के हेड कान्टेबल संदीप सिंह तथा शिवेंद सिंह समेत डा. स्वाति साह प्रवकता टूरिज्म विभाग कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल आदि ने समाज में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम संबंधी विषय पर गहन चिंतन मंथन किया और साइबर क्राइम से सचेत रहने के लिए आवश्यक जानकारियां दी। कहा कि कोई भी समस्या आने पर साइबर सेल 1933 से संपर्क करने की बात रखी। इस दौरान पालीटेक्निक के छात्रों ने कई प्रश्न पूछे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एएस गौड़ तथा प्रवकता भावना तथा स्वाति खाती एवं समस्त शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं ने साइबर क्राइम एवं निवारण संबंधित जानकारी प्राप्त की। आशा शर्मा (आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष) ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इससे पूर्व अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी के द्वारा सभी का स्वागत किया गया जबकि परिषद की सचिव प्रीति शर्मा तथा तारा बोरा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर परिषद की ओर से रेखा त्रिवेदी, गीता पांडे, अमिता साह तथा रेखा पंत आदि पदाधिक. ारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 4 नवंबर मंगलवार को प्रस्तावित नैनीताल यात्रा के मद्देनजर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने मंगलवार को राजभवन नैनीताल में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली।

बैठक में राज्यपाल ने राष्ट्रपति के भ्रमण को गरिमापूर्ण, भव्य एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाओं को गुणवत्तायुक्त और समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपति की यात्रा प्रदेश के लिए गौरव का अवसर है। अत: सभी अधिकारी समन्वय एवं जिमेदारी के साथ अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नैनीताल राजभवन के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। इसके अलावा वह कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी तथा कैंचीधाम मंदिर में बाबा नींब करौली महाराज के दर्शन करेंगी। बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक कुमाऊँ एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, प्रबंध निदेशक केएमवीएन विनीत तोमर, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक यातायात जगदीश चंद्रा सहित अनेक अधिक. ारी उपस्थित रहे।

### मंयक चिलवाल ने की रक्तदान कर मरीज की मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** एक कदम अच्छाई की ओर रक्ततदान संस्था के सदस्य मयंक चिलवाल द्वारा ओ पॉजिटिव रक्तदान कर एक मरीज की सहायता की गई। दूसरी ओर एक कदम अच्छाई की ओर रकतदान संस्था ने चिलवाल हृदय से आभार व्यकत किया है साथ ही आपके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष व संस्थापक अभिषेक मुल्तानिया युवी, सचिव रवि कुमार, विनय विद्यार्थी, दीपक जोशी, निर्मल कुमार एवं चिकित्सालय की ओर से डा. प्रियांशु श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# 32 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान भतरौंजखान पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने भिकियासैंण चौकी के पास दो लोगों को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 32.910 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार निरीक्षक भुवन जोशी के नेतृत्व में टीम गशत पर थी। पुलिस टीम ने भिकियासैंण चौकी के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहन संख्या यूके 06 सीबी 7518 को रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी राजा पुत्र मनोज प्रसाद निवासी डीएवी स्कूल बेरिया रोड बाजपुर यूएसनगर व मलकीत सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी वार्ड नंबर 01 कुमायूं कालौनी थाना काशीपुर यूएसनगर के कब्जे से 32.910 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरादम गांजे की कीमत आठ लाख 22 हजार 750 रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीम में उपनि. रीक्षक संजय जोशी, हेड कांस्टेबल शमीम अहमद, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार व कांस्टेबल गणेश दत्त शामिल रहे। पूछताछ में मलकीत ने बताया कि अपने साथी हरजीत सिंह के साथ इसी माह स्विफ्ट कार से गांजा लेकर काशीपुर जा रहे थे, पुलिस द्वारा पीछा करने पर कार को छोड़कर भाग गए थे। हरजीत पिछले दिनों रामनगर में गांजा तस्करी में गिरफ्तार हुआ है। बताया कि सराईखेत से गांजा लेकर काशीपुर जा रहे थे। पुलिस द्वारा गांजा बेचने और खरीदने वालों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# एसएसपी, एसपी सिटी को भावभीनी विदाई

## नैनीताल पुलिस ने दोनों अफसरों को मोमेंटो भेंट किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस ने अपने कुशल और कर्तव्यनिष्ठ एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को भावभीनी विदाई दी। मीणा को उत्तराखंड गृह विभाग द्वारा एसएसपी नैनीताल के पद से कार्यमुक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक सतर्कता मुख्यालय उत्तराखंड देहरादून की नई जिम्मेदारी दी गई है। एस एस पी पीएन मीणा के साथ ही एसपी सिटी प्रकाश चंद्र को भी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। एसएसपी मीणा का कार्यकाल कुशल नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल में नैनीताल पुलिस को अनेकों उपलब्धि हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने नशा मुक्त बनाने के लिए अनेकों सेमिनार और जनजागृति कार्यक्रम आयोजित कराए। उन्होंने 1130 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग 1.22 करोड़ की अवैध शराब और 10 करोड़ की स्मैक बरामद की। एसएसपी मीणा ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टरमाइंड सहित 100 दंगाइयों को गिरफ्तार किया। उन्होंने प्रभावी पुलिस प्रबंध करते हुए जनपद में लोकसभा निर्वाचन 2024 और नगर निकारायण निर्वाचन का सकुशल सम्पन्न कराए गए। उन्होंने अपने कार्यकाल में जनपद में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलो के दौरान महानुभावों, खिलाड़ियों और टीमों के सुरक्षित प्रवास तथा विभिन्न कार्यक्रमों का सकुशल समापन कराया।नैनीताल पुलिस के सभी अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को मोमेंटो भेंट कर उनके सरल स्वभाव और कुशल नेतृत्व के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गयी। इस मौके पर एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्र, सीओ लालकुआं, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार बिष्ट, यातायात प्रभारी महेश चन्द्रा, सहित पुलिस दूरसंचार, थाना व चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### डा.रिया गुप्ता का पोस्ट डाक्टोरल के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग की शोध छात्रा रही डा. रिया गुप्ता का यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन एन अर्बोर यूएसए में पोस्ट डाक्टोरल के लिए चयन हुआ है । बता दें कि डा. रिया गुप्ता ने अपना शोध प्रोपेगेशन ऑफ मेडिशनल प्लांट एंड देयर परफार्मेंस इन फील्ड कंडीशंस इन नैनीताल कुमाऊं हिमालय विषय पर वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. नीलू लो. धियाल के निर्देशन में पूर्ण किया है। डा. रिया अब मॉलिक्युलर मैकेनिज्म व सिंथेटिक एंड प्लांट डेरिवेड नैनोस्केल वेजिकल्स मीडियटेड टिशू रिपेयर एंड सिग्नलिंग विषय पर शोध करेंगी।

# आपदा के 7 साल बाद टिकोची के छात्रों को मिला नया स्कूल भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उत्तरकाशी।** विकास खंड मोरी के आराकोट-बंगाण क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव टिकोची में स्थित राईका टिकोची को सात साल बाद अपना नया भवन मिल गया है। पुरोला क्षेत्र के विधायक दुर्गेश्वर लाल ने विधिवत पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ कर नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया है। इस दौरान विधायक ने संबो. धित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार और सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यालयों को बेहतर संसाधनों से सुसज्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टिकोची जैसे दुर्गम क्षेत्रों में विद्यार्थियों को बेहतर भवन, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। नव निर्मित भवन में 12 कमरे, एक विशाल हॉल, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय और शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बता दें कि वर्ष 2019 की विनाशकारी आपदा में विद्यालय भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद से विद्यालय टीन शेड में संचालित हो रहा था। अब नवीन भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह इंटर कालेज टिकोची, चिंवा, जागटा, किराणु, दुचाणु, बलावट, मौडा, डगोली, कलीच, माकुड़ी, झोटाडी और गोकुल सहित लगभग 13 गांवों का प्रमुख शैक्षणिक केंद्र है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। विधायक ने विद्यालय के चारदीवारी एवं सुरक्षा दीवार निर्माण हेतु शासन से बजट स्वीकृति का प्रयास करने व विधायक निधि से विद्यालय में छात्र छात्राओं के बैठने के लिए फर्नीचर की घोषणा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार, प्रधानाचार्य वालम सिंह तोमर, युद्धवीर सिंह रावत, विनोद सिंह रावत, राकेश उत्तराखंडी, मनमोहन चौहान, रमेश नौटियाल, सतीश चौहान, महेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।




# नबंर-1 पर बरकरार मंधाना

## आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना ने 828 अंकों के साथ अपना दबदबा और मजबूत कर लिया

**दुबई, वार्ता।** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया है। मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने 828 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रनों की पारी की बदौलत महिला वनडे क्रिकेट में नंबर 1 बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद शतक की बदौलत छह पायदान चढ़कर दूसरे (731) स्थान पर पहुंच गईं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट 90 और 31 रनों की पारी की बदौलत दो पायदान की छलांग के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गईं। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक शानदार प्रदर्शन है, जिन्हें विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए सितम्बर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था। इस बीच, इंग्लैंड की एमी जोन्स चार पायदान चढ़कर नौवें (656) स्थान पर पहुंचकर शीर्ष 10 में शामिल हो गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शीर्ष 40 में सबसे बड़ी छलांग लगाते हुए 16 पायदान चढ़कर 16वें (613) स्थान पर पहुंच गईं। चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगी प्रतीका रावल, 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं, हालांकि लेग स्पिनर अलाना किंग के रूप में एक नई प्रतिद्वंद्वी दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए हैं। किंग अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान ऊपर पहुंच गई हैं, और टीम की साथी एश्ले गार्डनर को एक स्थान नीचे तीसरे (689) पर खिसकना पड़ा है। पाकिस्तान की नशरा संधू ने बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि तेज गें. दबाज मारिज़ैन काप और एनाबेल सदरलैंड भी एक स्थान की छलांग लगाकर क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं। लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स की एक और प्रतिपादक, लिसे स्मिथ इस हफ्ते सबसे ज़्यादा आगे बढ़ीं और 24 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें (444) स्थान पर पहुंच गईं। ऑलराउंडर रैंकिंग में, गार्डनर ने शीर्ष स्थान (रेटिंग 503) पर अपनी पकड़ बनाए रखी, जबकि कैप 422 रेटिंग के साथ वेस्टइंडीज की हेली को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

# 18 नवम्बर से शुरू होगा अबू धाबी टी-10




**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी टी-10 18 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर, 2025 तक चलेगा। इस तेज-तर्रार क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग दो हफ्ते तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसमें खेल के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे।

सीजन के शुरुआती मैच में क्वेटा क्वालीफायर का सामना नॉर्दर्न वॉरियर्स से होगा, जिसके बाद गत विजेता डेक्कन ग्लेडिएटर्स और दिल्ली बुल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला होगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जहां प्रत्येक टीम लीग चरण के दौरान प्रत्येक टीम से भिड़ेगी।

ग्रुप मैचों के बाद, अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंच जाएंगी। प्लेऑफ चरण 29 नवम्बर, 2025 को क्वालिफायर 1 के साथ शुरू होगा, जिसमें लीग चरण की शीर्ष दो टीमें हिस्सा लेंगी।

इस मैच का विजेता फाइनल के लिए जगह बनाएगा, जबकि हारने वाली टीम को क्वालिफायर 2 में एक और मौका मिलेगा। उसी दिन, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। इस मैच का विजेता क्वालिफायर 2 में जाएगा, जबकि हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। क्वालिफायर 2, जो 30 नवम्बर, 2025 को निर्धारित है।

### खेल विशेष

## अगर आप देश के लिए खेलना चाहते हो, तो इसमें गलत क्या है: शमी

**कोलकाता, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में गुजरात के खिलाफ धाकड़ प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से भारतीय टीम का दरवाज़ा खटखटाया है। शमी ने गुजरात के खिलाफ बंगाल की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए हैं। अब शमी के इस सीजन में दो रणजी मैचों में 15 विकेट हो गए हैं। बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी का यह मुकाबला 141 रन से जीता। मैच के बाद जब शमी से एक बार फिर भारतीय टीम में उनके चयन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह मेरा कमबैक मैच था। मैं अच्छी लय में हूं और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहा हूं। फिर जैसे ही शमी से भारतीय टीम के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने हंसते हुए कहा, ष्यह सवाल तो आना ही था। शमी ने कहा कि अगर आप अपने देश की सेवा करना चाह रहे हों तो इसमें क्या ग़लती है। जब इंजरी के बाद वापसी की सोचते हैं तो खुद को प्रूव करने की कोशिश करते हैं। उसके लिए आपको अच्छा प्रदर्शन करना पड़ता है और अच्छी लय में होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वैसे ही (चयन के बारे में दिए गए बयान को लेकर) मैं हमेशा कंट्रोवर्सी में रहता हूं। मुझे विलेन बना दिया गया है। (हंसते हुए) आज के जमाने में सोशल मीडिया ऐसी है कि बात का मतलब कहां से कहां पहुंच जाता है। लेकिन अच्छा प्रदर्शन करना ही मेरा काम है। जहां मौक़ा मिलेगा, अच्छा करने की कोशिश करूंगा। बाक़ी ऊपर वाले की मर्ज़ी है। बंगाल मेरा घर है। जितने मैच खेल सकूंगा।

# रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड में मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

- **यशस्वी जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल 1 नवम्बर से शुरू हो रहे अगले दौर के रणजी ट्रॉफी 2025-26 मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। मुंबई की टीम इस दौर में जयपुर में राजस्थान के खिलाफ एलीट ग्रुप डी मुकाबला खेलेगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद जायसवाल ने द. अफ्रीका के खिलाफ 14 नवम्बर से कोलकाता में शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले खुद को मैच फिट रखने की इच्छा जताई है। यह बीसीसीआई के उस निर्देश के अनुरूप है जिसमें सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को उपलब्ध होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी है। पाटिल और उनकी चयन समिति मंगलवार को समाप्त हो रहे वर्तमान दौर के बाद राजस्थान के खिलाफ मैच के लिए टीम का चयन करेंगे।

अगर जायसवाल खेलते हैं तो यह मई में टीम के प्रति पुनः प्रतिबद्धता जताने के बाद मुंबई के लिए उनकी वापसी होगी। उन्होंने पहले गोवा के लिए एनओसी मांगा था। उन्होंने आखिरी बार मुंबई के लिए जम्मू-कश्मीर के खिलाफ बीकेसी ग्राउंड पर खेले गए ग्रुप मैच में हिस्सा लिया था। ये वही मैच था जिसमें रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चर्चित रणजी वापसी की थी।

# भारत के वर्चस्व की पहली टी-20 परीक्षा कैनबरा में

- **कैनबरा में 1 साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है भारत**

**कैनबरा, वार्ता।** क्रिकेट, जो सबसे अप्रत्याशित निश्चितताओं में से एक है, एक बार फिर संयम और समय की परीक्षा के रूप में सामने आ रहा है। टी-20 वर्चस्व के शिखर पर सवार भारत, कैनबरा में केवल एक मैच खेलने के लिए नहीं, बल्कि एक साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है।

आंकड़े कहानी को और पुष्ट करते हैं: एशिया कप में अजेय, टी-20 विश्व चैंपियन का ताज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पिछले छह में से पांच मुकाबलों में अजेय। लेकिन असली कहानी तब शुरू होती है




जब कैनबरा के ठंडे आसमान के नीचे गेंद स्विग करती है और मनुका ओवल के प्रशंसक उस पुरानी ऑस्ट्रेलियाई धुन को गुनगुनाने लगते हैं - ष्हम घर पर कभी नहीं हारते। सूर्यकुमार यादव एक ऐसी टीम का नेतृत्व करते हैं जो भारत के नए क्रिकेटिग मूड का प्रतिबिब लगती है। अधीर, अभिव्यंजक और अराजकता से बेखौफ। अभिषेक शर्मा, बगावत से भरी कलाई वाले बालक, तिलक वर्मा अपनी शांत अवज्ञा के साथ, और शुभमन गिल, सफ़ेद कपड़ों के कवि से पावर-हिटर बने - ये सभी भारतीय बल्लेबाजी के बदलते चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं। और फिर आते हैं जसप्रीत बुमराह, भारत के शांत वज्र। उनके स्पेल ने तेज गेंदबाज़ी की भाषा को नए सिरे से लिखा है। न्यूनतम, सटीक, क्रूर रूप से सुंदर। अगर वह दूधिया रोशनी में लय हासिल कर लेते हैं, तो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खुद को एक लंबी शाम के चिंतन में डूबा हुआ पा सकते हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया परिचितता और असहजता के एक अजीबोगरीब मिश्रण के साथ आ रहा है। मिचेल मार्श, जो ताकत और बोझ दोनों ढोते हैं, जानते हैं कि उनके खिलाड़ियों में ताकत है - ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड - लेकिन शायद रहस्य नहीं। और एडम जम्पा की चतुराई के बिना, उनकी स्पिन की अलमारी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा खाली दिखती है। पिच दोनों पक्षों को परेशान करेगी।

एक ऐसी सतह जो शुरुआत में उछाल, बीच में धैर्य और इंतज़ार करने वालों के लिए इनाम देती है। मौसम अपनी शरारतें कर सकता है, बारिश रणनीति को सहज ज्ञान में बदलने की धमकी दे रही है। टॉस, हमेशा की तरह, अनदेखा बारहवां खिलाड़ी बन सकता है।

# होप, पॉवेल और गेंदबाजों ने विंडीज को 16 रनों से दिलाई जीत

- **बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में शाई होप ने 46 और पॉवेल 44 ने शानदार पारी खेली**

**चटगांव।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 16 रनों की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। कप्तान शाई होप (46) और रोवमैन पॉवेल (44) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहमान टीम ने 3 विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर बांग्लादेश को 19.4 ओवर में 149 रनों पर ऑल आउट करके इस स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए,




विंडीज के बल्लेबाजों ने सतर्क शुरुआत की और पहले दो ओव. रों में केवल छह रन ही बना पाए। एलिक अथानाज़े को दो बार जीवनदान मिला - पहला तब जब बांग्लादेश ने उन्हें डायरेक्ट हिट से रन आउट करने का मौका गंवा दिया और फिर जब उनका गलत शॉट सर्कल के ठीक बाहर सुरक्षित रूप से जा गिरा। तस्कीन अहमद अपने दूसरे ओवर में बेकाबू साबित हुए और उन्होंने तीन वाइड फेंकी और तीन चौके खाए जिससे वेस्टइंडीज को शुरुआत में ही बढ़त मिल गई। सलामी बल्लेबाजों ने 59 रनों की साझेदारी की, लेकिन नौवें ओवर में रिशाद हुसैन की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में अथानाज़े बोल्ड हो गए।

# इंग्लैंड को सेमीफाइनल से पहले सोफी के ठीक होने की उम्मीद

**गुवाहाटी, वार्ता।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के एमआरआई स्कैन से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार (29 अक्टूबर) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन किया जाएगा। इस झटके के बावजूद, इंग्लैंड क्रिकेट टीम को उम्मीद है कि वह समय पर फिट हो जाएंगी और मैच में खेलेंगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के बयान में कहा गया है कि सोफी एक्लेस्टोन के बाएं कंधे के एमआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनकी कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन जारी रहेगा। एक्लेस्टोन ने इंग्लैंड के सेमीफाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 6 मैचों में 3-98 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं और इस टूर्नामेंट में अपनी साथी लिसे स्मिथ के साथ संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। इंग्लैंड 11 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, उसने पांच मैच जीते और एक मैच बारिश के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अंक साझा किए।

## ओलंपियाड की बोली लगाने व विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा होगी

**चेन्नई, वार्ता।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की गोवा में होने वाली बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक में कुछ विवादास्पद मुद्दों के अलावा, 2030 शतरंज ओलंपियाड की भारत द्वारा मेजबानी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

आमतौर पर, एआईसीएफ की वार्षिक आम बैठक जून में होती है, लेकिन इस बार यह 30 अक्टूबर को गोवा में होगी, जहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। पता चला है कि लेखापरीक्षित खातों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और कार्यसूची के साथ सदस्यों को वितरित नहीं किया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डीडीहाट ( पिथौरागढ़ )**

पत्रांक संख्या: 409/2025-2026 दिनांक: 28.10.2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद डीडीहाट में दिनांक 29.10.2025 से 05.11. 2025 तक ठेकेदारी पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

अतः इच्छुक ठेकेदार आवेदन हेतु समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय नगर पालिका परिषद डीडीहाट में आवेदन किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
डीडीहाट (पिथौरागढ़)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
डीडीहाट (पिथौरागढ़)

**कार्यालय सहायक अभियन्ता, प्रथम नलकूप उपखण्ड, टनकपुर**

पत्रांक: 167/स0अ0प्र0/अल्पकालीन नि0सू0सं0/ दिनांक : 28.10.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 09/स0अ0प्र0/2025-26/दिनांक 28.10.2025

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्न कार्य की मोहरबन्द निविदायें पंजीकृत ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से दिनांक 18.11.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। यह निविदायें दिनांक 17.11.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड, टनकपुर से प्राप्त की जा सकती हैं जो दिनांक 18.11.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे अपरान्ह तक टेंडर बाक्स में डाली जा सकती हैं। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में दिनांक 18.11.2025 को देय निविदा अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा राष्ट्रीकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर (जिला चम्पावत) के नाम से बंधक बनाकर अलग लिफाफे में रखी जायेगी। निविदा प्रपत्र अलग-अलग लिफाफे में डाल कर बन्द करके अलग रखना होगा। दोनों लिफाफे में स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र के अलग लिफाफे में एक अन्य लिफाफे में बन्द करके सील्ड करके प्रेषित करने होगें। बिना धरोहर धनराशि जमा किये सशर्त निविदायें अमान्य होगी। अधोहस्ताक्षरी को कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा।

| लॉट सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य व्यापार कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निक्षेप मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के नलकूप सं0 03 एम0सी0जी0 ग्राम-छीनीगोठ में विद्युत उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | 18500.00 | 1000.00+जी0एस0टी0 | 02 माह |

नोट- अन्य शर्तें कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड, टनकपुर में देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता, प्रथम
नलकूप उपखण्ड, टनकपुर

**कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0 ज्योलीकोट (नैनीताल)**

Email ID :- eepmgsyjeyolikot@rediffmail.com / ntl.pmgsy@gmail.com दूरभाष नं0/ फैक्स नं0 :- 05942-224034

पत्रांक : 268 /निविदा/2025-26/ दिनांक : 28/10/2025

:-अल्पकालीन निविदा सूचना-:

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त निम्नलिखित कार्यों हेतु शील्ड निविदा दिनांक 14.11.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 14.11.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र जमा करते समय दो प्रतिशत धरोहर धनराशि जो एन0एस0सी0/किसी राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा निर्गत टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 हो, को प्रतिभूति के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई, ज्योलीकोट के पद नाम से बन्धक कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.11.2025 से 13.11.2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अलग से निविदा प्रपत्र मगवाने पर डाक व्यय हेतु रू0 100.00 मात्र अलग से देय होगा। डाक से विलम्ब का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत लाख रू0 में | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत एच0एम0टी0 रानीबाग ब्रेवरी मोटर मार्ग में अतिवृष्टि एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त भागों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 8.53 | 17100.00 | रू0 1000+ 18% GST | 2 माह | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |
| 2 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत एन0एच0 87 कि0मी0 92 में मल्यूटी (बल्यूटी) मोटर मार्ग में अतिवृष्टि एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त भागों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 9.90 | 19800.00 | रू0 1000+ 18% GST | 2 माह | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |

नोटः-
1. निविदा सम्बन्धी शर्तें/प्रतिबन्ध किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. उक्त निविदाओं का विक्रय एवं निविदा से सम्बन्धित कार्यवाही उपखण्ड स्तर से की जायेगी।

सहायक अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)

# उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा सम्पन्न

## घाटों पर जुटी भारी भीड़, कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता ने किया चाय पकौड़ी का प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 4 दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। छठ व्रतियों ने गंगा घाटों पर उगते सूर्य की उपासना की। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास भी खत्म हुआ।

जानकारी के अनुसार चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। रुड़की में आज सुबह चार बजे से ही सभी घाटों पर छठ पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने गंगा के पानी में खड़े होकर छठ मैया की आराधना की और उनसे संतान की दीर्घायु और जीवन में नई ऊर्जा की कामना की। गाय के दूध और जल से भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य दिया वहीं फलों आदि से भोग अर्पित किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। वहीं पूर्वांचल एकता समिति ने लक्ष्मी नारायण और संत रविदास घाट पर विशेष इंतजाम किए पूजा के बाद श्रद्धालुओं को उनकी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जेपी उपाध्याय, अभय पांडेय,वीरेंद्र शुक्ला,सुभाष सरीन, हर्ष प्रकाश काला, सुशील उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



**कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता ने बांटा प्रसाद..**छठ पूजा में सुबह सुबह घाटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं को कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता ने चाय पकौड़ी का प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आस्था का यह सैलाब गंगा के घाटों पर उमड़ा है यह हमारे देश की सनातन संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कामना की कि छठ मैया का आशीर्वाद शहरवासियों पर बना रहे। इस दौरान मनोज गोयल (सोनू),दीपक अरोड़ा आदि मौजूद रहे। **बाल्मीकि घाट पर की पूजा..**ढंडेरा से नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़े रवि राणा ने श्रद्धालुओं के साथ छठ पूजा में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री किरण सिंह एवं अन्य क्षेत्र के लोगों ने छठ पूजा कर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया।

# धारदार हथियारों से हमले का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की ब्लॉक के नगला कुबड़ा निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम प्रधान एवं उसके साथी पर गली गलौज एवं धारदार हथियारों से हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में शाहबाज पुत्र मुज्जमिल हसन निवासी ग्राम नगला कुबडा ने बताया कि वह अपने ग्राम नगला कुबडा से ग्राम सिरचंदी जा रहा था तभी ग्राम रुहाल्की में जोहड के पास पहुंचते ही ग्राम नगला कुबडा के प्रधान सदाकत पुत्र शराफत एवं असजद पुत्र जानआलम ने उसके साथ मारपीट एवं माँ-बहन की गाली-गलौच एवं धारदार हथियारो से जान से मारने की नियत से हमला किया। शिकायतकर्ता के अनुसार जैसे-तैसे उसने उनसे अपनी जान बचाई। शिकायतकर्ता ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान एवं उसके साथी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लंढौरा में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से आमजन हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बे में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से आमजन परेशान है। नगर पंचायत द्वारा कस्बे की नालियों में कीटनाशक व फॉगिंग नहीं कराने से कस्बे के लोगों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियां का डर सताने लगा है। लोगों ने मच्छरों के बढ़ते प्रकोप की रोकथाम के लिए कस्बे में कीटनाशक दवाइयों व फॉगिंग कराने की मांग की है।

लंढौरा इन दिनों बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से कस्बे के लोग परेशान है। शाम होते ही मच्छरों की फौज लोगों दुकानदारों का खून चूसना शुरू कर देती हैं। मच्छरों की संख्या में बढ़ोतरी होने से लोग रात में सुकून की नींद नहीं सो पा रहे हैं। कस्बे के शीशपाल कश्यप, अमित गिरी, असलम, तौसिफ, रविकान्त, रिजवान, संदीप आदि लोगों का कहना है कि कस्बे में नालो और नालियों में जमा गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। जिस कारण वह ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं। शाम होते ही मच्छरों का झुंड परेशान करना शुरू कर देता है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा अभी तक ना तो कस्बे में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया गया है। ओर ना ही फॉगिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियां फैलने का भय भी बना हुआ है। लोगों ने मच्छरों के पनपते लार्वा की रोकथाम को लेकर नगर पंचायत प्रशासन से नालों,नालियों व कूड़े वाले स्थानों में दवा और डीडीटी छिड़काव व फॉगिंग के इस्तेमाल की मांग की है। अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता का कहना है कि सफाई नायकों व कर्मचारियों को नालों,नालियों तथा वार्डों में साफ सफाई रखने तथा कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## मोहम्मदपुर पांडा गांव के जंगल में विद्युत लाइन

# काट रहा चोर करंट लगने से झुलसा , साथी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर पांडा गांव के जंगल में सोमवार की रात चोरों ने ऊर्जा निगम की इमलीखेड़ा फीडर की ।। केवी बिजली लाइन को काटकर करीब डेढ़ सौ मीटर तार चोरी कर लिया। चोर दो तार पहले ही काट चुके थे। तीसरे तार को काटने के दौरान एक युवक करंट की चपेट में आ गया। और पोल पर ही चिपक गया।

ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी अनिता सैनी ने बताया कि देर रात क्षेत्र में अचानक बिजली की ट्रिपिंग हुई। कर्मचारियों ने फॉल्ट खोजने के बाद दोबारा लाइन चालू करने की कोशिश की तो फिर से ट्रिपिंग हो गई।इसी तरह तीन बार ट्रिपिंग हुई। इस पर निगम के लाइनमैनो की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची।जब टीम मोहम्मदपुर पांडा गांव के जंगल में पहुंची तो एक पोल पर एक युवक करंट से झुलसा हुआ पोल से चिपक रहा था। मौके पर ।। केवी लाइन के दो तार कटे हुए पाए गए। तीसरे तार को काटने के दौरान युवक को करंट लग गया।मामले की सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।ऊर्जा निगम के कर्मचारियों और पुलिस ने हाइड्रा क्रेन से झुलसे युवक को नीचे उतारा। झुलसे युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।दूसरे यूवक को पुलिस के हवाले किया गया। उपखंड अधिकारी अनिता ने बताया कि मोहम्मदपुर पांडा गांव के जंगल से ।। केवी के करीब डेढ सौ मीटर तार चोरी हुआ है।करीब पौने दो घँटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।इस समय क्षेत्र में चोर सक्रिय है।कई जगहों पर चोरों ने नलकूपों के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कर उनके उपकरण चोरी कर चुके है। इससे पहले भी मार्च में मोहम्मदपुर पांडा में लाइन को काटने का प्रयास किया था।ऊर्जा निगम की ओर से जेई गोपाल सैनी, और फैजल की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।एसएसआई बीएस चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।



# पुलिस ने नकदी समेत एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी पुलिस द्वारा स्ट्टे की खाईबाडी करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की गयी जिसमें एक अभियुक्त को स्ट्टे की खाई बाड़ी करते धर दबोचा है। जिसके कब्जे से स्ट्टा कॉपी, पेन, व 1020/ रू0 नगदी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा सभी थाना प्रभारीयो को अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा पीने/बेचने/जुआ/स्ट्टा खाई बाड़ी करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे । जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय कोतवाली रूडकी द्वारा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत कार्यवाही हेतु सभी हल्का व बीट कर्मीयो को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम मे एक अभियुक्त को स्ट्टे की खाईबाडी करते हुये ग्रीन पार्क कालोनी रूडकी से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से स्ट्टा कॉपी,पेन व नगदी 1020/रू0 बरामद हुयी है । अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 384/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। 'नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-अहसान पुत्र अनवर निवासी ग्रीन पार्क कालोनी कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार। उससे स्ट्टा कॉपी, पेन, व नगदी 1020 रू0 बरामद किय है। पुलिस टीम में हेकानि0 विपिन कोतवाली रूडकी कानि0 सुरेश तोमर, हेकानि0 संदीप कुमार कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। बाद को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार चेतक कांस्टेबल प्रेम बल्लभ होमगार्ड योगेंद्र के देखरेख क्षेत्र शांति एवं कानून व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरायम अंदर इलाका थाना हाजा क्षेत्र में रवाना थे, जब हम कर्मचारी गण गस्त करते हुए सलेमपुर पहुंचे तो वहां पर काफी भीड़ इकट्ठा थी जाकर देखा तो एक व्यक्ति विकास पुत्र राजेंद्र निवासी सलेमपुर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार अपनी पत्नी नीलम के साथ आमदा फसाद हो रहा था जिसे हम पुलिस कर्मचारी गणों द्वारा काफी समझाया गया किंतु नहीं माना और उत्तेजित होने लगा। शांति व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत उक्त व्यक्ति को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए धारा 170 से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त विकास उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

गिरफ्तार अभि0 विकास पुत्र राजेंद्र निवासी सलेमपुर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार उम्र 40 वर्ष का पकडने वाली पुलिस टीम' में उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट-कांस्टेबल प्रेम बल्लभ-होमगार्ड योगेंद्र आदि शामिल रहे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस का हंटर, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लक्सर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रात चेकिंग के दौरान तीन व्यक्तियों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुये गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए, लक्सर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में शराब पीकर गाड़ी चलाने और यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों पर फोकस किया गया।रात्रि चेकिंग के दौरान, लक्सर पुलिस ने धारा 185/207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जो शराब के नशे में वाहन चला रहे थे। पुलिस ने न सिर्फ उन्हें गिरफ्तार किया, बल्कि उनके वाहनों को भी मौके पर सीज कर दिया गया है। इसके साथ ही, इन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) को रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य चालकों के विरुद्ध भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए गए। मोटर वाहन अधिनियम में की गई कार्यवाही: 3 चालान 185 एमवी एक्ट: ड्रंकन ड्राइव शराब पीकर गाड़ी चलाना 9 चालानों से 4500/- संयोजन शुल्क वसूला गया। गिरफ्तार व्यक्तियों का विवरण धारा 185/207 एमवी एक्टअमन पुत्र निनेन्द्र उर्फ नरेन्द्र, निवासी दरगाहपुर, मुकर्रम पुत्र मनवर अली, निवासी ग्राम नेन्दपुर सुठारी संजय पुत्र बीरम सिंह, निवासी टाण्डा मेहतोली, कोतवाली लक्सर।यह कार्रवाई दर्शाती है कि लक्सर पुलिस सड़कों पर सुरक्षा बनाए रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक नरेंद्र सिंह और बीरेंद्र नेगी के साथ कांस्टेबल अरविंद चौहान, अमित रावत, मदन वर्मा और बीरेंद्र शामिल थे पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 03 अभियुक्त को धारा 170 में किया गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें न्यायालय पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 27.10.2025 को पुलिस पार्टी ढण्डेरा क्षेत्र में मामूर थे कि कंट्रोल रूम 112 द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि दो पक्षों में ढण्डेरा में सड़क सरेआम शोर शराबा व आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं सूचना पर पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचे तो दोनों पक्ष आपस में लड़ झगड़ रहे थे जिनको पुलिस गस्त पार्टी द्वारा समझने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माने एवं और उत्तेजित होकर आपस में मरने मरने पर उतारू हो गए कोई और चारा ना देख अंतर्गत धारा 170 मैं गिरफ्तार किया गया जिन्हें न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त 1.सोहेल पुत्र रियासत निवासी ग्राम ढण्डेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2. मुजम्मिल उर्फ सोनू पुत्र यासीन निवासी ग्राम ढण्डेरा थाना कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार 3.रूद्र पुत्र स्व0 राजकुमार निवासी ग्राम ढण्डेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार है। पुलिस टीम में उ0नि0 ध्वजवीर सिह पंवार, हेड कांस्टेबल तेजेन्द्र सिह चौहान, कांस्टेबल अनिल चौहान, होमगार्ड ईश्वर सिंह आदि शामिल रहे।

# विजिलेंस टीम की छापेमारी, विद्युत चोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ऊर्जा निगम की टीम विजिलेंस टीम ने क्षेत्र के गांव में छापामारी करते हुए एक विद्युत उपभोक्ता को विद्युत चोरी करते रहेंगे हाथ पकड़ लिया इसके खिलाफ पुलिस में तहरीर देकर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अवर अभियंता शिमायला ने बताया कि देहरादून से आई विजिलेंस टीम तथा ऊर्जा निगम टीम द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र के गांव बूडपुर नूरपुर में विद्युत चोरी रोकने के लिए छापेमारी की गई ऊर्जा निगम की टीम द्वारा छापेमारी के दौरान गांव निवासी सुंदर सिंह निवासी पाल बस्ती बुडपुर नूरपुर विद्युत सर्विस लाइन पर अतिरिक्त केबल डालकर घरेलू उपयोग के लिए विद्युत चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ता के चोरी करने वाले केबल को जप्त कर लिया गया तथा पुलिस को मामले की तहरीर देकर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ऊर्जा निगम अधिकारी की ओर से मिली तहरीर के आधार पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**झबरेड़ा।** पुलिस ने न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कार्यालय के समक्ष पेश किया है। झबरेड़ा थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि न्यायलय से प्राप्त गैर जमानती वारंटी की घर पकड़ के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेश पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटी विशाल पुंडीर निवासी सायलाखुर्द थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को 1 दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।


**खोया-पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की मेरी शिक्षा राज इंटर कॉलेज रामनगर सुल्तानपूर कुन्हारी हरिद्वार उत्तराखंड 10 अक्टूबर 2004 छात्र रजिस्टर व स्थानांतरण प्रमाण-पत्र संख्या 10060 वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा। अक्षय कुमार पुत्र नौबहार नि. ग्राम-फूलगढ़, पोस्ट-सुल्तानपुर, जिला हरिद्वार।


# राज्यमंत्री देशराज ने झबरेड़ा विस क्षेत्र में शिविर लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** देशराज कर्णवाल उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति, राज्य मंत्री स्तर के नेतृत्व में ष्बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविरष् का विधानसभा झबरेड़ा, ब्लॉक नारसन के 3 गांवो में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे शोभाराम प्रजापति उपाध्यक्ष माटी कला बोर्ड राज्य मंत्री स्तर उत्तराखंड सरकार व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनीश गौड भी शिविर कार्यक्रम उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुल 55 शिकायत इस प्रकार प्राप्त हुई है-रामनगर-15 मखदूमपुर-19 सढौला माजरा-21 शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा समाज कल्याण व अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा। शिविर में तीनो गांवो के समस्त सम्मानित लोगों ने पानी की टंकी व गांव की चारो और साफ सफाई की मूल समस्या का प्रस्ताव रखा जिसको जल्द ही शासन प्रशासन को प्रेषित किया जायेगा। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों ने सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी समस्याएं संबंधित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। इनमें कई समस्या एक जैसी थी जैसे किसान सम्मान निधि, सफेद व पीला राशन कार्ड, आवास योजना, आधार कार्ड, छात्रवृत्ति, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन, पुलिया व शौचालय आदि जैसी कई समस्या सामने आयी, जिसमे से 20 समस्याओं का समाधान शिविर स्थल पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किया गया, जबकि कुछ जिला स्तर की समस्याएं थीं जिन्हें समाधान हेतु जिलाधिकारी महोदय व शासन को प्रेषित किया जाएगा।



# गन्ने के खेत में मिला 16 फुट लंबा अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर के रायपुर क्षेत्र से आगे एक किसान के गन्ने के खेत में 16 फुट लंबा विशालकाय अजगर मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अजगर को देखते ही गन्ना छील रहे किसानों और आस-पास के लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस लीवन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें किसान के गन्ने के खेत में एक बहुत बड़े अजगर के पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, तुरंत ही वन विभाग की टीम को रवाना किया गया।

रेंज अधिकारी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने जान पर खेलकर और घंटों कड़ी मशक्कत करते हुए इस करीब 16 फुट लंबे अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। टीम के इस साहसी प्रयास के बाद ही गन्ना छील रहे किसान और अन्य ग्रामीण चैन की सांस ले पाए। रेस्क्यू किए गए अजगर को बाद में वन विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित स्थान पथरी जंगल में छोड़ दिया गयास्थानीय सभासद अंकुर चौधरी (वार्ड नंबर 8) ने बताया कि गांव के किसान के खेत में अजगर होने की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई थी। उन्होंने वन विभाग की टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने बिना देर किए लगभग 16 फुट लंबे अजगर का रेस्क्यू कर लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले शाम को खानपुर में खाटू श्याम मंदिर के पास से भी वन विभाग की टीम ने एक और विशाल अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया था।लक्सर में अजगर मिलने की यह लगातार दूसरी घटना है, जो इस बात का संकेत देती है कि बरसात के बाद ये वन्यजीव रिहायशी इलाकों के करीब आ रहे हैं। इस सफल रेस्क्यू में वन विभाग की टीम में शिवकुमार गुप्ता, भोपाल सिंह, रोहित सैनी और गुरजंट सिंह शामिल रहे।



## खेत में पड़ा मिला 18 वर्षीय युवक का शव

# गर्दन रेत कर की गई हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 18 वर्षीय युवक का शव दो हिस्सों में कटा मिला है। युवक बीती शाम से लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। वहीं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही वहीं पुलिस के आला अधिकारियों ने भी घटना स्थल पर पहुँचकर जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय आशु पुत्र इसरार निवासी रामपुर ऋषिकेश में फर्नीचर का काम करता है। फिलहाल वह अपने घर आया हुआ था कल शाम संदिग्ध परिस्थितियों में युवक घर से लापता हो गया परिजन उसकी तलाश में जुटे थे आज शाम रामपुर के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पीछे खेतों में किसी ने एक युवक का शव पड़ा देखा जिसकी गर्दन रेती हुई थी सूचना परिजनों को दी गई। इसके साथ ही सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं घटना की जानकारी पाकर काफी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठे हो गए। वारदात के बाद रुड़की सीओ नरेंद्र पंत एवं एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल भी मौके पर पहुंचे और मामले में जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के साथ पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी और मामले की जांच भी शुरू कर दी है।



# इजरायल से रक्षा डील

समय की मांग के अनुसार भारत अपनी जल, थल, वायु, सुरक्षा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए गंभीर दिखाई दे रहा है और इसके लिए उसने प्रयास भी कर रखे हैं। जो रंग लाते भी दिखाई दे रहे हैं। भारतीय नोसैना का स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक 6 नवंबर 2025 को कोच्चि के नोसैना अड्डे पर कमीशन किया जाएगा, तो वहीं इंडियन एयरफोर्स ने 6 नए मिड एयर रीफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। यह कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है। बताया जा रहा है कि इस डील के लिए रूस और यूरोप की कंपनियां भी दौड़ में थी, लेकिन बाजी भारत के हाथ लगी। क्योंकि वह तकनीकी शर्तें और मैक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाई। आईएआई ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मैक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमीशन विमानों में बदलाव कर उन्हें टेंकर विमानों में बदला जाएगा। इतना ही नहीं नई डील बताती है कि बोइंग 767 विमान को मिड एयर रिफ्यूलिंग विमान में कनवर्ट किया जाना है। यह सौदा बताता है कि भारत इजरायल एक-दूसरे की जरूरत को ध्यान में रखते हुए रक्षा सौदों में आगे बढ़ रहे हैं और उनके बीच अच्छी समझ बन रही है। यह डील भी उसी का परिणाम है। यहां ध्यान देने की बात यह भी है कि भारत सरकार पिछले 15 सालों में कई बार नए टैंकर विमान खरीदने के प्रयास कर चुकी है, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से सौदा अधूरा रह जाता है। वायु सेना अपने पुराने विमानों को धीरे-धीरे हटा रही है। इंडियन आर्मी और एयरफोर्स अपने पुराने चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों को हटाकर 200 नए हेलिकॉप्टर खरीदने की तैयारी कर रही है। इनमें 120 हेलिकॉप्टर भारतीय सेना और 80 हेलिकॉप्टर वायु सेना को दिए जाएंगे। ये हेलिकॉप्टर दिन और रात दोनों समय में काम कर सकेंगे। और कई इसी तरह के रक्षा सौदे होने हैं इनमें भारतीय कंपनियों को शामिल करने की बात कही जा रही है। हेलिकॉप्टर सौदे में भी भारतीय कंपनियों को शामिल किया जाएगा जो विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी कर हेलिकॉप्टर बना सकें। मोदी सरकार पर यह आरोप बराबर लगता रहा है कि वह इजरायल के प्रति उदार रही है। यह सब इसलिए है कि वह इजरायल के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में लगी है। गाजा जैसे संवेदनशील मामले में भी वह चुप्पी साधे है। हजारों करोड़ रुपये की यह डील बताती है कि भारत के इजरायल से रिश्ते अब नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इजरायल रक्षा सौदों में हाल के वर्षों में बड़े सहयोगी देश के रूप में सामने आया है। सिंदूर ऑपरेशन के समय में भी उसकी भागेदारी की बात सामने आई थी, जो आपसी मित्रता की मजबूती को दर्शाती है।

## नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले बयान



मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराज. कता फैलाने वाले हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें भी अति-निंदनीय हैं, ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# देश के विकास को गति देने के लिए न्यायिक सुधार आवश्यक



विजय शंकर पांडेय

अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुख्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते, यह स्पष्ट है।

पिछले सप्ताह ही एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने निचले न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में वर्षों का समय लगने पर गम्भीर चिंता व्यक्त की और कहा कि जहां मामले के निस्तारण होने में सालों लग जाते हैं वहीं निर्णयों को लागू कराने के लिए दाखिल किए गए एक्सेक्यूशन प्रार्थना पत्रों में भी सालों का समय लग रहा और आठ लाख से ज्यादा इस तरह के प्रार्थना पत्र वर्षों से लोअर कोर्ट्स में लम्बित हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले की ही तरह इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यंत गम्भीर है जो स्पष्ट करता है कि हमारी न्यायिक व्यवस्था की स्थिति शोचनीय है और तत्काल आवश्यक सुधरात्मक कदम उठाए जाने बहुत जरूरी हैं। इससे पहले देश की संसद भी कई बार देश की न्यायिक व्यवस्था की लचर हालत पर चिंता व्यक्त करती रही है और स्थिति को सुधारने की मांग उठाती रही है लेकिन दुर्भाग्य से स्थिति में बदलाव लाने के लिए कोई भी ठोस कदम कभी भी सरकारों ने उठाया हो, ऐसा नहीं लगता।

हमारे देश ने वर्ष 2047 यानी स्वतंत्रता प्राप्ति के सौ वर्ष के अंदर पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त किया जा सकता है और इसको प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए ऐसा मैं अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर कह सकता हूं। लेकिन पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए कई जरूरी कदम शीघ्रातिशीघ्र उठने होंगे क्योंकि वर्ष 2047 अब ज्यादा दूर नहीं है। अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुखघ्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते, यह स्पष्ट है। स्पष्ट है कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का मूल आधार ही संविदा यानी कांट्रैक्ट कानूनों का शीघ्र और प्रभावी ढंग से अनुपालन होता है क्योंकि सभी आर्थिक गतिविधियों का प्रारम्भ और अंत संविदा से ही होता है और जब आम जन को लगता है कि देश की न्याय व्यवस्था सभी संविदाओं के न्यायपूर्ण ढंग से अनुपालन कराने में सक्षम है तो लोग निवेश करने और उद्योग धंधों, व्यापार आदि गतिविधियों को प्रारम्भ करने के लिए नि:संकोच आगे आते है। इसी तरह सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के बिना कघनून व्यवस्था को कभी भी मजबूत नहीं किया जा सकता, यह भी स्पष्ट है। न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और उसका ईमानदार और प्रभावी होना भी इस बात को सुनिश्चहित करता है कि आम लोगों और खास कर कारोबार से जुड़े लोग बिना किसी कठिनाई के अपने अपने धंधे में निश्चिंत हो कर कार्य कर सकते हैं। सामान्यत: इसी स्थिति को ईज ओफ डूइंग बिजनेस का नाम दिया जाता है और इन परिस्थितियों को स्थापित किए बिना कोई भी देश आज तक विकसित नहीं हो पाया, इतिहास इसका गवाह है। जब हम इस दृष्टि से अपने देश की स्थितियों का परीक्षण करते है तो हमें एक अत्यंत निराशाजनक स्थिति परिलक्षित होती है क्योंकि आज भी हमारा देश ईज ओफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने की अनुकूल स्थितियों के मामले में विश्वभर में बहुत ही निचली पायदान पर खड़ा हमको मिलता है। इन्हीं स्थितियों के चलते आज हमारा देश विदेशी निवेश के मामले में छोटे-छोटे देशों की तुलना में भी काफी पीछे खड़ा मिलता है। सबसे दु:खद स्थिति तो यह है कि हर साल हजारों की संख्या में करोड़पति भारतीय नागरिक देश छोड़ कर विदेश में बसने के लिए जा रहे हैं, ऐसी खबर पिछले कई वर्षों से देश के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही है। यह सोचने की बात है कि जब खुद हमारे करोड़पति देश छोड़ रहे तो कोई विदेशी क्यों यहां निवेश करने को सोंचेगा। यह प्रश्न निश्चित रूप से देश की सरकारों के लिए एक गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए और स्थिति को सुधारने के लिए आज तत्परता से कदम उठाया जाना आज की महती आवश्यकता है, लेकिन दु:ख की बात तो यह है कि ऐसा होता हुआ बिल्कुल भी नहीं दिख रहा। आखिर न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करने में क्या कठिनाई है इस पर कोई भी गम्भीर चर्चा देश में आज भी नहीं हो रही है, यह साफ है। इस विषय पर पूर्व में भी जब भी विश्लेषण किया गया तो सबसे पहले न्यायालयों की कमी का ही रोना रोया जाता रहा है। इस में कोई विवाद नहीं कि देश में प्रति दस हजार की जनसंख्या पर केवल दो न्यायिक अधिकारी नियुक्त हैं जबकि विकसित देशों में यह संख्या 6-10 प्रति दस हजार जनसंख्या के बीच में है, जिसमें सुधार लाया जाना अति आवश्यक है और बिना किसी विलम्ब के देश में न्यायालयों की संख्या में कम से कम तीन गुनी की बढ़ोतरी की जानी चाहिए और इसके लिए आवश्यक अवस्थापन सुविधाओं को स्थापित किया जाना चाहिए। इसी के साथ यह भी तो देखा जाना चाहिए की आज स्थापित न्यायालय भी मानकों के अनुसार कार्य कर रहे या नहीं और भारतीय न्यायालयों में तारीख पर तारीख दिए जाने का जो चलन चल पड़ा है उसके लिए कौन जिम्मेदार है। अपने सेवा काल के दौरान न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पीठासीन अधिकारी के रूप में भाग लेने एवं उनके पर्यवेक्षण करने के दौरान मैंने पाया कि वर्तमान स्थितियों में भी न्यायालयों की कार्यप्रणाली में कुछ कदम उठा कर बहुत बड़ा सुधार लाया जा सकता। सबसे पहले पूर्णत: झूठे तथ्यों पर आधारित मुकदमे दाखिल करने पर गम्भीर दंड जैसे कम से कम पांच साल की सजा का प्रावधान किया जाना इस सुधार की प्रक्रिया की शुरुआत हो क्योंकि आज हमारी अदालतें नीचे से ऊपर तक, फर्जी मुकदमों के बोझ तले दबी हैं और यह भार रोज बढ़ता जा रहा है। कारण यह है कि झूट बोलने और गलत शपथ पत्र देने के लिए कभी भी कोई दण्डित नहीं होता इसलिए झूंठे मुकघ्दमे दाखिल करके दूसरे पक्ष को वर्षों तक परेशान करने की प्रथा ने हमारी न्याय व्यवस्था को एक प्रकार से पंगु कर रखा है। विश्व के सभी विकसित देशों में गलत बयानी करना एक गम्भीर अपराध है लेकिन हमारे देश में तो लगता है कि जैसे झूंठ बोलना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार हो। इसी के साथ पक्षों को नोटिस जारी करने की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव लाकर एक साथ नोटिस, रेजिस्टर्ड डाक, मेसिज, वत्सप्प, मोबाइल फोन पर सूचना और अखघ्बारों में नोटिस मुद्रण की प्रक्रिया निर्धारित की जाए ताकि नोटिस के स्तर पर होने वाले विलम्ब को समाप्त करके शून्य किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चहित किया जाना होगा कि न्यायाधीशों को केवल न्यायिक कार्य करने के अलावा न्यायालयों के प्रबंधन आदि से पूर्णत: मुक्त किया जाए और न्यायालयों के प्रबंधन के लिए एक पूर्णत: प्रशिक्षित मैनज्मेंट काडर हो जो मुकदमों के पंजीकरण, तिथि निर्धारण, सामान्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चहित करने का काम करे जैसा कि यूरोप देशों में व्यवस्था है। हमारे देश में अन्य देशों की भांति ही वर्तमान में लागू कघनूनी व्यवस्था के तहत मुकघ्दमे की पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही निर्णय दिया जा सकता है, उससे इतर नहीं,इस लिए पक्षों पर बाध्यता हो कि वह मामले से सम्बंधित सभी साक्ष्य मामले में वाद पत्र दायर करने के साथ ही न्यायालय में दाखिल करें और इसी प्रकार प्रतिवादी भी अपने उत्तर के साथ सभी साक्ष्य आदि एक साथ दाखिल करे और इसके लिए कोई भी अतिरिक्त समय ना दिया जाए। अधिकांशत: अतिरिक्त साक्ष्य देने के अवसर के नाम पर तारीखघ पर तारीखघ लगती रहती है। इसी प्रकार न्यायालयों में बहस करने के नाम पर मामलों को वर्षों तक खींचा जाता है जिसको समाप्त करने के लिए प्रत्येक मामले में मौखिक बहस के लिए एक तिथि और एक सीमित समय निर्धारित किए जाने की व्यवस्था की जानी होगी जैसा कि सभी विकसित देशों में है जहां मुकदमे में दूसरी तारीख यानी अजर्न्मेंट की व्यवस्था लगभग शून्य है।

(लेखक रिटायर आईएएस हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की आर्थिक यात्रा: गुलामी का साया!



वाहिद नसीम

पूरा विश्व इस समय नए वैश्विक गठजोड़ में अपनी यात्रा का मार्ग तय करने में जुटा हुआ हैं, हर राष्ट्र अपनी किस्मत की सड़क पर चलता बढ़ता चला जा रहा है, वहीं भारत आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां चारों दिशाएं गहन विचार करने पर विवश करती हैं। जैसे कोई यात्री उकसाया हुआ पहाड़ की चोटी पर चढ़ जाए और फिर नीचे झांक कर देखे कि आगे का रास्ता नीचे की ओर ही जाएगा और बादलों से ढकी चोटियां ऊपर से सूरज की रौशनी मचमक और नीचे चारों ओर अंधेरा, वैसे ही हमारी अर्थव्यवस्था के सामने प्रश्न खड़े हैं। क्या हम स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहे हैं या अनजाने में नई जंजीरों में बंध रहे हैं?

पिछले ग्यारह वर्षों (2014 से 2025 तक) की कूटनीति ने हमें यहां पहुंचाया है। एक ऐसा मोड़ जहां पश्चिमी शक्तियों से व्यापार सरप्लस हमें मजबूत बनाता है, लेकिन एशियाई और यूरेशियन देशों के साथ बढ़ता घाटा हमें कमजोर कर सकता है। विचार करें, भारत का व्यापार सरप्लस मुख्यत: अमेरिका और यूरोपीय संघ से आता है। 2024-25 में अमेरिका के साथ कुल व्यापार 132 अरब डॉलर का रहा, जिसमें हमारे निर्यात 86 अरब डॉलर थे। एक सकारात्मक संतुलन। यूरोप के साथ भी यही कहानी है, लेकिन अगर हम इनसे व्यापार बंद कर दें? तब एशिया और यूरेशिया की ओर देखें, जहां हम घाटे में हैं। चीन के साथ 99 अरब डॉलर का घाटा, रूस से 67 अरब डॉलर के आयात (मुख्यत: तेल), संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 100 अरब डॉलर का व्यापार (तेल और अन्य वस्तुओं से घाटा), सऊदी अरब से 42 अरब डॉलर, ये आंकड़े बताते हैं कि हम इन देशों से तेल, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे और मशीनरी मंगाते हैं, लेकिन बदले में निर्यात करने लायक कुछ खास नहीं। क्या हमारे पास ऐसी कोई वस्तु है जो इन घाटों को पाट सके? अभी दूर तक नजर नहीं आती। जैसे कोई नदी का पानी समुद्र में बहता जाता है, वैसे ही हमारा धन इन देशों की जेब में जाता है।

**अब रुपये में कारोबार की बात**

विशेष रूपी वोस्त्रो अकाउंट्स SRVA के माध्यम से रूस, चीन, सऊदी और यूएई जैसे देश हमारे सरप्लस रूपए को भारत में ही निवेश करते हैं, सरकारी बॉन्ड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और निजी कंपनियों में। 2023-25 में कुल FDI 177 अरब डॉलर से अधिक आई, जिसमें UAE से 7 अरब डॉलर (अदानी ग्रुप और रिलायंस में), सऊदी से 1.5 अरब डॉलर (रिलायंस जामनगर रिफाइनरी में), रूस से 0.05 अरब डॉलर (ONGC और TCS में) और चीन से 0.8 अरब डॉलर (Vivo और Xiaomi जैसी कंपनियों में) A SRVA से इन निवेशों का 10-60 प्रतिशत हिस्सा सेटल होता है, जैसे रूस में 50-60 प्रतिशत, UAE में 30-40 प्रतिशत। यह हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। भारत सरकार को यह रुपये सीधे देने नहीं पड़ते वोस्त्रो अकॉउंट में डाले जाते हैं, लेकिन मेरी महीन दृष्टि से सोचें-क्या यह साझेदारी है या धीमी गुलामी? एक दिन तो आएगा जब यह सभी देश मुनाफा निकालना चाहेंगे। तब क्या वे अपनी हिस्सेदारी यूरोपीय निवेशकों को बेचेंगे या पुराने विदेशी बैंकिंग माफिया को बेचेंगे या फिर भारत से सोना खरीदकर ले जाएंगे? यह बिना प्लानिंग की कुछ ऐसी बेखुदी लगती है, जैसे कोई मेहमान घर में रहकर कुछ पैसे रोज घर में खर्च को देता जाए और फिर एक दिन पूरा हिसाब मांगले और लौटने की क्षमता न होने के कारण घर का मालिक बन जाए, वैसे ही क्या हमारी अर्थव्यवस्था की कमान इनके हाथों में नहीं चली जाएगी? चिंतन गहरा होता है जब हम देखते हैं कि तेल और पुर्जे मंगाकर हम रुपये देते हैं, जो भारत में ही सेटल होते हैं। हिस्सेदारी के रूप में। यह देश सरप्लस कमा रहे हैं, हम घाटे में। गुजरते समय के साथ, क्या भारत इनकी आर्थिक गुलामी में नहीं फंस जाएगा? जैसे पुराने जमाने में ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के नाम पर देश को खरीद लिया था, वैसे ही क्या हमारी नीतियां बड़े व्यापारियों (जैसे रिलायंस और अदानी) को सफल बनाने के चक्कर में कुटीर उद्योगों को कुचल नहीं रही हैं? कुटीर उद्योग-छोटे कारोबारी, किसान, कारीगर.यदि पनपते नहीं, तो अर्थव्यवस्था कंपनियों के हाथों बिक जाएगी। स्मरण रहे संतुलन ही जीवन है। अगर बड़े को बढ़ावा देकर छोटे को भूल गए, तो असंतुलन आएगा। गरीबी, बेरोजगारी और विदेशी निर्भरता। इस स्थिति से बचने के लिए क्या पश्चिमी ताकतों के साथ मिलकर काम करना मजबूरी नहीं बन चुका है? पश्चिमी अर्थव्यवस्थाएं-अमेरिका और यूरोप हमें सरप्लस देती हैं, लेकिन क्या यह टेम्परेरी राहत मात्र है? वे हमें सेवाओं, तकनीक और निवेश देते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याएं हैं। मुद्रास्फीति, कर्ज। फिर भी, संतु. लित कूटनीति में इन्हें शामिल करना जरूरी लगता है। सभी संगठनों में हिस्सेदारी के बावजूद, ना हम उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सके,और ना ही रक्षा के क्षेत्र में। चारों तरफ गंभीरता से विचार करें तो भारत सिर्फ एक कंज्यूमर बाजार यानी उपभोक्ता मात्र नजर आता है, जिसका दोहन करने के लिए हर कोई झपटना चाहता है। चुनाव हमारे हाथ में है। अगर हम कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दें, स्वदेशी तकनीक विकसित करें और कूटनीति में संतुलन रखें, तो चौराहे की खाई से बच सकते हैं। अन्यथा, नई ईस्ट इंडिया कंपनियां चाहे एशियाई हों या पश्चिमी हमें गुलाम बना लेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक, सामाजिक विषयों के विश्लेषक है, ये उनके निजी विचार हैं)

# जामिया मिल्लिया: विचार की चिंगारी से प्रगति की लो तक





माहे आलम

जब हम जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नाम उच्चारित करते हैं, तो यह केवल एक विश्वविद्यालय या शिक्षण-संस्थान का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह नाम एक सम्पूर्ण विचार-जगत को उद्घाटित करता है। यह एक ऐसे स्वप्न का प्रतीक है जिसमें भारत की आत्मा अपने सबसे पवित्र स्वरूप में प्रकट होती है। स्वतंत्रता, मानवता, समरसता और नैतिकता के रूप में। जामिया का अर्थ केवल ईंट और पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि उस जीवंत चेतना से है जिसने भारतीय समाज को यह विश्वास दिलाया कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा के उत्कर्ष का पथ है। यह विश्वविद्यालय एक ऐसी परंपरा का प्रतीक बन चुका है जिसमें ज्ञान, कर्म, संस्कृति और सेवा एकाकार हो जाते हैं। बीसवीं शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय इतिहास का उथल-पुथल भरा काल था। एक ओर विदेशी शासन की कठोरता थी, दूसरी ओर स्वाधीनता की ज्वाला प्रज्ज्वलित हो रही। ब्रिटिश शासन द्वारा थौंपी गई शिक्षा-प्रणाली भारतीय मस्तिष्क को अनुशासित दास में परिवर्तित कर रही थी। महात्मा गांधी ने इसे 'गुलामी का उपकरण' कहा था और देशवासियों से आह्वान किया था कि वे ऐसी शिक्षा का त्याग करें जो आत्मा को पराधीन बनाती है। इन्हीं विचारों के आलोक में कुछ साहसी शिक्षकों और छात्रों ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्व. विद्यालय से अलग होकर 29 अक्टूबर 1920 को 'जामिया मिल्लिया इस्लामिया' की स्थापना की। इस स्थापना के साथ ही भारतीय शिक्षा को एक नवीन दिशा मिली। ऐसी दिशा जो आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति से संपृक्त थी। यह केवल एक संस्था की उत्पत्ति नहीं थी, बल्कि भारतीय आत्मा की पुन:स्थापना का आरम्भ था। जामिया की स्थापना के तत्काल बाद आर्थिक संकटों ने इस नवजात संस्था की परीक्षा ली, लेकिन संस्थापकों ने इसे केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य समझा। मौलाना मुहम्मद अली जौहर, हकीम अजमल खघान और डॉ। मुख्तार अहमद अंसारी जैसे महान नेताओं ने त्याग और तपस्या से इसे जीवित रखा। सरोजिनी नायडू ने कहा था कि जामिया की प्रत्येक ईंट में बलिदान की गंध है। यह वाक्य केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस युग की आत्मा का साक्ष्य है जिसमें लोग व्यक्तिगत सुख त्यागकर राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का सपना साकार कर रहे थे। 1926 में जब डॉ. जाकिर हुसैन ने कुलपति का दायित्व संभाला, तब जामिया संकटग्रस्त थी। वित्तीय, संस्थागत और बौद्धिक दृष्टि से। डॉ. हुसैन ने इसे मात्र एक विश्व. विद्यालय नहीं, बल्कि अपने जीवन का तपस्थल माना। उनका शिक्षा-दर्शन गांधीजी की 'नई तालीम' से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि-विकास नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण और सामा. जिक चेतना का प्रस्फुटन है। उनके अनुसार, शिक्षा वही है जो व्यक्ति को समाज की सेवा के योग्य बनाए। जामिया में उन्होंने श्रम को प्रतिष्ठा दी। विद्यार्थियों को हस्तकला, कृषि और सेवा-कार्य में सम्मिलित किया ताकि शिक्षा केवल वाक्पटुता या ज्ञान-संग्रह न रह जाए, बल्कि जीवन के प्रत्एक कर्म में उतर आए। यह विचार कि शिक्षा व्यक्ति को उपयोगी नागरिक के साथ-साथ संवेदनशील मनुष्य बनाती है, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। जााकिर हुसैन का यह दृष्टिकोण उस समय के लिए अत्यन्त प्रगतिशील था जब शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार प्राप्त करना माना जाता था। उन्होंने स्पष्ट कहा था शिक्षा वह शस्त्र है जो राष्ट्र के नैतिक पुनरुत्थान का माध्यम बन सकती है। आज जब शिक्षा एक व्यावसायिक उपक्रम में रूपांतरित हो रही है, तब यह स्मरण कराना आवश्यक है कि जामिया का उद्देश्य कभी आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक उन्नति रहा है। जामिया का सांस्कृतिक स्वरूप उसकी सबसे अद्वितीय पहचान है। यह वह स्थल रहा जहां भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति अपने सबसे स्वाभाविक रूप में जीवित रही। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करते रहे। उर्दू की मिठास और हिन्दी की सहजता ने मिलकर एक ऐसा वातावरण रचा जिसमें संवाद विभाजन पर विजई रहा। इस परिसर में विविधता केवल सह-अस्तित्व नहीं, बल्कि सौहार्द का सक्रिय प्रयोग रही। इसी कारण जर्मनी से आई एक यहूदी शिक्षिका गेर्डा फिलिप्सबोर्न, जिन्हें 'आपा जान' कहा जाता था, ने नाजी अत्याचार से बचकर इस संस्थान को अपना आश्रय बनाया। यह घटना दर्शाती है कि जामिया का विचार सीमाओं से परे है। यह वह भूमि है जहां मानवता धर्म और जाति से ऊपर प्रतिष्ठित होती है। वर्तमान समय में जब समाज धार्मिक और वैचारिक ध्रुवीकरण की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तब जामिया की यह परंपरा और भी आवश्यक प्रतीत होती है। यह हमें सिखाती है कि सच्चा राष्ट्रवाद विभाजन में नहीं, एकता में निहित है। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को संकीर्ण पहचान से मुक्त कर वैश्विक मानवता से जोड़ना है। जामिया ने अपने आचरण से सिद्ध किया कि शिक्षा वही है जो संवाद को जन्म दे, और विचारों के टकराव को सहिष्णुता में रूपांतरित करे। पिछले कुछ वर्षों में जामिया का परिसर अनेक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों का केंद्र बना। छात्रों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा में आवाज उठाई, और अपने विचारों को शांतिपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। दुर्भाग्यवश, कभी-कभी इन आंदोलनों को गलत अर्थों में प्रस्तुत किया गया, परन्तु यह समझना आवश्यक है कि असहमति लोकतंत्र का हृदय है। विश्वविद्यालय वही होता है जहां

(लेखक उप निदेशक (माय भारत), युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्र, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए विख्याात हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र शांति सेना ने इजरायली ड्रोन मार गिराया

**बेरूत।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने एक इजरायली ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने कहा कि ड्रोन 'नियमित खुफिया जानकारी इकट्ठा करने की गतिविधि' कर रहा था। प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पास में तैनात यूनिफिल बलों ने जानबूझकर ड्रोन पर गोलीबारी की और उसे गिरा दिया। ड्रोन की गतिविधि से यूनिफिल बलों को कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कहा कि बाद में इजरायली बलों ने उस क्षेत्र की ओर एक ग्रेनेड गिराया जहां ड्रोन गिरा था।

### ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी अमेरिका में गिरफ्तार

**लंदन।** इजरायल के मुखर आलोचक ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने गिरफ्तार कर लिया है। गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की प्रवक्ता ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने रविवार को एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका में एक भाषण दौरे पर गए हम्दी को हिरासत में ले लिया गया और उनका वीजा रद्द कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि हम्दी देश से निकाले जाने तक आईसीई की हिरासत में रहेंगे।

### बंगलादेश में डेंगू के 983 नए मामले, छह और मरीजों की मौतें

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 983 नए मामले सामने आए और छह और लोगों की मौत हुई है। देश भर के विभिन्न अस्पतालों में लगभग 2,800 डेंगू के मरीज इलाज करा रहे हैं। इस साल अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या 66423 और मृतकों की संख्या 269 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य सेवा महा. निदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी है।

### ऑस्ट्रेलिया में खदान विस्फोट में दो लोगों की मौत, एक घायल

**सिडनी।** दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार तड़के एक भूमिगत खदान में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक बयान में कहा कि ब्रोकन हिल से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में कोबार स्थित एंडेवर माइन रोड स्थित खदान में विस्फोट की घटना में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। दो महिलाओं को खदान से बाहर लाया गया। हालांकि उनमें से एक की तब तक मृत्यु हो चुकी थी।



नई दिल्ली। एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट के बाद राष्ट्रपति भवन में धूंध की एक परत छा गई।

## तुर्की के पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्तांबुल।** तुर्की के पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में सोमवार देर रात 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे चारो ओर दहशत फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्की के आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी), जो आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन के लिए जम्मिदार राष्ट्रीय एजेंसी है ने 'एक्स' पर बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 10:48 बजे सिदिरगी जलि में आया। एनटीवी द्वारा प्रसारित फुटेज में भूकंप के झटके महसूस होने पर निवासी सड़कों पर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# फलस्तीन में सैनिक भेजेगा पाकिस्तान!

## इस्लामाबाद मिशन में भाग लेना चाहता है, सरकार व सेना के बीच चर्चा प्रगति के अंतरिम चरण में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द यह घोषणा कर सकता है कि वह गाजा के लिए बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) में अपने सैनिक भेजेगा या नहीं। अधिकारियों ने संकेत दिया कि सरकार इस मिशन में हिस्सा लेने के पक्ष में है। अधिक. ारियों ने इस मामले की संवेदनशीलता के कारण अपने नामों को सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन कहा कि सरकार सेना के बीच इस मुद्दे पर चर्चा प्रगति के अंतिम चरण में है।

उनकी बातों से लगता है कि इस्लामाबाद इस मिशन में भाग लेना चाहता है। अमेरिका की मध्यस्थता में किए गए गाजा शांति समझौते में एक मुख्य बिंदु आईएसएफ की स्थापना भी है। आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी। इस बल का काम आंत. रिक सुरक्षा बनाए रखना, हमास को निरस्त्र करना, सीमा शुल्क पर नियंत्रण करना और फलस्तीनी प्रशासन के तहत मानवीय राहत व पुनर्निर्माण में मदद करना होगा। ट्रम्प प्रशासन ने



■ आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी

गाजा में अमेरिकी सैनिक भेजने से इनकार किया। हालांकि, वह इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र, कतर, तुर्की और अजरबैजान से इस बहुराष्ट्रीय बल में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहा है। हालांकि, सोमवार को इजरायलके विदेश मंत्री गिदोन सार ने तुर्की के इस बल में शामिल होने का विरोध किया, क्योंकि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन का इजरायलके प्रति 'शत्रुतापूर्ण' रुख है। इजरायलके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश तय करेगा कि कौन-कौन सी विदेशी सेनाएं गाजा में आ सकती हैं और उन्होंने तुर्की के सुरक्षा बलों की किसी भी भूमिका का कड़ा विरोध किया। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायलके संसद के विदेश मामलों और रक्षा समितियों के सदस्यों को पिछले हफ्ते एक बंद बैठक में बताया गया कि आईएसएफ में इंडोनेशिया, अजरबैजान और पाकिस्तान के सैनिक होंगे। यह खबर ऐसे समय आई है जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर मिस्र और जोर्डन का दौरा कर रहे हैं, जो गाजा में शांति के लिए प्रयासों में शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि उनके दौरे का मकसद रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 20-बिंदु की गाजा शांति योजना के कमजोर क्रियान्वयन पर चर्चा उनकी बातचीत का मुख्य विषय है।

# पाक ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल का ऑफर दिया

## 20 साल बाद आर्थिक मुद्दों पर बातचीत, भारत ने बांग्लादेश की ट्रांजिट सुविधा रोकी थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को अपने कराची पोर्ट का इस्तेमाल करने की पेशकश की है। यह प्रस्ताव दोनों देशों के बीच सोमवार को ढाका में हुई पाकिस्तान-बांग्लादेश जाइंट इकोनामिक कमीशन (जेईसी) की 9वीं बैठक में रखा गया। यह बैठक करीब 20 साल बाद हुई थी। पाकिस्तान का कहना है कि कराची पोर्ट का इस्तेमाल बांग्लादेश को चीन, खाड़ी देशों और सेंट्रल एशिया के बाजारों तक आसान पहुंच दिला सकता है।

भारत सरकार ने 8 अप्रैल, 2025 को एक सर्कुलर जारी करके बांग्लादेश को तीसरे देश-निर्यात के लिए भारत की जमीन से सामान गुजारने (ट्रांस-शिपमेंट) की सुविधा खत्म कर दी थी। इस फैसले के तहत, बांग्लादेशी माल अब भारत के लैंड कस्टम स्टेशनों (एलसीएस) से होकर, भारत के किसी बंदरगाह या एयरपोर्ट से तीसरे देश नहीं जा सकता था। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने सीधी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी बढ़ाने, लाजिस्टिक सहयोग, और हलाल उत्पादों के मानकीकरण जैसे मुद्दों पर भी सहमति जताई। बैठक में पाकिस्तान ने बांग्लादेश से जूट इंपोर्ट करने में इंट्रेस्ट दिखाया है। फिलहाल भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा जूट खरीदार है। भारत ने 2023 में करीब 95 मिलियन डालर का जूट आयात किया था। हालांकि भारत ने अगस्त में बांग्लादेशी जूट उत्पादों के बंद. रगाहों से आने पर पाबंदी लगा दी थी। भारत ने कहा था कि बांग्लादेश की सब्सिडी से भारतीय उद्योग को नुकसान हो रहा है। इसके बाद जुलाई 2025 में बांग्लादेश के जूट निर्यात की कमाई घटकर 12.9 मिलियन डालर से सिर्फ 3.4 मिलियन डालर रह गई। इसके जवाब में बांग्लादेश ने भारत से धागा (यार्न) इंपोर्ट बंद कर दिया और कई लैंड पोर्ट जैसे बेनापोल, भोमरा, सोनामसजिद, बंगलबंधा, बुरीमारी से इंपोर्ट रोक दिया। बैठक में पाकिस्तान ने प्रस्ताव रखा कि बांग्लादेश अपने जूट उत्पादों के निर्यात के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने बांग्लादेशी कारोबा. रियों के लिए 500 स्कालरशिप और तकनीकी प्रशिक्षण सीटें बढ़ाने की भी घोषणा की है। दोनों देशों ने इन प्रस्तावों पर आगे काम करने के लिए एक जाइंट वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला लिया है। कई एक्सपर्ट्स इस प्रस्ताव को दक्षिण एशिया में बदलते क्षेत्रीय समीकरणों से जोड़कर देख रहे हैं। भारत-बांग्लादेश के बीच हाल के महीनों में कुछ व्यापारिक मतभेद सामने आए हैं। ऐसे में पाकिस्तान का यह कदम अपने लिए एक नया आर्थिक और कूटनीतिक अवसर बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।



## इजरायल का समर्थन करने पर हुई पाकिस्तानी पत्रकार की बेरहमी से हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कट्टरपंथ की चपेट में इस कदर आ चुका है कि वहां अब जनभावना के विपरीत बात करना भी जानलेवा हो गया है। पाकिस्तान में एक पत्रकार को इजरायलके समर्थन में बात करने के लिए ही जान से हाथ धोना पड़ गया। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के गृह मंत्री ने खुलासा करते हुए बताया कि, बीते हफ्ते कराची में हुई एक पत्रकार की हत्या एक चरमपंथी

■ कट्टरपंथियों ने गोलियों से भूना

इस्लामी ग्रुप के सदस्यों ने कर थी, क्योंकि उसने अपने टेलीविजन चौनल पर इजरायलके समर्थन में टिप्पणी कर दी थी। सिंध प्रांत के गृह मंत्री जियाउल हसन ने दावा किया कि पत्रकार और एंकर इम्तियाज मीर की हत्या के आरोप में चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

## बोलीविया: बस पहाड़ी सड़क से नीचे गिरी 16 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया के केंद्रीय कोचाबम्बा विभाग में सोमवार को एक अंतर-प्रांतीय बस के एक खड़ी पहाड़ी सड़क से 600 मीटर से जयादा नीचे गिर जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय पुलिस कमांडर रोजर कोस्टास ने पुष्टि की कि 23 वर्षीय चालक सहित घायलों को क्विलाकोलो के अस्पतालों में ले जाया गया है। बोलीविया के राष्ट्रीय यातायात प्रमुख उमर जेगाडा के अनुसार, यह वाहन उस मार्ग पर एक तीखे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जो अपनी संकरी सड़कों और कम दृश्यता के लिए जाना जाता है।

## ऊर्जा व्यापार लगातार सिकुड़ रहा

■ ट्रम्प के टैरिफ के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने जताई चिंता

**कुआलालंपुर।** भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रूखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। बीते हफ्ते ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत को ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विद. ेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है।

## शहबाज चापलूसी के ओलंपिक में अव्वल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफों ने देश के अंदर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि शरीफ अब भी ट्रम्प की चापलूसी के ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने की दौड़ में सबसे आगे हैं। दरअसल, हाल ही में शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स 'एक्स' पर एक पोस्ट में ट्रम्प की जमकर



■ ट्रम्प की तारीफ पर पाकिस्तान के पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसा

तारीफ की थी। उन्होंने लिखा मेरा गहरा आभार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रति, जिन्होंने केएल समझौते, गाजा शांति योजना और मध्य पूर्व तथा दक्षिण एशिया में शांति के लिए असाधारण भूमिका निभाई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हुसैन हक्कानी ने लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अब भी उस खेल में स्वर्ण पदक की दौड़ में आगे हैं, जिसे फरीद जकारिया ने ट्रम्प की चापलूसी का ओलंपिक खेल बताया था। हक्कानी की यह पोस्ट कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी रीपोस्ट की और उनकी बात का समर्थन जताया।

## बंधक के शव को लेकर हमास की 'धोखेबाजी' पर नेतन्याहू सख्त

**तेल अवीव।** अमेरिका की मध्यस्थता के बाद इजरायलऔर गाजा में फलस्तीनी संगठन हमास के बीच शांति समझौते का पहला चरण जारी है। ऐसे में हमास ने सोमवार (27 अक्टूबर) को एक बंधक का शव इजरायलको सौंपा।

लेकिन अब बंधक के शव को लेकर इजरायल प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने हमास पर बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार (28 अक्तूबर ) को कहा कि हमास की ओर से रात में लौटाए गए एक बंधक के अवशेष लगभग दो साल पहले गाजा में इजरायलसैनिकों द्वारा बरामद किए गए एक बंधक के शरीर के अंग हैं। सोमवार को गाजा



■ बताया शांति समझौते का स्पष्ट उल्लंघन

में युद्धविराम के बीच हमास ने एक बंधक का शव इजरायलको सौंपा था। इजरायल प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यकाल के अनुसार सेना को एक ताबूत प्राप्त हुआ, जिसमें 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान अगवा किए गए 28 में से 16वें बंधक का शव था।

## पूर्व ब्राजील राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने सजा के खिलाफ की अपील

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने सोमवार को सुप्रीम फेडरल कोर्ट में अपील दायर की। जिसमें 2023 में एक असफल तख्तापलट के प्रयास में उनकी भूमिका के लिए उन्हें मिली 27 साल और 3 महीने की जेल की सजा की समीक्षा और उसे कम करने का अनुरोध किया गया। बोल्सोनारो की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि मुकदमे में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है, जिसमें उचित बचाव का अभाव और एक त्रुटिपूर्ण और विरोधाभासी दलील सौदेबाजी गवाही पर भरोसा शामिल है। उन्होंने आरोपों को लागू करने के तरीके में कानूनी त्रुटियों का भी हवाला दिया।

## भारत-अमेरिका की नौसेनाओं ने किया संयुक्त युद्ध अभ्यास

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं।

डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया। रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि कमांडर टास्क फोर्स 72 (सीटीएफ) के

### मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता

मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्तूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया।

## ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट करेगा जापान

**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान की नई प्रधानमंत्री साने तकाइची से टोक्यो के अकासाका पैलेस मुलाकात की। इस दौरान ट्रम्प ने जापान को अमेरिका का सबसे मजबूत सहयोगी बताया। साथ ही जापान की हर संभव मदद का ऐलान किया। तकाइची हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। दोनों के बीच बैठक में ट्रेड और सिक्योरिटी के मुद्दे पर बात हुई। तकाइची ने घोषणा की कि जापान, अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर अगले साल 250 चेरी के पेड़ भेंट करेगा। साथ ही ट्रम्प को अगले साल नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट भी करेगा। ट्रम्प सोमवार को जापान पहुंचे थे, जहां उन्होंने सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। ट्रम्प आज दोपहर तकाइची के साथ योकोसुका नौसैनिक अड्डे का दौरा करेंगे। यहां अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस जार्ज वाशिंगटन तैनात है।

# ईरान में बंधक बनाए गए 4 गुजराती भारत लौटे

## 6 अभी भी फंसे, डंकी रूट से ऑस्ट्रेलिया जाते समय तेहरान में हुआ था अपहरण

**गांधीनगर।** ईरान में बंधक बनाए गए गुजरातियों के बारे में एक नया खुलासा हुआ है। चार नहीं, बल्कि कुल 13 लोग इलीगल तरीके से आस्ट्रेलिया और यूरोप में घुसपैठ करने के लिए निकले थे। जिन्हें फिरौती के लिए ईरान के तेहरान में बंधक बना लिया गया था। इनमें से तीन पहले ही गुजरात लौट आए थे, जबकि चार की आज सोमवार सुबह वतन वापसी हो गई। हालांकि, अभी भी 6 लोग वहां फंसे हुए हैं।

13 गुजरातियों को बैंकाक ले जाया गया था हरियाणा के दो एजेंट्स 16 अक्टूबर को 13 गुजरातियों को लेकर आस्ट्रेलिया और यूरोप के लिए रवाना हुए थे। सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी145 से बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। इनमें से 4 को तेहरान के मरकजी


■ सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी145 से बैंकाक पहुंचे थे

ईरान नाम की होटल में बंधक बनाया गया था। बाकी लोगों को अलग-अलग होटलों में रखा गया था। एक शख्स ने इन चारों के परिवार को फोन करके 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। परिवार को एक वीडियो भेजा गया था, जिसमें अपहृत लोगों को न्यूड कर के जमीन पर औंधे मुंह लिटाकर पीटा जा रहा था। अपहृत लोगों में एक महिला और तीन युवक शामिल थे, जिनमें से तीन गांधीनगर जिले के मानसा तालुका के बापूपुरा और एक बड़पुरा का रहने वाला है। विधायक जेएस पटेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई थी। 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे गांव के करीबी सूत्रों ने बताया कि गांव के ही एक एजेंट ने पिछले दिनों दो-तीन यात्रियों को डंकी रूट से अमेरिका भेजा था। यह एजेंट आस्ट्रेलिया में घुसपैठ कराने के लिए भी काम कर रहा था। यह बात मालूम होते ही बापूपुरा और एक बड़पुरा गांव के एक दंपत्ति समेत चार लोगों ने आस्ट्रेलिया जाने के लिए इसी एजेंट के संपर्क में आए थे। इन चारों के साथ गुजरात के अलग-अलग शहरों के 9 और लोग भी शामिल थे। प्लान के मुता. बिक, सभी 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे। सभी पहले बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। जहां सभी लोगों को बंधक बना लिया गया था। गौरतलब है कि इससे पहले भी डंकी रूट से विदेश जाने वालों की किडनैपिंग और फिरौती की मांग के मामले सामने आए है।

## जमैका से टकराएगा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान मेलिसा

**किंग्सटन/वाशिंगटन।** हरिकेन मेलिसा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान बन गया है। यह कैरेबियाई देश जमैका की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले यह हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन में तबाही मचा चुका है। मेलिसा से जमैका में 3, हैती में 3 और डोमिनिकन रिपब्लिक में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है।

अमेरिकी मौसम वैज्ञानिकों ने चेता. वनी दी है कि यह तूफान विनाशकारी और जानलेवा साबित हो सकता है। मेलिसा की रफ्तार 175 मील प्रति घंटा यानी लगभग 282 किमी/घंटा तक पहुंच गई है। इससे यह कैटेगरी-5 हरिकेन बन गया है। यह तूफानों की सबसे खतरनाक श्रेणी है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान मंगलवार शाम (भारतीय समय के मुताबिक) जमैका के तट से टकरा सकता है। क्यूबा में 6 लाख और जमैका में



■ हवा की रफ्तार 282 kmph छह लाख से ज्यादा लोग ऊंची जगहों पर भेजे गए

28000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। अमेरिकी वायुसेना रिजर्व के 403वें विंग के 'हरिक. ेन हंटर्स' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तूफान मेलिसा का बिल्कुल बीच का हिस्सा दिख रहा है। यह वीडियो उस समय शूट किया गया था, जब तूफान रविवार को जमैका की ओर बढ़ रहा था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108